✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✶ पटना संस्करण

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 36 ✶ अंक : 229 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, गुरुवार, 15 जनवरी 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com





बिहार लोक भवन में आयोजित मकर संक्रांति उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती विधायक व लोकगायिका मैथिली ठाकुर

## प्रधानमंत्री मोदी का लेख पृष्ठ छह पर

सोमनाथ की पवित्र भूमि पर आयोजित स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने के बाद वापस दिल्ली लौटने पर प्रधानमंत्री ने वहां मिली अनुभव को साझा किया है। उन्होंने वहां देश-विदेश से आये लोगों से हुई बातचीत पर आधारित लेख लिखी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिखे लेख को पृष्ठ 6 पर पढ़ा जा सकता है।

# बिहार के सभी जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की संवरेगी सूरत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अगले पांच साल में राज्य के सभी जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की सूरत संवर जाएगी। यहां गंभीर बीमारियों के विशेषज्ञों के साथ इलाज की कई अत्याधुनिक सुविधाओं को लागू कर दिया जाएगा। इससे शहर से लेकर गांव तक गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को सही इलाज के लिए इधर-उधर भागदौड़ करने से छुटकारा मिलेगा। राज्य स्वास्थ्य समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार के इस कदम से रोगियों को उनके आसपास ही कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मुनासिब हो सकेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सरकार के संकल्प सात निश्चय-3 सुलभ स्वास्थ्य-सुरक्षित जीवन अभियान के तहत किया जाएगा। समिति के अनुसार राज्य के सभी 534 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) को स्पेशियलिटी हॉस्पिटल व 36 जिला अस्पतालों (डीएच) को सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों



में तब्दील किया जाना है। इसके बाद यहां मरीजों के इलाज के लिए विशेषज्ञ, अत्याधुनिक जांच और दवा की सुविधाओं में तेजी से विकास होगा। सरकार के निर्णय के अनुसार उपरोक्त सभी स्वास्थ्य सुविधाओं को वर्ष 2025 से 2030 के बीच लागू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रखंड स्तर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाने के बाद यहां क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, डाइटिशियन, डेंटल, आयुष स्पेशलिस्ट, फिजिशियन, फार्मासिस्ट, यूरोलॉजी टेक्निशियन, ईसीजी टेक्निशियन, डेंटल असिस्टेंट, ओटी असिस्टेंट या ओटी टेक्निशियन की सुविधा बढ़ जाएगी। वहीं जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाए जाने के बाद यहां इंडोक्रोनोलॉजिस्ट, न्यूरो फिजिशियन, कॉर्डियोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट की सुविधा बढ़ जाएगी। इसी के साथ प्रत्येक जिला अस्पताल में डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर (डीईआईसी) की स्थापना की जाएगी, जहां शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों में जन्मजात बीमारियों की पहचान और इलाज की सुविधा होगी। जिला अस्पतालों में बनाए जाने वाले सभी डीईआईसी का पटना स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से सीधा जुड़ाव होगा। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से डीईआईसी पर दी जाने वाली सुविधाओं और गुणवत्ता की नियमित तौर पर निगरानी की जाएगी। इसके लिए इस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पर भी स्वास्थ्य विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट और तकनीकी विशेषज्ञों की तैनाती होगी।

# भारतीय संस्कृति की आत्मा है मकर संक्रांति : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार लोक भवन में बुधवार को मकर संक्रांति उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि मकर संक्रांति एक अनूठा त्योहार है। यह भारतीय संस्कृति की आत्मा का परिचायक है। राज्यपाल नेकहा कि मकर संक्रांति के दिन उस परिवर्तन का उत्सव मनाया जाता है, जो काफी धीरे-धीरे और अत्यंत सहज व शांत रूप से घटित होता है। इस दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर अग्रसर होता है। दुनिया में यह त्योहार सिर्फ भारत में ही मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन अवश्यंभावी है और इसे रोका नहीं जा सकता किंतु जो परिवर्तन धीरे-धीरे आता है वही स्थायी और टिकाऊ होता है। विश्व में अनेक क्रांतियां हुईं लेकिन उनका प्रभाव 10, 20 या 50 वर्षों में समाप्त हो गया। भारतीय संस्कृति में क्रांति के स्थान पर संक्रांति



की अवधारणा है, जिसमें क्रमिक परिवर्तन होता है और उसका प्रभाव दीर्घकालिक होता है। इस अवसर पर किलकारी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विधायक व लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने भी गीतों की प्रस्तुति दी। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित कई मंत्री, विधायक, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति और अधिकारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### नितिन नवीन का दही-चूड़ा भोज कल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मकर संक्रांति पर भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने 16 जनवरी को दही-चूड़ा भोज का आयोजन रखा है। इस आयोजन में शामिल होने के लिए विभिन्न दलों के नेताओं को आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन न्यू पटना क्लब में होगा। मालूम हो कि श्री नवीन मकर संक्रांति पर वर्षों से भोज का आयोजन करते रहे हैं। इस बार का भोज खास है कि पार्टी में उन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। जल्द ही वह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेंगे। श्री नवीन बिहार दौरे पर आज गुरुवार को पटना पहुंच रहे हैं।

### सीएम नीतीश समेत कई लोगों को धमकाने वाला धराया

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, गृह मंत्री सम्राट चौधरी, पूर्व सांसद और विधायक सहित कई लोगों को फ़ेसबुक पर लाइव आकर गाली देने वाला वांछित अपराधी जयशंकर नारायण पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने जहानाबाद के घोसी शहर के राजाबाजार इलाके से फ़ेसबुक लिंक के आधार पर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधी घोसी थाना क्षेत्र के अनतपुर गांव का रहने वाला है। इसकी पुष्टि एसडीपीओ संजीव कुमार ने की। उन्होंने बताया कि वह कई कांडों में वांछित था।

### बीपीएससी 71वीं मुख्य परीक्षा की तारीख घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने एकीकृत 71वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की मुख्य परीक्षा की संभावित तिथियों का एलान कर दिया है। मुख्य परीक्षा 25 अप्रैल, 2026 से आयोजित की जाएगी। आधिकारिक नोटिस के मुताबिक परीक्षा का आयोजन 25 से 30 अप्रैल, 2026 तक किया जाएगा। आयोग ने कहा है कि परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम बाद में प्रकाशित किया जायेगा।

### बीच सड़क पर युवक की गला रेतकर हत्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कंकड़बाग थाना इलाके के लोहियानगर के नेक्टर हॉस्पिटल के पास दिनदहाड़े बीच सड़क पर युवक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गौरव कुमार(22) के रूप में हुई है। गौरव बीए पार्ट वन का छात्र था। बदमाशों ने सड़क पर दौड़ाकर गौरव को पटक दिया फिर उसके बाद चाकू से गोद डाला। परिजनों का आरोप है कि डायल 112 को खबर दी गई लेकिन वे लोग वक्त पर नहीं आए। सरेआम हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई है। गौरव लखीसराय के बड़हिया रामनगर हरदन बिगहा का रहने वाला था।

# ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेता पोस्टमैन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने सासाराम हेड पोस्ट ऑफिस में बड़ी कार्रवाई की। सीबीआई ने यहां तैनात पोस्टमैन श्रीलाल को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। यह रिश्वत ग्रामीण डाक सेवक बिट्टू कुमार करवार से उसकी ट्रांसफर फाइल जल्दी दिल्ली भेजने के बदले ली जा रही थी। इस कार्रवाई के बाद पोस्ट ऑफिस के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक पूछताछ के दौरान पोस्टमैन श्रीलाल ने बताया कि वह यह रकम अपने वरिष्ठ अधिकारी डाक अधीक्षक मारुति नंदन के कहने पर ले रहा था। वहीं शिकायतकर्ता बिट्टू कुमार करवार ने बताया कि वह रोहतास प्रमंडल में ग्रामीण डाक सेवक के पद पर कार्यरत थे। प्रमोशन के बाद 29 नवंबर 2025 को भभुआ सब डिवीजन से उन्हें विरमित किया गया था लेकिन इसकी प्रति उन्हें 30 दिसंबर 2025 को मिली। बिट्टू कुमार ने बताया कि वह 31 दिसंबर को दिल्ली में योगदान देने पहुंचे लेकिन वहां पता चला कि उनकी फाइल रोहतास डिवीजन से भेजी ही नहीं गई है। इसी कारण अधिकारियों ने उन्हें वापस लौटा दिया। दिल्ली से लौटने के बाद बिट्टू कुमार ने डाक अधीक्षक कार्यालय से फाइल भेजने के लिए संपर्क किया लेकिन लगातार टालमटोल होती रही। इसी बीच 12 जनवरी को डाक अधीक्षक मारुति नंदन के ड्राइवर और पोस्टमैन श्रीलाल ने बिट्टू कुमार को बुलाया और फाइल भेजने के लिए 50 हजार रुपये की मांग की। बाद में सौदा 30 हजार रुपये में तय हो गया। रिश्वत की मांग से परेशान होकर बिट्टू कुमार ने सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई में शिकायत दर्ज कराई। योजना के तहत सीबीआई ने जाल बिछाया और 30 हजार रुपये लेते समय पोस्टमैन श्रीलाल को गिरफ्तार कर लिया।

# बाइक की टक्कर से पिता-पुत्र की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** बेगूसराय-गढ़पुरा सड़क पर मंझौल थाना क्षेत्र के गढ़खौली के पास बुधवार को दो बाइकों की टक्कर हुई। इसमें एक बाइक पर सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान समस्तीपुर के हसनपुर थाना क्षेत्र स्थित बड़ी मुरहा गांव के रहने वाले सुदीप कुमार (25) और राजदेव पासवान (65) के रूप में की गई है। राजदेव पासवान की तबीयत खराब थी। उनका इलाज करने के लिए बेटा सुदीप कुमार बाइक से बेगूसराय ले जा रहा था। इसी दौरान गढ़खौली गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ठोकर मारते हुए भाग गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़े और पिता-बेटे को उठाया। लोगों ने डायल 112 पर सूचना दी तो पुलिस मौके पर पहुंची, एम्बुलेंस को भी सूचना दी गई। राजदेव पासवान की स्थिति खराब रहने के कारण 112 की टीम ने एंबुलेंस का इंतजार नहीं किया और अपनी गाड़ी से ही उसे लेकर मंझौल अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने राजदेव पासवान को मृत घोषित कर दिया। पास से मिले कागजात के आधार पर उसकी पहचान हो सकी। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी तो परिजन मंझौल पहुंचे। फिलहाल पुलिस पिता-पुत्र की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की छानबीन कर रही है। बता दें कि सुदीप प्राइवेट शिक्षक था।

## मां ने तीन बच्चों संग पिया जहर

**बक्सर(नबिटा संवाददाता)।** राजपुर थाना क्षेत्र के रसेन गांव में मकर संक्राति के दिन मां ने तीन बच्चों संग जहर पी लिया। घटना में एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं महिला और दो बच्चों का इलाज जारी है। मृतक बच्चे की पहचान अर्जुन कुमार(3 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं घायलों में महिला रूबी देवी(26 वर्ष), बेटा करण कुमार(6 वर्ष) और बेटी राधा(2 वर्ष) है। तीनों की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों ने तीनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है।

# 40 हजार प्राथमिक विद्यालयों में भेजी जाएगी निपुण तालिका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चल रहे निपुण भारत मिशन को गति देने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) और मंत्रा फॉर चेंज द्वारा राज्य के लगभग 40 हजार प्राथमिक विद्यालयों में निपुण तालिका भेजी जाएगी। इस तालिका का उपयोग प्राथमिक कक्षाओं में भाषा एवं गणित विषय में बच्चों की निपुणता को ट्रैक करने के लिए किया जाएगा। इसमें भाषा और गणित में निपुणता हासिल करने के लक्ष्य स्पष्ट रूप से अंकित होंगे। शिक्षकों को प्रत्येक बच्चे के नाम के आगे उसकी प्रगति के अनुसार मार्किंग करनी होगी। जो बच्चे इन दोनों मूलभूत विषयों में निर्धारित दक्षताएं हासिल कर लेंगे, उनके नाम के सामने विशेष रूप से चिह्नित किया जाएगा। इस तालिका को प्रिंट कराकर सभी प्राथमिक विद्यालयों में पहली और दूसरी कक्षा के कमरे में प्रमुखता से चिपकाना होगा। निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए यह किया जा रहा है। एक बच्चा तब निपुण माना जाएगा जब वह कुछ मूलभूत दक्षताएं हासिल कर ले। इनमें गणित में दो अंकों का जोड़-घटाव करना, आकृतियों की पहचान करना शामिल है। भाषा के क्षेत्र में अक्षरों और शब्दों को पहचानना, बोले गए शब्दों में प्रारंभिक ध्वनियों को समझना नाम से चित्र की पहचान करना व आसान वाक्यों को पढ़ने में सक्षम होना जैसे पैमाने निर्धारित हैं। संबंधित विद्यालय में जब पहली और दूसरी कक्षा के सभी बच्चे इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे तो वह विद्यालय निपुण विद्यालय बनेगा।

## अप्रैल में होगी बीपीएससी एइडीओ प्रतियोगिता परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी भर्ती परीक्षा की संशोधित तिथियों की घोषणा कर दी है। आयोग की ओर से जारी नए परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार बीपीएससी एईडीओ प्रतियोगिता परीक्षा अब 14 से 21 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा कुल तीन चरणों में संपन्न होगी। आयोग के मुताबिक इस भर्ती परीक्षा में लगभग 9.8 लाख अभ्यर्थी शामिल होंगे जिससे यह परीक्षा प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक बन गई है। पहले परीक्षा जनवरी में होनी थी। उसे स्थगित कर दिया और अब नई तिथियां घोषित कीं गई।

# जमीन से जुड़े मामले में मिले एक समान न्याय : विजय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि भूमि सुधार जनकल्याण संवाद के दौरान नागरिकों से मिलकर महसूस हुआ कि राजस्व न्यायालयों में आम नागरिक न्याय की उम्मीद से आते हैं। बुधवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि यदि समान प्रकृति के मामलों में अलग-अलग स्तरों पर भिन्न निर्णय होते हैं तो यह न्याय की मूल भावना के विपरीत है। सरकार का उद्देश्य राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी, समान और कानून सम्मत न्याय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में महाधिवक्ता के विधिक परामर्श को मार्गदर्शक बनाकर निर्णयों में एकरूपता लाने के निर्देश दिये गए हैं ताकि हर नागरिक को भरोसेमंद और निष्पक्ष न्याय मिल सके। विभाग ने अब तक पटना, लखीसराय, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, सहरसा और भागलपुर में आयोजित भूमि सुधार जनकल्याण संवाद में राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के आदेशों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसमें यह तथ्य सामने आया कि प्रमंडलीय आयुक्त, समाहर्ता, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उपसमाहर्ता एवं अंचल अधिकारी स्तर के न्यायालयों के निर्णयों में कई बार असमानता देखी जा रही है जिससे आमजनों को समान प्रकृति के मामलों में भिन्न-भिन्न परिणाम प्राप्त हो रहे हैं। इस स्थिति को गंभीर मानते हुए उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व न्यायालयों में निर्णय प्रक्रिया को एकरूप, पारदर्शी और विधि-सम्मत बनाया जाए ताकि एक ही प्रकार के मामले में एक जैसा न्याय मिले। इसी उद्देश्य से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के प्रधान सचिव सीके अनिल ने पत्र जारी किया है। राजस्व विभाग ने निर्देश में कहा है कि प्रशासनिक एवं अर्ध-न्यायिक निर्णय लेते समय महाधिवक्ता के विधिक परामर्श को मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में अपनाया जाए। इसमें महाधिवक्ता का परामर्श बाध्यकारी नहीं है, फिर भी वह विधि सम्मत, मान्य और न्यायिक कसौटी पर खरा उतरने वाला होता है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि विभिन्न स्तरों के राजस्व न्यायालयों के स्तर से पारित आदेशों में अनावश्यक भिन्नता न हो। विधि विभाग के गठित अधिवक्ताओं के पैनल को किसी अन्य प्राधिकरण द्वारा एकतरफा भंग करना विधि सम्मत नहीं है। ऐसे निर्णय अधिकार क्षेत्र से बाहर माने जाएंगे और उन्हें मनमाना तथा अस्थिर समझा जाएगा।




# कैबिनेट का बड़ा फैसला : पौधा संरक्षण संवर्ग को विस्तार

## पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक एवं निरीक्षक पदों का पुनर्गठन स्वीकृत : राम कृपाल यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-5 (पौधा संरक्षण) संवर्ग अन्तर्गत पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक 194 पद एवं पौधा संरक्षण निरीक्षक के 99 पद अर्थात कुल 293 अतिरिक्त

**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने बताया कि राज्य में कृषि सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, प्रभावी एवं किसानोन्मुखी बनाने की दिशा में बिहार सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कृषि विभाग, बिहार के अधीन बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि-5 (पौधा संरक्षण) संवर्ग के अंतर्गत पदों के पुनर्गठन एवं अतिरिक्त पदों के सृजन की स्वीकृति मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) से प्राप्त हो गई है। मंत्री ने बताया कि इस निर्णय के तहत पदों का सृजन कर पौधा संरक्षण पर्यवेक्षक के कुल 534 पद एवं पौधा संरक्षण निरीक्षक के कुल 160 पद अर्थात कुल 694 पदों के पुनर्गठन /सृजन की स्वीकृति दी गई है। कृषि मंत्री ने कहा कि यह निर्णय राज्य के किसानों के हित में एक ऐतिहासिक एवं दूरगामी कदम है। पौधा संरक्षण सेवाओं के सुदृढ़ होने से कीट-रोग प्रबंधन, फसल सुरक्षा, उत्पादन लागत में कमी तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकेगी। इसके माध्यम से किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

उन्होंने आगे कहा कि बदलते जलवायु परिदृश्य एवं कीट-रोगों की बढ़ती चुनौतियों के बीच पौधा संरक्षण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। नई नियुक्तियों एवं पदों के सृजन से जिला एवं प्रखंड स्तर पर विभागीय कार्यों की गति तेज होगी तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव होगा। कृषि मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों की आय वृद्धि, टिकाऊ कृषि, आधुनिक तकनीकों के प्रसार एवं कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पौधा संरक्षण संवर्ग के सुदृढ़ीकरण से न केवल कृषि व्यवस्था मजबूत होगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। अंत में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार आत्मनिर्भर किसान एवं समृद्ध बिहार के संकल्प को साकार करने हेतु कृषि क्षेत्र में आवश्यक संरचनात्मक सुधार एवं मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सभापति अवधेश नारायण सिंह ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से किया विचार-विमर्श



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् की शिक्षा समिति के सदस्यों के साथ शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से विचार-विमर्श किया। उक्त बैठक में बिहार विधान परिषद् के सदस्य संजय कुमार सिंह, मदन मोहन झा, नवल किशोर यादव, वीरेंद्र नारायण यादव एवं निवेदिता सिंह उपस्थित थे।

# धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

### धान अधिप्राप्ति सफलतापूर्वक करें, किसान को धान बिक्री करने में कोई कठिनाई न हो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. की अध्यक्षता में जिला अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। इसमें खरीफ विपणन मौसम, 2025-26 में विकेन्द्रीकृत अधिप्राप्ति व्यवस्था अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों से धान अधिप्राप्ति में प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हेतु अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही क्रय किए गए धान के विरूद्ध सभी किसानों को 48 घंटे के अंदर भुगतान करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सरकार के दिशा-निदेशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अनुसार पटना जिला में कुल चयनित पैक्सों, व्यापारमंडल की संख्या 268 है जिसमें 256 पैक्स तथा 12 व्यापारमंडल शामिल है। अधिप्राप्ति वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान की बिक्री हेतु अब तक 57,523 किसानों द्वारा ऑनलाइन निबंधन किया गया है जिसमें 25,852 रैयत एवं 31,671 गैर रैयत है। जिला का धान उत्पादन 7,17,732.30 मे.टन है। नमी मापक यंत्र की संख्या 268 तथा बैंक से कैश क्रेडिट स्वीकृति राशि 161.206 करोड़ रुपया है। अब तक कुल 267 सक्रिय समितियों के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकृत कुल 9,802 किसानों से 57,796.526 मे. टन धान क्रय किया गया है। विगत वर्ष 13.01.2025 तक 8,270 किसानों से धान खरीदा गया था। जिलाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति की अच्छी स्थिति पर हर्ष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निदेश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य में लगातार गति बनाए रखें। समीक्षा में यह भी पाया गया कि क्रय किए गए धान का मूल्य 2,369 प्लस 25 रुपया प्रति क्विंटल की दर से कुल भुगतेय राशि 1,38,36,48,832.44 रुपये के विरूद्ध 7,946 किसानों को 1,15,79,66,069.40 रुपये भुगतान किया गया है।

## पुलिस ने जब्त की कार व ऑटो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दो लोगों को नया भोजपुर की पुलिस ने दबोच लिया है। यह कार्रवाई मंगलवार 13 जनवरी को हुई। आज बुधवार को इसकी जानकारी एसपी शुभम आर्य ने पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया बरामद गांजा की मात्रा 22 किलो है। इस आरोप में अखिलेश कुमार यादव पिता विद्यासागर यादव व हरेन्द्र माली पिता चना लाल माली (दोनों निवासी दुद्धी पट्टी, सिमरी) को गिरफ्तार किया गया है। बकौल एसपी मंगलवार को गुप्त सूचना मिली। नया भोजपुर पुल के नीचे सफ़ेद रंग की हुंडई कार से गांजा उतारकर आटो रिक्शा में लोड किया जा रहा है।

# सुप्रजा, वयोमित्र और आयुर्विद्या से संवरेगी प्रदेश की सेहत : मंगल

### ▸ योग, आयुर्वेद और विशिष्ट चिकित्सा पर जोर ▸ गांव-गांव पहुंचेगी मोबाइल मेडिकल यूनिट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य आयुष समिति ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर सुदृढ़ करने के लिए एक मेगा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है। इसके तहत राज्य आयुष समिति, प्रदेश में राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए पांच बड़े विशेष कार्यक्रमों सुप्रजा, मोबाइल मेडिकल यूनिट, वयोमित्र, आयुर्विद्या और फाइलेरिया कार्यक्रम का संचालन करेगी। कार्यक्रम के क्रियान्वयन में योग, आयुर्वेद और विशिष्ट चिकित्सा पर जोर दिया जाएगा। वहीं इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सुदूर ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों तक विशिष्ट चिकित्साएं पहुंचाई जा सकेंगी। श्री पांडेय ने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए 'सुप्रजा' कार्यक्रम को पटना, दरभंगा, बक्सर, भागलपुर और बेगूसराय के राजकीय आयुर्वेदिक एवं तिब्बी कॉलेजों के माध्यम से संचालित किया जाएगा। साथ ही राज्य के बुजुर्गों को वृद्धावस्था की बीमारियों से राहत देने के लिए जिला स्तर पर 'वयोमित्र' शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ताकि आयुष चिकित्सा की पहुंच सीधे आम जनता तक सुनिश्चित हो सके। स्वास्थ्य सुविधाओं को समावेशी बनाते हुए विभाग ने आदिवासी क्षेत्रों और स्कूलों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। रोहतास, भोजपुर, पूर्णिया, मुंगेर, कटिहार, भागलपुर और पश्चिम चंपारण जैसे जिलों में 'मोबाइल मेडिकल यूनिट' के जरिए सुगम उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्कूली बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने के लिए 'आयुर्विद्या' कार्यक्रम चलाया जाएगा जिसके तहत राज्य के विद्यालयों में योग की जानकारी के माध्यम से जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए 'फाइलेरिया कार्यक्रम' को भी इस मिशन में प्रमुखता दी गई है। इसके सफल क्रियान्वयन के लिए पटना, दरभंगा, बक्सर और भागलपुर के राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेजों के साथ-साथ समस्तीपुर और नालंदा जिलों में विशेष यूनिट्स की स्थापना किया जाएगा। इन समन्वित प्रयासों का उद्देश्य राज्य के हर नागरिक को उनके क्षेत्र में ही आयुष पद्धति के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और किफायती इलाज मुहैया कराना है।

## रोजगार आजीविका मिशन के लिए कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** भारतीय जनता पार्टी अरवल जिला कार्यालय में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन के विस्तृत जानकारी के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि बिहार विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यशाला में विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने बताया कि पहले जो मनरेगा था या जवाहर रोजगार योजना के माध्यम से जो कम चलता था, उसमें काफी भ्रष्टाचार था। भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ था। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने में अब नया बिल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन सहायक साबित होगा।

### मकर संक्रांति पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'कार्यकर्ता मिलन समारोह सह दही-चूड़ा भोज' में शामिल हुए नेता और कार्यकर्ता

# मकर संक्रांति आत्मबल और सकारात्मक सोच की परिचायक : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में मकर संक्रांति के पावन पर्व के मौके पर किसान मोर्चा के तत्वावधान में कार्यकर्ता मिलन समारोह सह दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। इस भोज में प्रदेश के वरिष्ठ नेता से लेकर तमाम जिलों के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने मकर संक्रांति और दही-चूड़ा भोज को सांस्कृतिक परंपरा, समरसता और सामूहिक सहभागिता का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह पर्व संगठन की जड़ों से जुड़े कार्यकर्ताओं के मन में एकता, आत्मीयता और नवऊर्जा का संचार करती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह, संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समरसता ही भाजपा की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति को सूर्य देव के उत्तरायण होने और प्रकृति में नई ऊर्जा के संचार का पर्व बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन शुभ परिवर्तन, आत्मबल और सकारात्मक सोच का प्रतीक है और प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों का संचार करता है। इस मौके पर उन्होंने प्रदेश और देशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तरोत्तर प्रगति लेकर आए। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी इस मौके पर प्रदेश कार्यालय पहुंचे और भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को मकर संक्रांति की बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि बिहार में मकर संक्रांति के दिन दही-चूड़ा का भोज लोक-संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। मकर संक्रांति पर सात्विक भोजन करने का विधान है, इसलिए बिहार में मकर संक्रांति के दिन दही-चूड़ा खाने की प्रधानता है। इस शानदार आयोजन के लिए उन्होंने किसान मोर्चा की तारीफ की। इधर, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने इस पावन मौके पर कहा कि यह पर्व स्नान, दान, दया, धर्म और कर्तव्यपरायणता के प्रतीक है। उन्होंने उत्तरायण पर्व मकर संक्रांति की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देते हुए भगवान भास्कर से बिहार के लोगों के जीवन में स्वास्थ्य, समृद्धि, प्रकाश और नई ऊर्जा का संचार होने की कामना की। दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, मंत्री मंगल पांडेय, दिलीप जायसवाल, रामकृपाल यादव, अरुण शंकर, संगठन महामंत्री भीखूभाई दालसनिया, विधायक संजीव चौरसिया सहित प्रदेश के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दशरथ मांझी श्रम कौशल विकास केंद्र, पटना में जेम एक्सीलेंस इवेंट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत सरकार का गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम)16 जनवरी 2026 को दशरथ मांझी श्रम कौशल विकास केंद्र, पटना में एकदिवसीय जेम एक्सीलेंस इवेंट का आयोजन करने जा रहा है।

जेम देश का एकीकृत डिजिटल सार्वजनिक खरीद मंच है जिसके माध्यम से केंद्र और राज्य सरकारों, सार्वजनिक उपक्रमों, स्वायत्त संस्थाओं तथा पंचायतों द्वारा वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद की जाती है। पारदर्शिता, दक्षता और समावेशन जेम के मूल सिद्धांत हैं।

वर्तमान में जेम पर देश भर में 24 लाख से अधिक विक्रेता पंजीकृत हैं। इस क्रम में अकेले बिहार से ही 54 हजार से अधिक विक्रेता जेम से जुड़े हुए हैं। जेम ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सीधे सरकारी खरीदारों से जोड़कर सार्वजनिक खरीद प्रणाली में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाया है। जेम एक्सिलेंस इवेंट के हिस्से के तौर पर दोपहर 3 बजे जेम सेलर संवाद भी होगा। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए जेम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मिहिर कुमार ने बताया कि जेम केवल एक डिजिटल प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि यह सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जेम का उद्देश्य बिहार राज्य के उद्यमियों को पारदर्शी और समान अवसरों के माध्यम से राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद व्यवस्था से जोड़ना है। ताकि स्थानीय उद्यम देश के विकास में सक्रिय भागीदार बन सकें। कार्यक्रम में मिहिर कुमार सहित जेम के वरिष्ठ अधिकारी बिहार के विक्रेताओं से सीधा संवाद करेंगे।

# प्रवीण बागी सहित पांच विशिष्ट व्यक्तियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रसिद्ध कानूनविद और स्वतंत्रता सेनानी ब्रजकिशोर प्रसाद की 150 वीं जयंती पर आयोजित सम्मान समारोह में पत्रकार प्रवीण बागी सहित पांच विशिष्ट व्यक्तियों को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लखनीय योगदान के लिए बुधवार को सम्मानित किया गया। पटना के ऐतिहासिक ब्रजकिशोर स्मारक प्रतिष्ठान के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पटना मेडिकल कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष और प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ निगम प्रकाश नारायण ने सभी विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया। प्रवीण बागी को पत्रकारिता, डॉ. इम्तियाज अहमद को समाज विज्ञान, अरुण कमल को साहित्य, सुजाता मिश्रा को कला संस्कृति और चक्रवर्ती अशोक प्रियदर्शी को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है। 40 वर्षों से पत्रकारिता कर रहे प्रवीण बागी नवभारत टाइम्स और ईटीवी जैसे कई अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रमुख पदों पर रहे हैं। इतिहास के प्रोफेसर श्री अहमद कई इतिहास की प्रमुख पुस्तकों और शोधपत्रों के लेखक हैं और लम्बे समय तक खुदाबख्श लाइब्रेरी के निदेशक रहे हैं। प्रो. अरुण कमल पटना विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक रहे हैं और देश के प्रबुद्ध हिंदी कवियों में उनकी गिनती की जाती हैं। उन्हें 1998 में साहित्य अकादमी पुरस्कार और भारत भूषण अग्रवाल जैसे कई बड़े पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। सुजाता मिश्रा मिथिला चित्रकारी, गोदना शैली के लिए प्रमुख रूप से जानी जाती हैं। चक्रवर्ती अशोक प्रियदर्शी पांच दशकों से समाजसेवा के क्षेत्र में खासकर गया के आसपास भूमिहीनों के कल्याण के लिये काम करते रहे हैं। सम्मान समारोह के दौरान राष्ट्रगान प्रस्तुत करने वाले कमला नेहरू शिशु विहार और अघोर कामिनी विद्यालय के बच्चों को सम्मानित किया गया।

## एचडीएफसी बैंक परिवर्तन कैंसर जागरूकता के लिए मुंबई मैराथन में उतारेगा 1500 कर्मचारियों की टीम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एचडीएफसी बैंक अपने सीएसआर प्रोग्राम परिवर्तन के जरिए कैंसर जागरूकता और जल्दी पता लगाने में मदद करने के लिए 18 जनवरी को होने वाले टाटा मुंबई मैराथन 2026 में हिस्सा लेने के लिए लगभग 1500 कर्मचारियों को जुटाएगा। बैंक ने इंडियन कैंसर सोसाइटी के साथ पार्टनरशिप की है जो भारत का सबसे पुराना नॉन-प्रॉफिट संगठन है जो कैंसर की देखभाल के लिए समर्पित है। यह सहयोग 18 जनवरी को होने बैंक परिवर्तन की सामुदायिक स्वास्थ्य के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। मैराथन के हिस्से के रूप में आईसीएस 100 से ज्यादा धावकों की एक टीम भी उतारेगा जिसमें युवा कैंसर सर्वाइवर और आईसीएस कर्मचारी शामिल हैं। मैराथन के बारे में बात करते हुए एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा ने कहा कि हम एक ऐसे मकसद के लिए दौड़ रहे हैं जो किसी न किसी तरह से हर परिवार को छूता है। एक बैंक के तौर पर हमारी जिम्मेदारी फाइनेंशियल सर्विसेज से बढ़कर उन समुदायों की भलाई तक फैली हुई है जिनकी हम सेवा करते हैं। इस पार्टनरशिप पर कमेंट करते हुए इंडियन कैंसर सोसाइटी की सेक्रेटरी और मैनेजिंग ट्रस्टी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की पूर्व डिप्टी गवर्नर उषा थोराट ने कहा कि हम एचडीएफसी बैंक के अटूट समर्थन और कैंसर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए इतने बड़े कर्मचारियों के समूह को एक साथ लाने के लिए उनके आभारी हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री विन्देश्वरी दुबे की जयंती मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. विन्देश्वरी दुबे की 103 वीं जयंती बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में मनायी गयी।

इस अवसर पर स्व. बिन्देश्वरी दुबे को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राजेश राम ने कहा कि स्व. दुबे बिहार राज्य के ही नहीं बल्कि देश के बड़े श्रमिक नेता थे। स्व. दूबे के अथक प्रयास से कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया गया जिसके कारण कोयला खदानों के मजदूरों की आर्थिक स्थिति में बड़ा परिवर्तन आया। उन्होंने कहा कि वे लोकप्रिय मुख्यमंत्री थे तथा राज्य सरकार में भी दबे, कुचले, पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक के विकास के लिये कई योजनाएं चलायी। उन्होंने कहा कि दूबे जी कार्यकर्ताओं का बड़ा सम्मान करते थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, ब्रजेश पाण्डेय, अरविन्द लाल रजक, मनोज शर्मा, डा. संजय यादव, मृणाल अनामय, रंजीत कुमार बाल्मीकी, स्व. बिन्देश्वरी दूबे के नाती राकेश चौबे, नतिनी शोभा चौबे, संगीता पाण्डेय, साई विभूति, विनय कृष्ण त्रिपाठी, नदीम अंसारी, चन्द्रभूषण राजपूत, दिलीप कुमार, गुड्डू पासवान, मेनका कुमारी, डा. अविनाश कुमार अविनाश, रमाशंकर पाण्डेय, अमन कुमार, श्रीनन्दन मंडल सहित अन्य कांग्रेसजन स्व बिंदेश्वरी दूबे के चित्र पर माल्यार्पण किए।

## श्री अरविंद महिला कॉलेज के इंटर्न को मिला प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के श्री अरविंद महिला कॉलेज के प्रेम यूथ फाउंडेशन में इंटरशिप कर रहे इंटर्न को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मौके पर उपस्थित एनजीओ हेल्पलाइन के निर्देशक सीए संजय कुमार झा ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए इन्टरशिप अनिवार्य किया गया। यह छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मिल का पत्थर साबित हो रहा है। अब समय आ गया है कि मैकॉले शिक्षा पद्धति को जड़ से समाप्त किया जाए। वहीं प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। शिक्षा का मतलब सिर्फ किताबी ज्ञान नहीं है। इंटरशिप कार्यक्रम में इंटर्न को जीवन कौशल युवा नेता नेतृत्व एवं व्यक्तित्व विकास जलवायु परिवर्तन साइबर सुरक्षा आपदा प्रबन्धन की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि इंटर्न को श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र गांधी संग्रहालय प्राणी सर्वेक्षण विभाग साइबर थाना का विजिट कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत 2047 को साकार करने में युवाओं का महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सरस्वती पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अथमलगोला।** सरस्वती पूजा के मद्देनजर थाना परिसर में अपर थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि सरस्वती पूजा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सभी पूजा समितियों को हर हाल में लाइसेंस लेना है। साथ ही विसर्जन में डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना होगा। इस अवसर पर कई जनप्रतिनिधि, पूजा समितियों के सदस्य के साथ ही दर्जनों प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## स्वामी विवेकानंद ने मानवमात्र की सेवा करने का दिया उपदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वामी विवेकानंद भारतीय नवजागरण के अग्रदूत थे। उनका कहना था कि लक्ष्य की प्राप्ति तक प्रयत्नशील रहना चाहिए। वे राष्ट्रीय चेतना के प्रेरणापुरुष माने जाते हैं। भारत ही विश्वगुरु बनने की क्षमता रखता है। उन्होंने आजीवन शान्ति और विश्वबन्धुत्व की स्थापना के लिए प्रयास किया। ये सभी बातें आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासकीय) राज्यलोक सेवा न्यायाधीकरण, उत्तर प्रदेश के डा. अनिल कुमार सिंह ने स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह के उद्घाटन करते हुए कहा। यह समारोह संस्कृत सम्भाषण शिविर में अन्तर्जालीय आयोजित हुआ। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद भावी पीढ़ी के लिए चार ग्रन्थ लिखे -ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग और राजयोग। उन्होंने ईश्वर की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति के रूप में मानवमात्र की सेवा करने का उपदेश दिया। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की राष्ट्रीय संयोजिका एवं गंगादेवी महिला महाविद्यालय की संस्कृत विभागाध्यक्षा प्रो रागिनी वर्मा, एल एम टी महाविद्यालय सहरसा के संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ दीप्ति कुमारी, गंगादेवी महिला महाविद्यालय पटना के वरीय संस्कृत आचार्या डॉ बिधुबाला, केशव महंथ शरण संस्कृत महाविद्यालय फतुहा की डा नीरा कुमारी, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान की राष्ट्रीय उपाध्यक्षा डॉ लीना चौहान, डॉ रागनी कुमारी, अदिति चोला, रामनाथ पाण्डेय, राहुल कुमार, तारा विश्वकर्मा, मुरलीधर शुक्ल, दयानी शारदेय, जगजीवन विश्वकर्मा, डॉ सुशील कुमार, विकास कुमार आदि वक्ताओं ने भी विस्तार से स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आग्रह किया।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में मुकेश कुमार, क्षेत्रीय निदेशक (प्रभारी) की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्योष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 5 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

# डीएम ने प्रशासनिक कार्यों की प्रगति को लेकर नासरीगंज प्रखंड का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी रोहतास द्वारा नासरीगंज प्रखंड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा, जन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार तथा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। इस दौरान विभिन्न बिंदुओं पर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा कार्यालयों में उपलब्ध व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों की स्थिति एवं जन सुविधाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यालयीय कार्य समयबद्ध,



पारदर्शी एवं जनहित में निष्पादित किए जाएं। साथ ही निरीक्षण के दौरान उपस्थित स्थानीय नागरिकों एवं आगंतुकों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने नए कार्यालय निर्माण को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें नासरीगंज प्रखंड एवं अंचल से जुड़े कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि सभी सरकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू हों। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी किसान बंधुओं से अपील की कि द्वितीय चरण में 17 से 21 जनवरी 2026 को अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी अवश्य बनवा लें, ताकि विभिन्न सरकारी योजनाओं, सब्सिडी एवं डिजिटल सेवाओं का लाभ समय पर प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि डिजिटल व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए संवेदनशीलता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि रोहतास जिला में सुशासन एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नासरीगंज लूट कांड का अभियुक्त गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** नासरीगंज थाना क्षेत्र में गोली लगने एवं लूट कांड में पुलिस ने एक वांछित को गिरफ्तार किया। रोहतास पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बताया गया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नासरीगंज थाना में दर्ज कांड संख्या-390/25 में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम आर्यन पाण्डेय उर्फ फलेमिग पाण्डेय पिता बिमलेश पाण्डेय उर्फ चिकू पाण्डेय ग्राम हाउडीह थाना-नासरीगंज, जिला-रोहतास है। पुलिस के अनुसार 18 नवंबर को नासरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम विसैनी से हाउडीह जाने वाली पक्की सड़क पर एक व्यक्ति को गोली लगी थी। घायल व्यक्ति की पहचान चन्द्रशेखर कुमार उम्र पैंतीस, वर्ष पिता मलाई तुरहा, ग्राम सिमरी दुधा पटी थाना सिमरी जिला बक्सर के रूप में हुई थी।

# तिलौथू में टीएलएम विज्ञान मेला का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय उच्च माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद सरैयां में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखण्ड स्तरीय टीएलएम विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। मेले में प्रखण्ड अंतर्गत सभी कॉम्प्लेक्स रिसोर्स सेंटर से चयनित प्रतिभागियों ने अपने-अपने टीएलएम के माध्यम से विज्ञान मेला में भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा कई तरह के नवाचारी शिक्षण सामग्री प्रस्तुत किया गया जो शिक्षा को रोचक एवं प्रभावशाली बनाने का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक महेन्द्र प्रसाद एवं परिवर्तन विकास सचिव विनोद कुमार सिंह ने निर्णायक मंडली के रूप में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ मूल्यांकन किया। हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, संस्कृत,




पर्यावरण एवं उर्दू विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गये। कार्यक्रम के नोडल प्रभारी के रूप में प्रधानाध्यापक असलम अंसारी, नन्द किशोर सिंह एवं सुनील सोनी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं प्रधान शिक्षक बैकुंठ राम, अजय चरण पाल एवं नवलेश कुमार कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रियेश श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रखण्ड के सभी संकुल संचालक एवं समन्वयक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी रजनीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि टीएलएम के माध्यम से पढ़ने-पढ़ाने की प्रक्रिया अधिक रुचिकर एवं प्रभावी बनती है। इससे शिक्षक और छात्र दोनों में सीखने की अभिरुचि विकसित होती है। उन्होंने सभी शिक्षकों से इस नवाचार अभियान को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

# कैमूर जिले में धूमधाम से मना मकर संक्रांति महोत्सव

## पतंगोत्सव से लेकर दही-चूड़ा वितरण तक दिखी सामाजिक समरसता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** लोक पर्व मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कैमूर जिले में मकर संक्रांति महोत्सव-2026 का आयोजन कला एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया गया। महोत्सव के अंतर्गत पतंग उत्सव, नुक्कड़ नाटक एवं पारंपरिक सामूहिक दही-चूड़ा, तिलकुट भोज जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें प्रशासनिक पदाधिकारियों, स्थानीय व विभिन्न समाचार समूहों के संवाददाताओं, शहर के गणमान्य व्यक्तियों एवं



आम नागरिकों की व्यापक सहभागिता देखने को मिली। मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय हवाई अड्डा मैदान, कैमूर में प्रातः 11 बजे पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता सहित स्काउट गाइड के बच्चों एवं आम जनमानस ने उत्साहपूर्वक पतंग उड़ाकर महोत्सव का शुभारंभ किया। मौके पर कलाकारों द्वारा लोकगीतों के माध्यम से मकर संक्रांति के महत्व, इसकी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। जिला अतिथि गृह में आयोजित पारंपरिक दही-चूड़ा एवं तिलकुट के सामूहिक भोज में विभिन्न समाचार समूहों के संवाददाता, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं आम जनमानस ने सहभागिता की। इसके साथ ही जिले के सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों के माध्यम से भी दही-चूड़ा एवं तिलकुट भोज का आयोजन किया गया जिससे पर्व की परंपरा को जन-जन तक पहुंचाया जा सका।

# किशोर न्याय कानून केवल दंड देने का कानून नहीं : संतोष उपाध्याय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मानव अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने रोहतास जिले के अकोढ़ी गोला थाना की प्रशंसा करते हुए कहा है कि इस थाने ने जिले में पहली बार बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी का नाम, पदनाम और मोबाइल नंबर सार्वजनिक सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित कर एक ऐतिहासिक और अनुकरणीय पहल की है। यह कदम किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री उपाध्याय ने कहा कि किशोर न्याय कानून केवल दंड देने का कानून नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सुधार, संरक्षण और पुनर्वास का कानून है। इस कानून की आत्मा यह है कि कोई भी बच्चा चाहे वह कानून से संघर्ष में आया हो या उपेक्षा, शोषण अथवा तस्करी का शिकार हो उसे अपराधी नहीं बल्कि संरक्षण और मार्गदर्शन का पात्र माना जाए। इसी उद्देश्य से कानून में हर थाने में बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी और जिले स्तर पर विशेष किशोर पुलिस इकाई की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि बाल कल्याण पुलिस पदाधिकारी वह अधिकारी होता है जिसे बच्चों से जुड़े मामलों में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त होता है। उसकी जिम्मेदारी होती है कि थाने में आने वाले किसी भी बच्चे के साथ डराने-धमकाने या अपराधी जैसा व्यवहार न हो, बल्कि उससे संवेदनशील, मैत्रीपूर्ण और सम्मानजनक ढंग से बात की जाए। सीडब्लूपीओ यह सुनिश्चित करता है कि बच्चे को लॉक-अप में न रखा जाए, उसे हथकड़ी न लगाई जाए और आवश्यकता होने पर उसे तुरंत बाल कल्याण समिति या जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाए। संतोष उपाध्याय ने कहा कि व्यवहार में देखा जाता है कि अधिकांश लोगों को यह ही नहीं पता होता कि थाने में बच्चों से संबंधित मामलों के लिए कोई अलग जिम्मेदार अधिकारी भी होता है। ऐसे में अकोढ़ी गोला थाना द्वारा सीडब्लूपीओ का नाम और संपर्क नंबर सार्वजनिक करना आम नागरिकों, अभिभावकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयं बच्चों के लिए न्याय तक सीधी पहुंच का रास्ता खोलता है।

# वार्ड 14 की टीम ने जीता चौथा लीग मैच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर मैदान में हिमांशु फाउंडेशन व बाबा वीर कुंवर क्लब के तत्वावधान में चल रहे 14वें नगर चैंपियनशिप टूर्नामेंट की चौथा लीग मैच बुधवार को वार्ड दो बनाम वार्ड 14 के बीच खेला गया। आज के अंपायर छोटू और वरुण ने दोनों टीम के कप्तानों के बीच टॉस करवाया जिसे वार्ड दो ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। उनकी बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही और पूरी टीम 107रनों पर ऑल आउट हो गयी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी वार्ड 14 की टीम 4 विकेट खोकर 6 विकेट से मैच को जीत लिया। आज के मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वार्ड 14 के समीर को दिया गया जिसने निर्धारित 40 रन बनाकर 4 विकेट हासिल किया। बाबा वीर कुंवर क्लब के अध्यक्ष धनजी यादव, डॉ ओ पी आनंद ने बताया कि कल का मैच वार्ड 29 बनाम वार्ड 39 के बीच खेला जायेगा। मैच से पूर्व आज के मुख्य अतिथि जॉइंट कमिशनर सेल्स टैक्स हरेंद्र कुमार मांझी, जॉइंट कमिशनर सेल्स टैक्स औरंगाबाद अलोक रंजन, असिस्टेंट कमिशनर संतोष कुमार, मुन्ना सिंह, संतोष यादव और अतिथि रामनाथ सिंह, सुभम सिंह, जयप्रकाश सिंह, ब्रजमोहन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और शुभकामनायें दी।

# राज बली यादव और डॉ वीरेंद्र की पहल बनी क्षेत्र के लिए मिसाल : अनुज कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के बंजारी में शिक्षा, स्वास्थ्य और खेल के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। इस संबंध में रालोमो के वरिष्ठ नेता अनुज कुशवाहा ने 'नवबिहार टाइम्स' को बताया कि बंजारी में अस्पताल, स्कूल, फार्मेसी एवं नर्सिंग कॉलेज, स्टेडियम तथा प्लस टू विद्यालय के निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज बली यादव एवं डॉ वीरेंद्र समाज के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास की



सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान पर उनका फोकस है। ताकि आम जनता को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और भरोसेमंद इलाज मिल सके। यह पहल क्षेत्र को स्वस्थ और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अनुज कुशवाहा ने आगे बताया कि बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र में महाविद्यालय खोलने की योजना भी प्रशंसनीय है जिससे स्थानीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मकर संक्रांति के अवसर पर रोहित बिहार के बैनर तले आयोजित चूड़ा-दही मिलन समारोह में शामिल होने के दौरान राज बली यादव ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन आपसी भाईचारे और समरसता को मजबूत करते हैं। साथ ही विकास के साझा संकल्प को भी बल देते हैं। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र, पूर्व मुखिया कृष्ण यादव, तोराब नेयाजी, अनिल यादव, डॉ एस.पी. सिंह, शंभू राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अलग-अलग मामलों में पांच आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अलग-अलग मामले में दावथ थाने के पुलिस द्वारा कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। इसकी जानकारी देते हुए दावथ थानाध्यक्ष मनीष पंजियारा ने बताया कि अलग-अलग मामले में चार आरोपियों को बि एन एस की धारा 126 / 170 के तहत गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं थाना अंतर्गत बभनौल से शराब के नशे में एक व्यक्ति संतोष कुमार पिता-स्व. रामाधार सिंह ग्राम-बभनौल थाना-दावथ जिला-रोहतास को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष इस संबंध में बताया कि विधिसम्मत कारवाई किया जा रहा है।

# अकस ने किया चूड़ा-दही भोज सह मिलन समारोह का आयोजन

## विधायक व एसडीएम ने पहुंचकर दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अभिनव कला संगम (अकस) की ओर से सामाजिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से चूड़ा-दही भोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम बुधवार को वीर कुंवर सिंह चौक स्थित सोन राइजिंग स्कूल के प्रांगण में अकस के अध्यक्ष संतोष सिंह एवं सचिव नंदन कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी निलेश कुमार उपस्थित हुए। अतिथियों का स्वागत सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत सिंह, आरएसके पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, डीपीएस स्कूल के निदेशक समीर कुमार, अरविंद एकेडमी के



प्राचार्य अरविंद भारती, अकस अध्यक्ष संतोष सिंह, सचिव नंदन कुमार सहित संस्था के सदस्यों द्वारा अंगवस्त्र व गुलदस्ता भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विधायक सोनू सिंह ने कहा कि चूड़ा-दही, तिलकुट का यह मिलन केवल एक पर्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे को भी सशक्त करता है। मकर संक्रांति शुभ कार्यों और सकारात्मक ऊर्जा की शुरुआत का प्रतीक है। अकोढ़ीगोला जिला पार्षद सीमा सिंह एवं दक्षिणी जिला पार्षद अजय सिंह ने अभिनव कला संगम द्वारा लगातार किए जा रहे सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं संस्था के अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि चूड़ा-दही मिलन सह सामाजिक समरसता कार्यक्रम सांस्कृतिक महोत्सव के रूप में विकसित हुआ है जो संस्था की बड़ी उपलब्धि है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में लगातार संस्थागत गतिविधियां आयोजित करने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक सत्र में गायकों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकस अध्यक्ष संतोष सिंह ने की जबकि संचालन अधिवक्ता मनोज अज्ञानी एवं सचिव नंदन कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर प्रो. दिग्विजय सिंह, डॉ अजीत सिंह, डॉ अमिताभ कुमार, डॉ नवीन नटराज, शिवाजी सिंह, रामनाथ यादव, नंद यादव, छोटू कुमार, सोनू पांडे, नवाब अख्तर अंसारी, दीपक कुमार गुप्ता, मनीष कुमार सहित सिंगर राजेश कुमार, पिंटू कुमार, अनिल कुमार गुप्ता उर्फ ब्लू, राकेश कुमार समेत बड़ी संख्या में कलाकार, अभिभावक एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे। संस्था की ओर से कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, महासचिव रवि तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद थे।

## मकर संक्रांति श्रद्धा, उल्लास और परंपराओं का संगम : प्रशांत सिंह



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही क्षेत्र में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा, उल्लास और हर्षोल्लास का पर्व है। उक्त बातें सोन राइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत सिंह तथा आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के निदेशक आनंद सिंह ने अकस द्वारा आयोजित चूड़ा-दही कार्यक्रम में पहुंचे। विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह को पौधा देकर सम्मानित करने के उपरांत कहा। इन लोगों ने कहा कि सुबह से ही लोगों ने पवित्र नदियों में स्नान कर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। घरों में तिलकुट, दही-चूड़ा, तिल-गुड़ एवं खिचड़ी जैसे पारंपरिक व्यंजन बनाए जाते हैं। पर्व के महत्व पर बताया कि मकर संक्रांति न केवल ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, दान और परोपकार का संदेश भी देता है। इस दिन किया गया दान-पुण्य विशेष फलदायी माना जाता है।

## सेवानिवृत केमिस्ट्री लैब के विभागाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय तिलौथू गांव निवासी जदयू नेता धीरज मिश्रा के पिता एवं सेवानिवृत केमिस्ट्री लैब विभागाध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र का मंगलवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना जैसे ही तिलौथू गांव में पता चला तो गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिवंगत सुरेन्द्र मिश्रा के पुत्र एवं पत्रकार सूरज मिश्रा ने बताया कि मेरे पिता तिलौथू के राधा शांता महाविद्यालय में केमिस्ट्री विभाग में लैब टेक्नीशियन सह विभागध्यक्ष पद से 2014 में सेवानिवृत हुए थे। बताया कि उनके निधन से समाज को बहुत बड़ी क्षति हुई है क्योंकि वे एक अच्छे समाजसेवी भी थे। उनके निधन की खबर सुनते ही उनके घर सांत्वना देने के लिए लोगों की भीड़ लग गई।

# मकर संक्रांति पर फल-फूल व सब्जी प्रदर्शनी मेले का आयोजन

## प्रदर्शनी किसानों के लिए बड़ा सम्मान : कमलेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं.-29 भारतीगंज-करपुरवा के परिसर में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बुधवार को फल-फूल, सब्जी-प्रदर्शनी, मेले तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहारशरीफ के विधायक सुनील कुमार, नगर निगम सासाराम के मेयर काजल कुमारी, डिप्टी मेयर सत्यवंती देवी, जेल अधीक्षक सुजीत कुमार राय, परमार्थ संस्थान के निदेशक अनिल कुमार, पूर्व उपचेयरमैन चन्द्रशेखर महतो, वार्ड नं 29 की पार्षद कश्मीरा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव चंदन कुशवाहा ने किया। सभी अतिथियों का स्वागत आदर्श कुशवाहा सब्जी बाजार समिति के



कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, चंदन कुशवाहा सहित अन्य लोगों द्वारा फूल माला एवं अंगवस्त्र से किया गया। आदर्श कुशवाहा सब्जी बाजार समिति के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि यह आयोजन प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को होता है जिसमें समाजसेवियों के साथ राजनेता और प्रशासनिक पदाधिकारियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रहती है। मंच उद्घाटन के बाद अतिथियों द्वारा फल-फूल, सब्जी-प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। किसानों द्वारा एक से बढ़कर एक फल, फूल, सब्जी का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी की आमजनों द्वारा काफी सराहना की गई। लोगों ने कहा कि यह प्रदर्शनी किसानों के लिए बड़ा सम्मान है। किसान धूप, बरसात एवं ठंढ की परवाह किए बिना मेहनत कर उपज करते हैं, लेकिन उनका सम्मान नहीं किया जाता। समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसका लोगों ने लुत्फ उठाया।

# जरूरतमंदों की सहायता में उठे हाथ, हजारों कंबल किए वितरित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** ठंड के मौसम को देखते हुए दावथ प्रखंड के इटावा पंचायत में समाजसेवी पिंटू दुबे के सौजन्य से लगभग दो हजार कंबल का वितरण किया गया। मकर संक्रांति के अवसर पर बुधवार को प्रखंड के बैरिया गांव में काली मंदिर प्रांगण में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। समाजसेवी एवं भावी मुखिया प्रत्याशी पिंटू दुबे ने पंद्रह सौ से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर पिंटू दुबे ने कहा कि मकर संक्रांति पर दान देने की प्रथा है। गरीबों, असहाय व्यक्तियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य होता है। गरीबों की मदद करना ईश्वर की पूजा करने के समान है। जरुरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया जिससे ऐसे लोग ठंढ से अपना बचाव कर सकें। पिंटू दूबे ने आगे कहा कि गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। गरीब और असहाय लोगों को ऐसे मौसम में सहायता करना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने कहा कि यह कंबल वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। ताकि गरीबों को ठंड से बचाया जा सके।


**पूर्व रेलवे**

**विस्तृत निविदा सं.: 02डब्ल्यूटीसीएओसीईआर 2025–26 (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली) ई–निविदा प्रणाली, दिनांकः 09.01.2026,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्व रेलवे, 4था तल, 14, स्ट्रैंड रोड, एनकेजी, कोलकाता–700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई–निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** गोड्डा–महगामा नई रेल लाइन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएँ प्रदान करने हेतु अथॉरिटी इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी): पूर्व रेलवे की पीरपैंती–जसीडीह नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में किमी 32.439 से किमी 60.00 तक गोड्डा स्टेशन (छोड़कर) और महगामा स्टेशन (लेकर) के बीच नई रेल लाइन के निर्माण के लिए सिविल, पी–वे, विद्युतीकरण, सिग्नल एवं टेलीकॉम कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित मूल्यः** रु. 6,38,48,700/–, **बयाना राशिः** रु. 4,69,300/–**निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **समापन अवधि :** 21 (इक्कीस) माह। **अंतिम तिथिः** दिनांक 24.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

CON-63/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजी./गति शक्ति इकाई, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं. 06_2025-26, दिनांकः 12.01.2026, कार्य का विवरणः** सभी प्लेटफॉर्मों एवं सर्कुलेटिंग एरिया को संयोजित करने वाले एंड टू एंड 6 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज एवं द्वितीय एंट्री के प्रावधान के साथ बैण्डेल स्टेशन का विकास। **अनुमानित मूल्यः** रु. 14,40,81,853.81, **बयाना राशिः** रु. 8,70,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.):** 0.00, **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 05.02.2026 को 12.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणीः** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-534/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइटः www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### नवादा के अंजिष्णु राज ने ऑल इंडिया ओपन अंडर-18 शतरंज प्रतियोगिता में रचा कीर्तिमान

**नवादा**। जिले के शतरंज खिलाड़ी अंजिष्णु राज ने एक बार फिर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। मिथिला मैथन चैलेंजर कप ऑल इंडिया ओपन अंडर-18 शतरंज प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंजिष्णु राज ने 5.5 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से खेल जगत में खुशी की लहर है। अंजिष्णु राज की इस सफलता के पीछे उनके दादा डॉ रघुनंदन प्रसाद और द्रोण चेस एकेडमी के कोच वैभव सिंह वर्मा की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट मार्गदर्शन रहा है। कोचों ने तकनीकी तैयारी के साथ-साथ मानसिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया, जिसका असर प्रतियोगिता में साफ नजर आया। लगातार अभ्यास, अनुशासन और सही रणनीति के बल पर अंजिष्णु राज ने कई मजबूत खिलाड़ियों को पराजित किया। उनकी इस उपलब्धि से नवादा जिले के उभरते खिलाड़ियों को नई प्रेरणा मिली है। खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने अंशु राज के उज्वल भविष्य की कामना की है। अंजिष्णु राज नवादा के प्रसिद्ध डॉ रघुनंदन के पोता, डॉ रमेश के पोता और बबलू के सुपुत्र हैं ।

### बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा नालंदा का चुनाव संपन्न, रोहित रोशन अध्यक्ष निर्वाचित




**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। पुलिस लाइन परिसर में गहमागहमी के बीच बिहार पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा नालंदा का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया बगहा से आए पर्यवेक्षक परितोष यादव की देखरेख में कराई गई। देर रात तक चली मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए, जिसमें रोहित रोशन के नेतृत्व वाली टीम ने निर्णायक जीत दर्ज की, जबकि प्रतिद्वंद्वी जितेंद्र कुमार यादव एवं उनकी टीम को पराजय का सामना करना पड़ा।

परिणामों की घोषणा होते ही पुलिस लाइन में उत्साह का माहौल बन गया। विजयी प्रत्याशियों के समर्थकों ने फूल-मालाओं से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। अध्यक्ष पद पर निर्वाचित रोहित रोशन ने जीत के लिए पुलिस कर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता सिपाहियों के विश्वास और समर्थन का प्रतिफल है। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकताओं में प्रत्येक माह नियमित पुलिस सभा का आयोजन, महिला पुलिस कर्मियों के लिए शिशु-पालन अवकाश एवं मातृत्व अवकाश से जुड़ी समस्याओं का समाधान, पुलिस केंद्रों की मूलभूत सुविधाओं में सुधार, स्नानागार व सुलभ शौचालय की बेहतर व्यवस्था, क्षतिग्रस्त बैरकों एवं पुलिस आवासों की मरम्मत तथा कैशलेस इलाज की व्यवस्था शामिल है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इन सभी बिंदुओं पर चरणबद्ध ढंग से ठोस पहल की जाएगी। चुनाव परिणामों के अनुसार, रोहित रोशन को 996 मत प्राप्त हुए और वे 559 मतों के अंतर से अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, कृष्ण कुमार ने 1059 मत हासिल कर 524 मतों के अंतर से सचिव पद पर जीत दर्ज की। अन्य पदाधिकारियों में धर्मेंद्र कुमार पासवान कोषाध्यक्ष, प्रवीण कुमार यादव संयुक्त मंत्री, आदित्य कुमार उपाध्यक्ष (प्रथम), विद्या चरण सिंह उपाध्यक्ष (द्वितीय), बिट्टू कुमार केंद्रीय सदस्य तथा अभिनंदन कुमार अंकेक्षक निर्वाचित घोषित किए गए।

### मकर संक्रांति में हिरण्य पर्वत पर लगा मेला

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। मकर संक्रांति की तिथि को लेकर लोगों में दिनभर असमंजस की स्थिति बनी रही। इसी वजह से जहां कुछ लोगों ने बुधवार को परंपरागत तरीके से मकर संक्रांति का पर्व मनाया, वहीं कई लोग गुरुवार को पर्व मनाने की तैयारी में जुटे दिखे। बावजूद इसके, पर्व का उत्साह पूरे शहर में साफ नजर आया। संक्रांति के मौके पर सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने पूजा-अर्चना कर ईश्वर से सुख-समृद्धि की कामना की और उसके बाद पारंपरिक दही-चूड़ा व तिलकुट का आनंद लिया। संक्रांति के दिन शहर का हिरण्य पर्वत पूरी तरह मेले में तब्दील नजर आया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा शहर पर्वत पर ही उमड़ पड़ा हो। दही-चूड़ा खाने के बाद लोग परिवार संग घरों से निकल पड़े और पर्वत का रुख किया। पर्वत पर बच्चों, महिलाओं और युवाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हिरण्य पर्वत पर गोलगप्पे, छोला-भटूरे, गुपचुप, चाट, चाउमीन, भेलपूड़ी सहित कई प्रकार के खान-पान की अस्थायी दुकानें सजी रहीं। बच्चों के मनोरंजन के लिए बैलून, छोटे-छोटे खिलौने बेचने वालों की भी अच्छी-खासी मौजूदगी रही। छोटे-छोटे बच्चों ने सुभाष पार्क में जमकर मौज-मस्ती की। वहीं, हिरण्य पर्वत पार्क में भीड़ इतनी अधिक थी कि प्रवेश द्वार पर लंबी कतारें लग गई। बच्चों ने झूलों का जमकर लुत्फ उठाया और भूल-भुलैया में मस्ती करते नजर आए। पूरे दिन पर्वत क्षेत्र में पर्व और उल्लास का माहौल बना रहा।

# केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का नवादा-वारसलीगंज दौरा

### कई कार्यक्रमों में हुए शामिल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह मंगलवार को नवादा जिले के दौरे पर पहुंचे। उनके आगमन पर खरार्ट मोड़ पर जोरदार स्वागत किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरिराज सिंह नवादा संसदीय क्षेत्र से वर्ष 2014 से 2019 तक सांसद रह चुके हैं। लंबे समय बाद क्षेत्र में पहुंचने पर उन्होंने आम लोगों से मिलकर हाल-चाल जाना, जिससे वे काफी प्रसन्न दिखे।

खरार्ट मोड़ पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता, पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार, शशि भूषण कुमार बबलू, लोजप्पा जिलाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, रालोसपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के सुधीर कुमार, मनोज कुमार पचरा, प्रताप रंजन सहित कई गणमान्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री का काफिला वारसलीगंज की ओर बढ़ा।

वारसलीगंज पहुंचते ही पूर्व जिला परिषद सदस्य अखिलेश सिंह, जिला परिषद सदस्य अंजनी कुमार, गौतम मुखिया समेत सैकड़ों लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। चंदन सिंह चौक पर उन्होंने शहीद चंदन सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत वे सिमरीडीह पहुंचे, जहां राजदेव प्रसाद के निधन पर उनके परिजनों से मिलकर सांत्वना व्यक्त की। साथ ही सिमरी गांव में पोस्ट मास्टर के निधन पर भी उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया।

काफिले के साथ आगे बढ़ते हुए केंद्रीय मंत्री अफसर ग्राम पहुंचे, जहां पूर्व विधायक अरुण देवी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वे बालिग्राम भी गए। वहां दो अलग-अलग स्थानों पर हुए निधन की जानकारी मिलने पर उन्होंने संबंधित परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की तथा प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की। पूरे दौरे के दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंपर्क, श्रद्धांजलि और शोक-सांत्वना के माध्यम से क्षेत्रवासियों से गहरा संवाद स्थापित किया। उनके इस दौरे को स्थानीय लोगों ने संवेदनशील और जनभावनाओं से जुड़ा हुआ बताया।

## सड़क दुर्घटना में नवादा के पूर्व क्रिकेटर मनीष टांग की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के पूर्व खिलाड़ी मनीष टांग की सड़क हादसे में मौत हो गई। उनके जाने से उनके पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है मनीष गुजरात के कक्ष में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने के उपरांत गुजरात के एक निजी होटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत थे, वह अपने पीछे एक बेटे व पत्नी को छोड़ गए, मनीष टांग बचपन से ही एक अच्छे क्रिकेटर रहे हैं महज 16 साल के उम्र में मनीष टांग ने नवादा के तरफ से हेमन ट्रॉफी में पदार्पण किया था तथा शानदार प्रदर्शन से एवं विकेट कीपिंग से पूरे राज्य भर में अपना नाम बनाया था। नवादा की तरफ से वह अंडर-19 तथा हेमन ट्रॉफी के 71 मैचों में जिले का प्रतिनिधित्व किया है। उनके मौत पर जिला क्रिकेट संघ नवादा के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य गण ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए कामना करता है। उनके लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नवादा जिला क्रिकेट संघ इस दुख की घड़ी में उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना करता है।

## कल्याण बिगहा में 25 व 50 मीटर इंडोर शूटिंग रेंज निर्माण की प्रक्रिया तेज

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो**। नालंदा जिले के कल्याण विगहा में खेल अधोसंरचना को सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। यहां पूर्व से संचालित 10 मीटर इंडोर शूटिंग रेंज के पीछे 25 मीटर एवं 50 मीटर की अतिरिक्त इंडोर शूटिंग रेंज के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 2421.97 लाख रुपये (24 करोड़ 21 लाख 97 हजार रुपये) की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भवन निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य के लिए 20 करोड़ रुपये की तकनीकी स्वीकृति पहले ही प्रदान की जा चुकी है। इसके आलोक में नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ (भवन निर्माण विभाग) की ओर से निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित कर दी गई है, जिससे परियोजना के धरातल पर उतरने की प्रक्रिया तेज हो गई है। परियोजना के अंतर्गत 25 मीटर एवं 50 मीटर इंडोर शूटिंग रेंज के साथ-साथ एक प्रशासनिक भवन (जी+2) का निर्माण भी किया जाएगा। इससे न केवल खिलाड़ियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने कार्यपालक अभियंता, नालंदा भवन प्रमंडल, बिहारशरीफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण किया जाए, ताकि जिले के उभरते खिलाड़ियों को इसका शीघ्र लाभ मिल सके।

## राजगीर मकर मेला स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और स्वरोजगार को देगा बढ़ावा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आयोजित राजगीर मकर मेला 2026 का विधिवत उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग सह परिवहन मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह में आस्था, संस्कृति और उत्सव का सुंदर संगम देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राजगीर मकर मेला केवल धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और स्वरोजगार को भी मजबूती प्रदान करता है। ऐसे आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले में पारंपरिक हस्तशिल्प, कृषि मेला,




स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झूले एवं मनोरंजन के विविध साधनों की आकर्षक व्यवस्था की गई है। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक, सभी वर्गों में मेले को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मकर मेला 2026 के अंतर्गत आयोजित कृषि मेला में उन्नत फसलों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों के साथ-साथ सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। मेले के दौरान आयोजित "दही खाओ–इनाम पाओ" प्रतियोगिता आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्धारित समय में चुनौती पूरी करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा, मकर मेला 2026 के अवसर पर आयोजित भव्य पतंग प्रदर्शनी लोगों के लिए विशेष आकर्षण बनी। मेला समिति एवं स्थानीय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रदर्शनी में रंग-बिरंगी पतंगों ने आकाश को उत्सवमय बना दिया। मेले के दौरान विधि-व्यवस्था, शांति व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। उद्घाटन समारोह में विधान पार्षद रीना यादव, इस्लामपुर विधायक रोहेल रंजन, राजगीर विधायक कौशल किशोर, नगर परिषद राजगीर की उपाध्यक्ष मुन्नी देवी, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक भारत सोनी, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, उप विकास आयुक्त शुभम कुमार सहित अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर के कई प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरओबी निर्माण पर सहमत हुए संजय साव, आरओबी का डिजाइन बदलने की की मांग

### मौजूदा प्रारूप से नवादा शहर को होगा भारी नुकसान : संजय साव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहर में प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव ने आरओबी निर्माण पर सहमति जताते हुए इसके मौजूदा डिजाइन पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास के वे विरोधी नहीं हैं, लेकिन वर्तमान डिजाइन में आरओबी का निर्माण नवादा शहर के लिए विनाशकारी साबित होगा। प्रेस वार्ता के दौरान राजद नेता विनय यादव , नगर परिषद पूर्व मुख्य पार्षद अशोक साव, संदीप कुमार चुन्नु भी मौजूद थे।



संजय साव ने बताया कि नवादा शहर लगभग 170 बहुमंजिली इमारत ध्वस्त हो जाएगा । आरओबी के मौजूदा प्रारूप से शहर के दोनों हिस्सों के बीच आवागमन बुरी तरह प्रभावित होगा। रेलवे गुमटी बंद होने से तीन नंबर स्टैंड के तरफ से आने वाले सभी तरह के यात्री पैदल दो चक्का तीन चक्का चार चक्का और भारी वाहन अस्पताल के आगे पुरानी जेल रोड के पास उतरेंगे और बाजार तरफ से तीन नंबर स्टैंड के तरफ जाने वाली यात्री वहीं से आरोपी पर चलेंगे और वहां से पर्यटन चौक की दूरी 100 से 200 मीटर दूर है जो पराया जाम रहता है एक ही जगह चढ़ने उतरने से जाम भीषण हो जाएंगे जिससे अस्पताल रोड गोला रोड में रोड स्टेशन रोड के व्यापारियों के व्यापार पर असर पड़ेगा साथी शहर में आवागमन करने वाले सभी तरह के यात्री वाहन स्कूल वाहन को भी परेशानी होगी । उन्होंने कहा कि इस परियोजना से 170 मकान, 308 दुकानें, 61 गुमटी और 5 छोटे-बड़े मंदिर प्रभावित होंगे। साथ ही सदर अस्पताल, पशु अस्पताल और पोस्ट ऑफिस जैसी जरूरी सेवाएं भी इसकी जद में आएंगी, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि आरओबी निर्माण के दौरान बिजली के पोल और तार, ट्रांसफार्मर, नल-जल योजना तथा नाली सिस्टम को हटाना या स्थानांतरित करना पड़ेगा, जिससे शहर की मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होंगी।

पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव ने प्रशासन से मांग की कि आरओबी का डिजाइन जनहित को ध्यान में रखते हुए बदला जाए और वैकल्पिक मार्ग व संरचना पर गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना व्यापक जनसुनवाई और प्रभाव मूल्यांकन के वर्तमान डिजाइन को लागू करना शहर के भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा ।

## विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, भवन प्रमंडल, बीएमएसआइसीएल एवं बीएसइआइडीसी से संबंधित विकास योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभागीय अभियंताओं द्वारा जिले में प्रगति पर चल रहे समस्त भवन निर्माण एवं अवसंरचना विकास कार्यों का बिंदुवार विवरण प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को नियमित स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने का स्पष्ट निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि स्वीकृत योजनाओं की प्रगति से संबंधित भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन प्रतिमाह उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। विद्यालयों, स्वास्थ्य संस्थानों, पुल-पुलियों तथा सरकारी कार्यालय भवनों के निर्माण कार्यों का नियमित स्थल निरीक्षण किया जाए। साथ ही, लंबित कार्यों के कारणों की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम तत्काल उठाने तथा संवेदकों/एजेंसियों की जिम्मेदारियों का स्पष्ट निर्धारण करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बीएमएसआइसीएल एवं बीएसईआइडीसी के अभियंताओं को विशेष रूप से निर्देशित किया कि सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी परिस्थिति में विलंब न हो। इस अवसर पर चल रही परियोजनाओं से संबंधित गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट भी साझा की गई।

## मुख्य पार्षद व वार्ड पार्षद ने कराया दही-चूड़ा भोज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नवादा नगर परिषद क्षेत्र में दही-चूड़ा भोज का आयोजन चर्चा का विषय बना रहा। नवादा नगर परिषद के पूर्व मुख्य पार्षद संजय साव और पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी की ओर से शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों और पत्रकारों ने भाग लिया।

पूर्व वार्ड पार्षद मनोज चंद्रवंशी द्वारा अपने नए फ्लैट में आयोजित दही-चूड़ा भोज में स्थानीय विधायक विभा देवी विशेष रूप से शामिल हुईं। इस अवसर पर कई वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी रही। अतिथियों ने पारंपरिक दही-चूड़ा का आनंद लेते हुए आयोजन की सराहना की और एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।



वहीं दूसरी ओर, पूर्व मुख्य पार्षद संजय साहू की ओर से आयोजित दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में जिला मुख्यालय से दो दर्जन से अधिक पत्रकारों ने शिरकत की। इस आयोजन में शहर की सामाजिक और राजनीतिक हलचल साफ दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान सौहार्दपूर्ण माहौल रहा और पत्रकारों के साथ विचार-विमर्श भी हुआ।

दोनों आयोजनों ने यह संदेश दिया कि पर्व और परंपराएं सामाजिक एकता को मजबूत करने का माध्यम होती हैं। मकर संक्रांति जैसे लोकपर्व पर इस तरह के आयोजन न केवल सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत रखते हैं, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य भी करते हैं।

## पत्रकार की माता का निधन, शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। शहर के मिर्जापुर निवासी पत्रकार मुकेश पांडेय की माता, उर्मिला पांडेय का इलाज के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 87 वर्ष की थीं। उनके निधन की खबर से परिवार, रिश्तेदारों एवं क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार, उर्मिला पांडेय पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी और पटना के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। वे सरल, धार्मिक प्रवृत्ति की और परिवार को जोड़कर रखने वाली महिला थी। उनके निधन पर पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है और शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## शहरवासियों को राहत देने के लिए डॉग वैन, शेल्टर हॉल और टोल फ्री सेवा शुरू

### आवारा कुत्तों पर नगर परिषद की बड़ी पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नगर परिषद ने शहर में लगातार बढ़ रहे आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ठोस और प्रभावी कदम उठाने की दिशा में कमर कस ली है। आवारा कुत्तों के कारण राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने के उद्देश्य से नगर परिषद द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसे जल्द ही धरातल पर उतारा जाएगा।

**बुधौल बस स्टैंड के पास बन रहा आवारा कुत्तों का अस्थायी आवास**

नगर परिषद की ओर से बुधौल बस स्टैंड के समीप लगभग 800 वर्गफुट क्षेत्रफल में एक हॉल तैयार किया जा रहा है। यह हॉल अस्थायी रूप से आवारा कुत्तों को रखने के लिए बनाया जा रहा है, जहां उन्हें सुरक्षित वातावरण में रखा जाएगा। यहां लाए गए सभी कुत्तों को तीन दिनों तक समुचित भोजन दिया जाएगा और उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जाएगी. इसके बाद सभी कुत्तों का टीकाकरण (वैक्सीनेशन) किया जाएगा, ताकि रेबीज जैसी घातक बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।

**डॉग वैन से होगी शहरभर में पकड़ने की कार्रवाई**

नगर परिषद ने इसके लिए विशेष रूप से एक डॉग वैन भी मंगाई है। यह डॉग वैन शहर के विभिन्न इलाकों में घूमकर आवारा कुत्तों को पकड़ने का काम करेगी। पकड़े गए कुत्तों को सीधे बुधौल बस स्टैंड के पास बन रहे आवास हॉल में लाया जाएगा, जहां उनकी देखरेख और वैक्सीनेशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नगर परिषद का मानना है कि इस व्यवस्था से **शहर में आवारा कुत्तों का आतंक काफी हद तक कम होगा**।






नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने बताया इस संबंध में नगर परिषद की अध्यक्ष पिंकी कुमारी ने बताया कि नगर परिषद हमेशा शहरवासियों की सुरक्षा और सुविधा को लेकर चिंतित रहती है। शहर में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के कारण लोगों में डर का माहौल बन रहा था, जिसे खत्म करना हमारी प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए डॉग वैन मंगाई गई है और कुत्तों के लिए व्यवस्थित आवास की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के बाद कुत्तों को सुरक्षित तरीके से रखा जाएगा और शहर में उनके लिए भोजन की भी समुचित व्यवस्था की जा रही है।

दो–तीन दिनों में एजेंसी को सौंपा जाएगा कार्य

नगर परिषद अध्यक्ष के अनुसार, पूरी व्यवस्था को बहुत जल्द, यानी अगले दो से तीन दिनों में संबंधित एजेंसी को सौंप दिया जाएगा। एजेंसी का मुख्य कार्य शहर में घूम रहे सभी आवारा कुत्तों को पकड़कर वैक्सीनेशन हॉल तक पहुंचाना होगा। इसके साथ ही शहर के कई स्थानों पर आवारा कुत्तों के लिए भोजन रखने के खाना स्थल भी बनाए जा रहे हैं, ताकि वे इधर-उधर भटककर लोगों को परेशान न करें।

टोल फ्री नंबर से कर सकेंगे शिकायत

## रंगदारी मारपीट व अपहरण की प्राथमिकी दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां**। प्रखण्ड के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय चढिहारी की प्रभारी प्रधान शिक्षिका ने रंगदारी की मांग, मारपीट और जबरन अपहरण का प्रयास के मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रधान शिक्षिका ने ने आवेदन में बताया कि 13 जनवरी की सुबह करीब 9:30 बजे वह विद्यालय खोलकर कार्यालय में कार्य कर रही थीं। इस दौरान चढ़ियारी निवासी कैलाश चौहान का पुत्र सुबेलाल चौहान उर्फ सूरजभान चौहान कार्यालय में घुस आया और कथित रूप से चावल बेचने का आरोप लगाते हुए 10 हजार रुपये रंगदारी की मांग की। इंकार करने पर आरोपित आगबबूला हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप लगाया गया है कि आरोपिय ने गाली-गलौज करते हुए बुरी नीयत से प्रभारी प्रधान शिक्षिका को घसीटते हुए कार्यालय से बाहर निकाला। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को भी धमकाकर बाहर निकाल दिया गया और विद्यालय के सभी गेट पर अपना ताला लगा दिया गया। इसके बाद आरोपी ने उन्हें जबरन अपनी थार गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर स्थानीय लोगों के जुटने से वह बच सकीं। प्रभारी प्रधान शिक्षिका ने तत्काल पकरीबरावां थाना को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें सुरक्षित थाने लाई। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार की संध्या आरोपित सुबेलाल चौहान को गिरफ्तार कर लिया। आवेदन में वर्णित थार वाहन को भी जब्त कर थाना लाया गया है। इस संबंध में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पौरुष अग्रवाल ने बताया कि आटोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इन्होने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## मां सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ 19 जनवरी से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड क्षेत्र के नारदीगंज पंचायत के पड़रिया गांव (बिचली टोला) में आगामी 19 जनवरी से आयोजित सात दिवसीय मां सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के लिए यज्ञ मंडप निर्माण कार्य युद्धस्तर से हो रहा है। मां सरस्वती मंदिर के समीप यज्ञ मंडप और यज्ञवेदी का निर्माण श्रद्धालुओं और कारसेवकों के माध्यम से तन्यमयता के साथ बुधवार को भी जारी रहा। यज्ञ मंडप और पंडाल के निर्माण में मुजफ्फरपुर के अनिल कुमार वेदी,योगेन्द्र कुमार, सिकन्दर कुमार, गरीबन कुमार समेत अन्य कारीगर दिन रात एक करके पूरा करने में लगे हुए है। बीते चार जनवरी को यज्ञ व सरस्वती की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ध्वजारोहण हुआ। उसके बाद से ही ग्राम वासियों द्वारा लहसुन, प्याज, मांस, मछली किसी प्रकार का नशा का सेवन वर्जित कर दिया गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष रंजीत कुमार बौआ जी, सचिव अखिलेश कुमार सुमन ने कहा मां सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के अवसर पर श्री मद भगवत कथा भी आयोजित होगी। उन्होंने कहा आगामी 19 जनवरी को जल यात्रा, पंचांग पूजन,मंडप प्रवेश, एवं अग्नि मंथन के साथ यज्ञ शुरू किया जाएगा। कहा गया 20 जनवरी को वेदी पूजन, जलाधिवास, 22 जनवरी को वेदी पूजन, नगर भ्रमण का कार्य किया जाएगा। 23 जनवरी को महान्यास, 24 घंटे का अखंड कीर्तन एवं माता सरस्वती का प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। 25 जनवरी को हवन, भंडारा के साथ यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। वही कथा 19 जनवरी से शुरु होगी, जो 24 जनवरी तक कथा वाचिका श्री वृन्दावन निवासी खुशी किशोरी जी के द्वारा किया जाएगा। यज्ञ का पूरा कार्यक्रम वाराणसी निवासी आचार्य लव कुश पाण्डेय के नेतृत्व में संपन्न किया जाएगा।

# नई दिल्ली में भाजपा पूर्वांचल मोर्चा कार्यालय में दही-चूड़ा भोज का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार आज नई दिल्ली स्थित भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं और मंगलकामनाएं प्रेषित कीं तथा पर्व के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने डॉ प्रेम कुमार को अंगवस्त्र और मिथिला पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान भारतीय सांस्कृतिक विरासत और लोककलाओं के संरक्षण का प्रतीक माना गया। पूरे कार्यक्रम में उत्सवपूर्ण वातावरण देखने को मिला जहां पारंपरिक व्यंजनों के साथ मकर संक्रांति की लोकपरंपराओं का उल्लासपूर्वक निर्वहन किया गया। दही-चूड़ा भोज कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं, सामाजिक समरसता और संगठनात्मक एकता का जीवंत संदेश दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पर्व समाज को जोड़ने, आपसी भाईचारे को मजबूत करने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली पूर्वी के सांसद मनोज तिवारी की भी उपस्थिति रही। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के अनेक समर्पित कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने मिलकर पर्व की खुशियां साझा कीं और संगठन की एकजुटता को और सशक्त करने का संकल्प लिया। समारोह के अंत में आयोजकों ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम संगठन और समाज के बीच मजबूत सेतु का कार्य करते हैं तथा भारतीय परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## रेल ट्रैक पेट्रोल मैन वकील यादव की मौत पर जताया शोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल अंतर्गत गया जंक्शन के रेल ट्रैक पेट्रोल मैन वकील यादव की ड्यूटी के दौरान ट्रेन की चपेट में से आने से हुई मौत पर रेल यूनियन में काफी असंतोष और व्याप्त है। साथ ही कहा जा रहा है कि रेल प्रशासन द्वारा असुरक्षित ट्रैक संरक्षण नीति के कारण ही पेट्रोलिंग के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए रण ओवर हो रहे हैं। ईसीआरईयू के केंद्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार पासवान ने इस तरह की हो रही घटना की जांच की मांग उठाते हुए कहा कि कर्मचारियों के जान माल से खेल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से लोकल स्तर पर पूरे जोन में पेट्रोलमैन से 16 से 20 किलो मीटर तक पेट्रोलिंग करवाने को लेकर विरोध कर रहे थे।

## एक नजर

### बिजली चोरी के खिलाफ कार्रवाई, सात लोगों पर जुर्माना सहित मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गांव में विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए सात लोगों के खिलाफ जुर्माना लगाते हुए बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता विकास कुमार ने बताया कि जांच के दौरान विद्युत चोरी की पुष्टि होने पर संबंधित उपभोक्ताओं पर जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि मिथिलेश कुमार पासवान पर 23,993 रुपये, किरण देवी पति विनोद पासवान पर 39,131 रुपये, रामसखी देवी पति सियाराम सिंह पर 19,100 रुपये, सियाराम शर्मा पर 8,221 रुपये, अखिलानंदन शर्मा पर 4,719 रुपये, योगेंद्र शर्मा पर 17,403 रुपये तथा मंजू देवी पति सुभाष शर्मा पर 17,917 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। वहीं कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### जमीन विवाद में महिला से मारपीट, हालत गंभीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 12 जनवरी की चिचोरा मोड़ के पास की बताई जा रही है। पीड़ित महिला लालती देवी (48 वर्ष), पति अनिल यादव, सलेमपुर गांव की निवासी हैं। पीड़िता के पुत्र गजेंद्र कुमार ने थाने में दिए आवेदन में बताया कि उनकी मां अपने मकान का छज्जा अपनी निजी जमीन में निकाल रही थीं। इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि मारपीट के दौरान लाठी, डंडा और बल का प्रयोग किया गया जिससे लालती देवी के सिर में गंभीर चोट आई और वह बेहोश होकर गिर पड़ीं। आनन-फानन में परिजनों द्वारा उन्हें कोंच स्थित सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया। घटना में शामिल 5 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### चोरी की बाइक के साथ तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गयाजी।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी की एक पैशन प्रो बाइक के साथ तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बरामद मोटरसाइकिल के संबंध में पूर्व में जमुई जिला के चकाई थाना कांड संख्या 18/15, 04.03.2015, धारा 379 भा.द.वि. के तहत मामला दर्ज है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान गुलशाद, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता-गुलाम मुस्तफा, साकिन मुशाहना सोहराब आलम, उम्र करीब 22 वर्ष, पिता नौशाद आलम, साकिन छोड़बंद दोनों थाना बाराचट्टी, जिला-गया अनिल पासवान, उम्र करीब 31 वर्ष, पिता राजेंद्र पासवान, साकिन लालटेनगंज, थाना-मदनपुर, जिला औरंगाबाद शामिल हैं। यह कार्रवाई बहेरा थाना गेट मुख्य मार्ग पर की गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए प्राथमिकी दर्ज की तथा सभी अभियुक्तों को न्यायालय में उपस्थापित किया। न्यायालय के आदेश के पश्चात तीनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार की दिल्ली की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** बुधवार को बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने दिल्ली सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मकर संक्रांति के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। भेंट के दौरान डॉ प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर स्नेहपूर्ण स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुलाकात हुई जिसमें आपसी सम्मान और सकारात्मक संवाद देखने को मिला। मकर संक्रांति जैसे सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व के पर्व पर हुई यह भेंट आपसी सद्भाव और सहयोग का प्रतीक रही। सूत्रों के अनुसार इस शिष्टाचार भेंट के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में आपसी समन्वय, लोकतांत्रिक मूल्यों और लोककल्याण से जुड़े विषयों पर भी अनौपचारिक चर्चा हुई। डॉ प्रेम कुमार ने मकर संक्रांति को भारतीय संस्कृति में नई ऊर्जा, नई आशा और समृद्धि का प्रतीक बताया तथा कहा कि यह पर्व समाज में सकारात्मकता और भाईचारे का संदेश देता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी मकर संक्रांति के अवसर पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति और परिश्रम के सम्मान का संदेश देता है। उन्होंने इस अवसर पर बिहार और दिल्ली के लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# गया में मकर संक्रांति पर डालमिया बाजार और यज्ञ समिति की ओर से पतंग उत्सव आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर भगवान विष्णु नगरी गया के गांधी मैदान में बुधवार को पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री रामचरित मानस नवाहन परायण यज्ञ समिति और डालमिया बाजार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। सुबह लगभग ग्यारह बजे दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन आयोजक शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना डालमिया, महिला हेल्पलाइन की आरती कुमारी, महानगर जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष राजू वर्णवाल और अनिल स्वामी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आयोजन में महिला, पुरुष और बच्चों की बड़ी संख्या में सहभागिता रही जिससे पूरा गांधी मैदान उत्सवमय माहौल से भर गया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता के लिए आयोजक शिव कैलाश डालमिया की ओर से लटाई, पतंग और धागे की समुचित व्यवस्था की गई थी। प्रतियोगिता में हजारों की संख्या में बच्चों ने भाग लिया, वहीं समाजसेवी और प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की भी सक्रिय भागीदारी रही। प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रतिभागी ने बीस पतंग काटकर जीत दर्ज की तो किसी ने पंद्रह और किसी ने दस पतंग काटकर सफलता हासिल की। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में पतंग उड़ाकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विपेंद्र अग्रवाल, रेणु देवी डालमिया, विनोद जसरापुरिया, अनिल स्वामी, प्राण मित्तल, अनंत धीश अमन, सुनील बम्बइया, सारिका वर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से मकर संक्रांति की लोक परंपराओं, आपसी सौहार्द और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया गया।



# जीएस रिसोर्ट पर दिनदहाड़े हुई फायरिंग, किया पथराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** विष्णुपद थाना इलाके में दिनदहाड़े फायरिंग हुई है। जीएस रिसोर्ट को निशाना बनाकर गोली चलाई गई और पथराव किया गया। इसका कारण रास्ता का विवाद बताया गया है। रिसोर्ट के संचालक का आरोप है कि इलाके के दबंग जबरन रास्ते की डिमांड कर रहे थे। रास्ता नहीं देने के बाद उन्होंने जानलेवा हमला किया है। आरोप है कि 40 की संख्या में पहुंचे उपद्रवियों ने रिसोर्ट को घेर लिया और पथराव शुरू कर दिया। रिसोर्ट मालिक ने कहा है कि हमलावरों ने 7 से 8 राउंड गोलियां चलाईं। इसके साथ ही रिसोर्ट परिसर की ओर जमकर पथराव भी किया गया। स्थानीय लोगों से लंबे समय से रास्ते को लेकर तनातनी चल रही थी। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए। मौके पर मौजूद कर्मचारी और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। कुछ देर तक इलाके में तनाव की स्थिति बनी रही। फायरिंग और पथराव की वजह से रिसोर्ट में मौजूद लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही विष्णुपद थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूरे इलाके को घेरकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाल रही है। ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। डीएसपी मनोज साह का कहना है कि रास्ते के विवाद को लेकर घटना को अंजाम दिया गया है। मामले में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल यहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है, ताकि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रहे।



## पुलिस पर जानलेवा हमला मामले में फरार 11 आरोपितों के घर कुर्की-जब्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के बड़गांव गांव में पुलिस पर जानलेवा हमला करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 11 आरोपितों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। बुधवार को न्यायालय के आदेश पर फतेहपुर और टनकुप्पा थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने इन फरार आरोपितों के घरों में कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। कुर्क की गई संपत्तियों को थाना लाकर सुरक्षित रखा गया है। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में कुल 20 नामजद और 30 अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अब तक कई आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है जबकि 11 आरोपित अभी भी फरार हैं। ये न तो गिरफ्तारी दे रहे हैं और न ही न्यायालय में आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में कोर्ट से कुर्की-जब्ती का वारंट जारी किया गया था जिसके आलोक में यह कार्रवाई की गई।

# कई कांडों में फरार कुख्यात सीता भुइयां गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के निर्देश पर गया पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से कई कांडों में फरार चल रहे जिले के कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया। एसएसपी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गिरफ्तार अपराधी औरंगाबाद जिले के देव थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव निवासी सीता भुइयां उर्फ हित कुमार है। एसएसपी ने बताया कि वर्ष 2025 में गुरुआ थाना क्षेत्र के जयपुर गांव में पोकलेन मशीन से सरकारी कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान अपराधियों ने पोकलेन मशीन की चाभी छीन ली और ठेकेदार से रंगदारी की मांग की। रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। इस मामले में गुरुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना के बाद से ही इसमें शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल कुख्यात अपराधी सीता भुइयां उर्फ हित कुमार रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हमीनाबाद गांव स्थित अपने ससुराल आया हुआ है। सूचना मिलते ही एसएसपी गया के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक गया के मार्गदर्शन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी-01 के नेतृत्व में गुरुआ थाना की पुलिस टीम ने एसटीएफ के साथ संयुक्त छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी को उसके ससुराल से गिरफ्तार कर लिया गया।

# इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में मगध विश्वविद्यालय की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया जी।** इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 के अंतर्गत रावेन शॉ यूनिवर्सिटी कटक (ओडिशा) में मुकाबला खेला गया जिसमें मगध विश्वविद्यालय बोधगया की क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कलिगा यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर को 44 रनों से पराजित किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मगध विश्वविद्यालय की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 182 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कलिगा यूनिवर्सिटी की 20 ओवर में सात विकेट खोकर 138 रन ही बना सकी। वहीं गेंदबाजी में आदर्श कुमार सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट झटके। वहीं राहुल कुमार, रंजीत कुमार, दीपक कुमार व आदित्य राज ने 1-1 विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। इस मौके पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट में मगध विश्वविद्यालय की टीम का शानदार प्रदर्शन अत्यंत प्रशंसनीय है। खिलाड़ियों ने जिस समर्पण, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया है वह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। गया कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. सतीश सिह ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय को नई पहचान दिला रहे हैं। मगध विश्वविद्यालय के डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर डा. प्रमोद कुमार चौधरी, स्पोर्ट्स इंचार्ज डा. सुदर्शन राय, गया कॉलेज एथलेटिक्स सोसाइटी के अध्यक्ष डा. आनंद कुमार सहित विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्यों ने भी टीम को जीत की बधाई दी। टीम मैनेजर अंजनी कुमार ने बताया कि यह टीम की लगातार दूसरी जीत है और मैच काफी रोमांचक रहा। इधर टीम की सफलता में स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिग कोच रजनीकांत, असिस्टेंट कोच फैजान खान, रितिक कुमार, राहुल सहित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सौदागर कॉम्पलेक्स स्थित एलन कैम्पस में संक्रांति पर किया गया पूजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** राजधानी पटना में सफल दो वर्ष के बाद विद्यार्थियों और अभिभावकों के भरोसे को और अधिक मजबूती देने के लिए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट अब बिहार के छह अन्य महत्वपूर्ण शहरों में भी शुरू हो चुका है। इसी क्रम में गयाजी में 20 जनवरी से कक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के वाइस प्रेसिडेंट एवं जोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने बताया कि गयाजी में कैम्पस का कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां पटना-गया-डोभी रोड पर सौदागर कॉम्पलेक्स में एलन एडमिशन ऑफिस एवं क्लासरूम कैम्पस बुधवार को मकर संक्रांति के अवसर पर एकेडमिक हेड करण गुप्ता ने पूजा की और कैम्पस का शुभारंभ किया। गुप्ता को 20 वर्षों का कैमिस्ट्री अध्यापन का अनुभव है। एकेडमिक हेड करण गुप्ता ने बताया कि एलन कोटा की तर्ज पर एलन गयाजी में वातानुकूलित क्लासरूम कैम्पस, पर्सनलाइज्ड डाउट सॉल्विंग काउंटर्स एवं पर्सनल मेंटरशिप के साथ अध्यापन कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही 10वीं बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए रिवीजन क्लासेज एवं 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए भी कक्षाएं प्रारंभ की गई हैं। वहीं कक्षा 6 से 9वीं तक के विद्यार्थियों के फाइनल एग्जाम के लिए भी रिवीजन क्लासेज शुरू हो चुकी है। विद्यार्थियों को घर बैठे एआईओटी एवं सीबीटी जैसे नेशनलाइज्ड टेस्ट सिस्टम्स भी मिलेंगे।





## पूर्व रेलवे

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीगेट-एनडीई-26, दिनांक: 12.01.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, नई डीआरएम बिल्डिंग, चतुर्थ तल, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: एसडीएसटीई-एलएचएस-एलसीगेट-एनडीई-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल- निम्नलिखित के संबंध में सिग्नलिंग कार्य-अनुसूची ए1-एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 18 के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। अनुसूची ए2-एईएन/नबद्वीपधाम (टेलीकॉम) के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 18 के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। अनुसूची बी1-एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 12ए/1 के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। अनुसूची बी2-एईएन/नबद्वीपधाम के क्षेत्राधिकार के तहत स्टेशन धात्रिग्राम-समुद्रगढ़ के बीच किमी सं. 53/33-35 पर गेट स. 12ए/1/ई पर लिमिटेड हाइट सबवे के निर्माण के लिए टेलीकम्यूनिकेशन लागत। अनुसूची सी1-एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 17/ए/6 के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। अनुसूची सी2-एईएन/नबद्वीपधाम (टेलीकॉम) के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट सं. 17/ए/6 के स्थान पर नए लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 3,05,22,844.70, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 3,02,600/-। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 12.01.2026 को 12.37 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 20.01.2026। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 03.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-533/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


रजिस्ट्री सं. डी.एल.—33004/99 Regd. No. D.L.-33004/99

## भारत का राजपत्र
## The Gazette of India

सी.जी.-बी.आर.-अ.-08012026-269190
CG-BR-E-08012026-269190

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप—खण्ड (ii)
PART II - Section 3 - Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 72] नई दिल्ली, सोमवार, जनवरी 5, 2026/पौष 15, 1947
No. 72] NEW DELHI, MONDAY, JANUARY 5, 2026/PAUSHA 15, 1947

रेल मंत्रालय
(पूर्व मध्य रेल)

**अधिसूचना**

पटना, 23 दिसम्बर, 2025

**का.आ. 82(अ)** — केंद्रीय सरकार ने रेल अधिनियम, 1989 (1989 का 24) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 20A की उपधारा (1) के अधीन जारी, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3 उपखण्ड (II) तारीख 13 जनवरी 2025 में प्रकाशित, भारत सरकार के रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1534(अ) तारीख 29 मार्च, 2025 (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) द्वारा उक्त अधिसूचना से उपबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट को बिहार राज्य में जिला गया विशेष रेल परियोजना, अर्थात, ईस्टर्न डेडीकेटेड फ्रेट कोरीडोर के हिस्से के रूप में सोन नगर—अंडाल (374.53 मार्ग किमी.) के निष्पादन, रख रखाव, प्रबन्ध और प्रचालन के प्रयोजन के लिए अर्जित करने के अपने आशय की घोषणा की थी,

और उक्त अधिसूचना का सार, उक्त अधिनियम की धारा 20A की उपधारा (4) के अधीन दैनिक समाचार पत्रों, दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान एवं प्रभात खबर में तारीख 09 और 10 अप्रैल 2025 में प्रकाशित किया गया था।

और, कोई आक्षेप नहीं हुए थे और सक्षम प्राधिकारी द्वारा उन पर विचार किया गया, तद्नुसार आदेश पारित कर दिये गये,

और, उक्त अधिनियम की धारा 20E की उप धारा (1) के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी ने अपनी रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत कर दी है।

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी से उक्त रिपोर्ट के प्राप्त होने पर और उक्त अधिनियम की धारा 20D की उप—धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि इससे उपाबद्ध अनुसूची विनिर्दिष्ट भूमि पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जित की जाएगी,

और यह कि केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 20E की उप—धारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशित होने पर इससे उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी बिल्लंगमों से मुक्त होकर केन्द्रीय सरकार में आत्यंतिक रूप से निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**बिहार राज्य के गया जिले में विशेष रेल परियोजना, अर्थात ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कोरी डोर के हिस्से के रूप में सोन नगर—अंडाल (374.53 मार्ग किमी) रेल लाईन के लिए संरचना सहित या उसके रहित अर्जित की जाने वाले भूमि का संक्षिप्त विवरण।**

| क्रम सं. | मौजा का नाम | थाना सं./थाना का नाम | खाता सं० | प्लॉट सर्वेक्षण सं. | क्षेत्र (हे.) | क्षेत्र (ए.) | जमीन का प्रकार | जमीन की प्रकृति | भूमि के मालिक/हितबद्ध रैयत का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मानपुर (वार्ड नं. 29) | 250 (मुफस्सिल) | 856 | 1194 | 0.0202 | 0.0500 | रैयत | आवासीय सड़क | सुरैया प्रवीण मो. इंद्रीस अहमद |
| 2 | | | | | 0.0132 | 0.0325 | रैयत | | आबिद हुसैन पिता मो. नेजामउदीन |
| 3 | | | | | 0.0091 | 0.0225 | रैयत | | सुनिता गुप्ता पति दीपक कुमार |
| 4 | | | | | 0.0121 | 0.0300 | रैयत | | विनय आजाद वो विजय आजाद पिता स्व. अंतु साव |
| 5 | | | | | 0.0121 | 0.0300 | रैयत | | अजीत कुमार पिता इन्द्र प्रसाद |
| 6 | | | | | 0.0091 | 0.0225 | रैयत | | अरविन्द प्रकाश पिता मंगल चन्द्र |
| 7 | | | | | 0.0121 | 0.0300 | रैयत | | प्रभाकर कुमार पिता श्यामबिहारी शर्मा |
| 8 | | | | | 0.0111 | 0.0275 | रैयत | | सविता देवी पति प्रमोद सिंह |
| 9 | | | | | 0.0354 | 0.0875 | रैयत | | जगत विजय सिंह पिता रामधीन सिंह |
| 10 | | | | | 0.0334 | 0.0825 | रैयत | | भरत विजय सिंह पिता रामधीन सिंह |
| 11 | | | | | 0.0061 | 0.0150 | रैयत | | जयराम मालाकार पिता लाला मालाकार |
| 12 | | | | | 0.0061 | 0.0150 | रैयत | | अनुज मालाकार पिता लाला मालाकार |
| 13 | | | | | 0.0040 | 0.0100 | रैयत | | मंजु गुप्ता पति भोला शंकर |
| 14 | | | | | 0.0061 | 0.0150 | रैयत | | सतीश कुमार वो नितिश कुमार पिता कौशलेन्द्र प्रसाद |
| 15 | | | | | 0.0061 | 0.0150 | रैयत | | संजय सिंह पिता धारू सिंह |
| 16 | | | | | 0.0074 | 0.0183 | रैयत | | विरजु साव पिता स्व. महावीर साव |
| 17 | | | | | 0.0172 | 0.0425 | रैयत | | डुगेवर प्रसाद पिता स्व. टेकनारायण प्रसाद |
| 18 | | | | | 0.0162 | 0.0400 | रैयत | | गेन्दलाल प्रसाद पिता स्व. गोपाल राम |
| | कुल रकवा | | | | 0.2371 | 0.5858 | | | |

[फा. सं. L. No. DCE/Con/GAYA/LA/EDFC-Son Nagar-Andal]
रामाश्रय पांडेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण

पीआर/1606/कॉन गया/सीओएनएसटी/गजट/25–26/270

संपादकीय

# कृषक कल्याण वर्ष
## किसान समृद्धि की दिशा

मध्य प्रदेश सरकार ने 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' घोषित कर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल के जंबूरी मैदान में इसका औपचारिक ऐलान किया। यह घोषणा न केवल राज्य के लाखों किसानों के लिए उत्साहजनक है, बल्कि कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक भी है। पूरे वर्ष 16 विभाग मिलकर किसानों के कल्याण से जुड़ी गतिविधियां संचालित करेंगे, जो खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने और आय दोगुनी करने पर केंद्रित होंगी। यह प्रयास मध्य प्रदेश को कृषि नवाचार का केंद्र बनाने की दिशा में एक रणनीतिक पहल है। मध्य प्रदेश, जो कृषि प्रधान राज्य है, पहले ही अपनी उपलब्धियों से देश को प्रभावित कर चुका है। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि राज्य एकमात्र ऐसा है जहां खेती का रकबा ढाई लाख हेक्टेयर बढ़ गया है। यह वृद्धि वर्षों के सतत प्रयासों का परिणाम है, जिसमें सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, बीज सुधार और बाजार सुधार शामिल हैं। अब 'कृषक कल्याण वर्ष' के तहत अनुसंधान, इनोवेशन और युवाओं को कृषि से जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। कृषि पर्यटन से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे, जबकि डेयरी, पशुपालन, मत्स्य पालन और फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा मिलेगा। फल, सब्जी, मसाला व औषधीय फसलों का उत्पादन मजबूत होगा, जो किसानों की विविधीकरण की क्षमता बढ़ाएगा। इस पहल की ताकत 16 विभागों का समन्वित कार्य है। कृषि से जुड़े उद्योगों को सब्सिडी, स्टार्टअप को प्रोत्साहन और मेगा फूड पार्क तथा एग्री प्रोसेसिंग क्लस्टर्स का विकास होगा। कृषि अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जो पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देंगे। 'एमपी ग्लोबल एग्री ब्रांडिंग' और 'एग्री-हैकाथॉन' जैसी नवाचारी गतिविधियां राज्य के उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ेंगी। तीन नए रिसर्च सेंटर डिंडोरी में श्रीअन्न (मिलेट्स), ग्वालियर में सरसों और उज्जैन में चना कृषि अनुसंधान को नई गति देंगे। साथ ही, नर्मदापुरम में आम महोत्सव, नरसिंहपुर में गन्ना महोत्सव और अक्टूबर-नवंबर में फूड फेस्टिवल आयोजित होंगे, जो स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग देंगे। हालांकि, यह घोषणा सराहनीय है, लेकिन चुनौतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मध्य प्रदेश के किसान अभी भी जलवायु परिवर्तन, कर्ज के बोझ और बाजार अस्थिरता से जूझ रहे हैं। पिछले वर्षों में सूखा और बाढ़ ने फसलों को नुकसान पहुंचाया। जबकि, एमएसपी की सीमित पहुंच ने आय को प्रभावित किया। 'कृषक कल्याण वर्ष' को सफल बनाने के लिए इन मुद्दों पर ठोस कार्रवाई जरूरी है। युवाओं को कृषि से जोड़ने के नाम पर केवल प्रचार न हो, बल्कि कौशल प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता सुनिश्चित हो। लॉजिस्टिक अधोसंरचना मजबूत हो तो ही किसान उत्पादों को उचित मूल्य पर बेच सकेंगे। इसके अलावा, महिलाओं और छोटे किसानों को प्राथमिकता देकर समावेशी विकास सुनिश्चित किया जाए।केंद्र सरकार की 'डबलिंग फार्मर्स इनकम' योजना से प्रेरित यह पहल मध्य प्रदेश को कृषि निर्यात का हब बना सकती है। लेकिन, सफलता का पैमाना केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि जमीन पर परिणाम होंगे। यदि 16 विभाग समन्वय से काम करेंगे, तो 2026 किसानों के लिए वास्तविक कल्याण वर्ष सिद्ध होगा। राज्य सरकार को पारदर्शी मॉनिटरिंग तंत्र स्थापित करना चाहिए, ताकि गतिविधियों का प्रभाव मापा जा सके। निजी क्षेत्र और एनजीओ की भागीदारी से यह अभियान और मजबूत होगा। अंततः, 'कृषक कल्याण वर्ष' मध्य प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने का सुनहरा अवसर है। यदि इसे सही दिशा मिली, तो न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि राज्य की जीडीपी में कृषि का योगदान भी उछलेगा। यह किसानों को सशक्त बनाकर भारत की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगा। सरकार, किसान संगठनों और समाज को मिलकर इस संकल्प को साकार करना होगा।

# एक भारत, श्रेष्ठ भारत का जीवंत प्रतीक है काशी-तमिल संगमम

**-नरेन्द्र मोदी**



कुछ दिन पहले ही मुझे सोमनाथ की पवित्र भूमि पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में हिस्सा लेने का सुअवसर मिला। इस पर्व को हम वर्ष 1026 में सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार साल पूरे होने पर मना रहे हैं। इस क्षण का साक्षी बनने के लिए देश के कोने-कोने से लोग सोमनाथ पहुंचे। यह इस बात का प्रमाण है कि भारतवर्ष के लोग जहां अपने इतिहास और संस्कृति से गहराई से जुड़े हैं, वहीं कभी हार ना मानने वाला साहस भी उनके जीवन की एक बड़ी विशेषता है। यही भावना उन्हें एक साथ जोड़ती भी है। इस कार्यक्रम के दौरान मेरी मुलाकात कुछ ऐसे लोगों से भी हुई, जो इससे पहले सौराष्ट्र-तमिल संगमम के दौरान सोमनाथ आए थे और इससे पहले काशी-तमिल संगमम के समय काशी भी गए थे। ऐसे मंचों को लेकर उनकी सकारात्मक सोच ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इसलिए मैंने तय किया कि क्यों ना इस विषय पर अपने कुछ विचार साझा करूं। 'मन की बात' के एक एपिसोड के दौरान मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा ना सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि बीते कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाने वाला है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्त्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें जहां भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है, वहीं यह भी पता चलता है कि कैसे हम एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं। काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान कहा जा सकता है। यह वही काशी है, जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और मोक्ष की खोज में आते रहे हैं। काशी का तमिल समाज और संस्कृति से अत्यंत गहरा नाता रहा है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकासी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पूज्य कुमारगुरुपर्र स्वामी जी ने अपनी विद्वता और आध्यात्म परंपरा के माध्यम से काशी और तमिलनाडु के बीच एक सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था। तमिलनाडु के महान सपूत महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। यहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, साथ ही उनकी कविताओं को एक नई धार मिली। यहीं पर स्वतंत्र और अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं। वर्ष 2022 में वाराणसी की धरती पर काशी-तमिल संगमम की शुरुआत हुई थी। मुझे इसके उद्घाटन समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। तब तमिलनाडु से आए लेखकों, विद्यार्थियों, कलाकारों, विद्वानों, किसानों और अतिथियों ने काशी के साथ साथ प्रयागराज और अयोध्या के दर्शन भी किए थे। इसके बाद के आयोजनों में इस पहल को और विस्तार दिया गया। इसका उद्देश्य यह था कि संगमम में समय-समय पर नए विषय जोड़े जाएं, नए और रचनात्मक तरीके अपनाए जाएं और इसमें लोगों की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा हो। प्रयास यह था कि ये आयोजन अपनी मूल भावना से जुड़े रहकर भी निरंतर आगे बढ़ता रहे। वर्ष 2023 के दूसरे आयोजन में टेक्नोलॉजी का बड़े पैमाने पर उपयोग किया गया ताकि यह सुनिश्चित हो कि भाषा इसमें बाधा ना बने। इसके तीसरे संस्करण में इंडियन नॉलेज सिस्टम पर विशेष फोकस रखा गया। इसके साथ ही शैक्षिक संवादों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रदर्शनियों और संवाद सत्रों में लोगों की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। हजारों लोग इनका हिस्सा बने। काशी-तमिल संगमम का चौथा संस्करण 2 दिसंबर, 2025 को आरंभ हुआ। इस बार की थीम बहुत रोचक थी- तमिल करकलम् यानि तमिल सीखें....। इससे काशी और दूसरी जगहों के लोगों को खूबसूरत तमिल भाषा सीखने का एक अनूठा अवसर मिला। तमिलनाडु से आए शिक्षकों ने काशी के विद्यार्थियों के लिए इसे अविस्मरणीय बना दिया! इस बार कई और विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्राचीन तमिल साहित्य ग्रंथ तोलकाप्पियम का चार भारतीय और छह विदेशी भाषाओं में अनुवाद किया गया। तेनकासी से काशी तक पहुंची एक विशेष व्हीकल एक्सपेडिशन भी देखने को मिली। इसके अलावा काशी में स्वास्थ्य शिविरों और डिजिटल लिट्रेसी कैंप के आयोजन के साथ ही कई और सराहनीय प्रयास भी किए गए। इस अभियान में सांस्कृतिक एकता के संदेश का प्रसार करने वाले पांड्य वंश के महान राजा आदि वीर पराक्रम पांडियन जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूरे आयोजन के दौरान नमो घाट पर प्रदर्शनियां लगाई गईं, बीएचयू में शैक्षणिक सत्र का आयोजन हुआ, साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। काशी-तमिल संगमम में इस बार जिस चीज ने मुझे सबसे अधिक प्रसन्नता दी, वो हमारे युवा साथियों का उत्साह है। इससे अपनी जड़ों से और अधिक जुड़े रहने के उनके पैशन का पता चलता है। उनके लिए ये एक ऐसा अद्भुत मंच है, जहां वे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। संगमम के अलावा काशी की यात्रा भी यादगार बने, इसके लिए विशेष प्रयास किए गए। भारतीय रेल ने लोगों को तमिलनाडु से उत्तर प्रदेश ले जाने के लिए विशेष ट्रेनें चलाईं। इस दौरान कई रेलवे स्टेशनों पर, विशेषकर तमिलनाडु में उनका खूब उत्साह बढ़ाया गया। सुंदर गीतों और आपसी चर्चाओं से ये सफर और आनंददायक बन गया। यहां मैं काशी और उत्तर प्रदेश के अपने भाइयों और बहनों की सराहना करना चाहूंगा, जिन्होंने काशी-तमिल संगमम को विशेष बनाने में अपना अद्भुत योगदान दिया है। उन्होंने अपने अतिथियों के स्वागत और सत्कार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। कई लोगों ने तमिलनाडु से आए अतिथियों के लिए अपने घरों के दरवाजे तक खोल दिए। स्थानीय प्रशासन भी चौबीसों घंटे जुटा रहा ताकि मेहमानों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो। वाराणसी का सांसद होने के नाते मेरे लिए ये गर्व और संतोष दोनों का विषय है। इस बार काशी-तमिल संगमम का समापन समारोह रामेश्वरम में आयोजित किया गया, जिसमें तमिलनाडु के सपूत उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन जी भी मौजूद रहे। उन्होंने इस कार्यक्रम को अपने विचारों से समृद्ध बनाया। भारतवर्ष की आध्यात्मिक समृद्धि पर बल देते हुए उन्होंने बताया कि कैसे इस तरह के मंच राष्ट्रीय एकता को और अधिक सुदृढ़ करते हैं। काशी-तमिल संगमम का बहुत गहरा प्रभाव देखने को मिला है। इसके जरिए जहां सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली है, वहीं शैक्षिक विमर्श और जनसंवाद को भी काफी बढ़ावा मिला है। इससे हमारी संस्कृतियों के बीच संबंध और प्रगाढ़ हुए हैं। इस मंच ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को आगे बढ़ाया है, इसलिए आने वाले समय में हम इस आयोजन को और वाइब्रेंट बनाने वाले हैं। ये वो भावना है, जो शताब्दियों से हमारे पर्व-त्योहार, साहित्य, संगीत, कला, खान-पान, वास्तुकला और ज्ञान-पद्धतियों का महत्वपूर्ण हिस्सा रही है। वर्ष का यह समय हर देशवासी के लिए बहुत ही पावन माना जाता है। लोग बड़े उत्साह के साथ संक्रांति, उत्तरायण, पोंगल, माघ बिहू जैसे अनेक त्योहार मना रहे हैं। ये सभी उत्सव मुख्य रूप से सूर्यदेव, प्रकृति और कृषि को समर्पित हैं। ये त्योहार लोगों को आपस में जोड़ते हैं, जिससे समाज में सद्भाव और एकजुटता की भावना और प्रगाढ़ होती है। इस अवसर पर मैं आप सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि इन उत्सवों के साथ हमारी साझी विरासत और सामूहिक भागीदारी की भावना देशवासियों की एकता को और मजबूत करेगी।

**(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं)**

> ***'मन की बात' के एक एपिसोड के दौरान मैंने कहा था कि अपने जीवन में तमिल भाषा ना सीख पाने का मुझे बहुत दुख है। यह हमारा सौभाग्य है कि बीते कुछ वर्षों से हमारी सरकार तमिल संस्कृति को देश में और लोकप्रिय बनाने में निरंतर जुटी हुई है। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और सशक्त बनाने वाला है। हमारी संस्कृति में संगम का बहुत महत्त्व है। इस पहलू से भी काशी-तमिल संगमम एक अनूठा प्रयास है। इसमें जहां भारत की विविध परंपराओं के बीच अद्भुत सामंजस्य दिखता है, वहीं यह भी पता चलता है कि कैसे हम एक दूसरे की परंपराओं का सम्मान करते हैं। काशी तमिल संगमम के आयोजन के लिए काशी सबसे उपयुक्त स्थान कहा जा सकता है। यह वही काशी है, जो अनादि काल से हमारी सभ्यता की धुरी बनी हुई है। यहां हजारों वर्षों से लोग ज्ञान, जीवन के अर्थ और मोक्ष की खोज में आते रहे हैं। काशी का तमिल समाज और संस्कृति से अत्यंत गहरा नाता रहा है। काशी बाबा विश्वनाथ की नगरी है, तो तमिलनाडु में रामेश्वरम तीर्थ है। तमिलनाडु की तेनकासी को दक्षिण की काशी या दक्षिण काशी कहा जाता है। पूज्य कुमारगुरुपर्र स्वामी जी ने अपनी विद्वता और आध्यात्म परंपरा के माध्यम से काशी और तमिलनाडु के बीच एक सशक्त और स्थायी संबंध स्थापित किया था। तमिलनाडु के महान सपूत महाकवि सुब्रमण्यम भारती जी को भी काशी में बौद्धिक विकास और आध्यात्मिक जागरण का अद्भुत अवसर दिखा। यहीं उनका राष्ट्रवाद और प्रबल हुआ, साथ ही उनकी कविताओं को एक नई धार मिली। यहीं पर स्वतंत्र और अखंड भारत की उनकी संकल्पना को एक स्पष्ट दिशा मिली। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जो काशी और तमिलनाडु के बीच गहरे आत्मीय संबंध को दर्शाते हैं।***

अध्यात्म

## सच्ची सफलता वही है, जिसमें मन शांत हो और कर्म ईमानदार हों



एक लोक कथा है। पुराने समय में एक आश्रम में दो संत साथ रहते थे। दोनों परम भक्त थे, लेकिन उनकी भक्ति के तरीके अलग-अलग थे। एक संत दिन-रात कठिन तपस्या करता, लंबा ध्यान लगाता और मंत्र जप में लीन रहता। वह मानता था कि कठोर साधना से ही ईश्वर प्रसन्न होते हैं। दूसरा संत भक्ति सरलता और विश्वास के साथ करता था। वह रोज सुबह-शाम भगवान को भोग लगाता, श्रद्धा से प्रार्थना करता और फिर स्वयं भोजन करता। एक दिन दोनों संतों के बीच विवाद हो गया। विवाद इस बात का था कि दोनों में बड़ा संत कौन है? बहस बढ़ने लगी, तभी वहां उनके गुरु पहुंचे। उन्होंने झगड़े की वजह पूछी। दोनों संतों ने अपनी-अपनी भक्ति को श्रेष्ठ बताया। गुरु ने कहा कि मैं इसका फैसला कल कर दूंगा कि आप दोनों में श्रेष्ठ कौन है। अगले दिन गुरु ने मंदिर में दोनों संतों के आसन के पास सोने की एक-एक अंगूठी रख दी। पहले तपस्या करने वाला संत आया। उसकी नजर अंगूठी पर पड़ी, तो उसने सोचा कि इतनी कीमती अंगूठी मिलना सौभाग्य है। किसी को पता नहीं चलेगा, ये सोचकर उसने अंगूठी अपने आसन के नीचे छिपा ली और फिर मंत्र जप करने लगा। कुछ समय बाद दूसरा संत आया। उसने भी अंगूठी देखी, लेकिन उसका मन विचलित नहीं हुआ। उसने भगवान को भोग लगाया, प्रार्थना की और भोजन करने लगा। उसके मन में अंगूठी का कोई लालच नहीं था। उसका भरोसा था कि भगवान उसके लिए सभी जरूरी व्यवस्था करते रहेंगे। थोड़ी देर बाद गुरु वहां पहुंचे। उन्होंने मंत्र जप करने वाले संत से खड़े होने के लिए कहा, जैसे ही वह खड़ा हुआ, उसके आसन के नीचे छिपी अंगूठी दिख गई। गुरु ने कहा कि सच्चा संत वही है, जिसका मन पवित्र है, जो बुरे विचारों से बचा रहता है। भोग लगाने वाला संत बड़ा है, क्योंकि उसके मन में लालच नहीं है। जबकि मंत्र जप करने वाले संत के मन में लालच है, इसलिए उसकी भक्ति श्रेष्ठ नहीं है।

# जंक फूड विज्ञापन पर नियंत्रण की जरूरत

> बच्चों के आहार में जंक फूड की बढ़ती हिस्सेदारी आज पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता बन चुकी है, और भारत भी इससे अछूता नहीं है। चीनी, नमक और अस्वस्थ वसा से भरपूर अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ अब बच्चों और किशोरों के दैनिक खान-पान का अभिन्न हिस्सा बनते जा रहे हैं। आक्रामक विज्ञापन रणनीतियाँ, चमकदार और आकर्षक पैकेजिंग, फिल्मी सितारों और खेल जगत की हस्तियों का समर्थन तथा इन उत्पादों की आसान उपलब्धता ने जंक फूड को पारंपरिक, पोषक और संतुलित भोजन की तुलना में कहीं अधिक आकर्षक बना दिया है। ऐसे परिदृश्य में ब्रिटेन द्वारा जंक फूड के विज्ञापनों पर लगाए गए प्रतिबंध भारत के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, जिनसे वह अपनी नियामक नीतियाँ बनाते समय सीख ले सकता है।

**नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

ब्रिटेन में सरकार ने वसा, चीनी और नमक की अधिक मात्रा वाले खाद्य पदार्थों के विज्ञापनों पर विशेष रूप से उन समयों में सख्त प्रतिबंध लगाए हैं, जब बच्चों के टेलीविजन देखने या ऑनलाइन सामग्री देखने की संभावना अधिक होती है। इस नीति का उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है- बच्चों को ऐसे प्रभावशाली और लुभावने विज्ञापनों से दूर रखना, जो अस्वस्थ खान-पान की आदतों को बढ़ावा देते हैं और मोटापा, मधुमेह तथा अन्य जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को जन्म देते हैं। यह कदम इस व्यापक समझ को दर्शाता है कि बच्चे विज्ञापनों के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील होते हैं और उनमें यह बौद्धिक क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती कि वे व्यावसायिक संदेशों का आलोचनात्मक विश्लेषण कर सकें।

भारत भी इसी तरह की, बल्कि कई मायनों में अधिक जटिल चुनौती का सामना कर रहा है। तेज़ी से हो रहा शहरीकरण, बदलती जीवनशैली और स्क्रीन के सामने बढ़ता समय भारतीय बच्चों को पहले की तुलना में कहीं अधिक पैकेज्ड और फास्ट फूड की ओर आकर्षित कर रहा है। विभिन्न स्वास्थ्य सर्वेक्षणों के अनुसार, पिछले दो दशकों में शहरी भारत में बाल मोटापे की दर में तेज़ वृद्धि हुई है। इसके साथ ही कम उम्र में ही मधुमेह, उच्च रक्तचाप और पोषण संबंधी कमियाँ देखने को मिल रही हैं। एक ओर जहाँ देश के कई हिस्सों में अब भी कुपोषण एक बड़ी समस्या है, वहीं दूसरी ओर अति-पोषण और अस्वस्थ आहार एक समानांतर संकट के रूप में उभर रहे हैं, जिससे भारत 'दोहरी कुपोषण समस्या' का सामना कर रहा है।

बच्चों में जंक फूड के बढ़ते उपभोग के पीछे विज्ञापन एक अत्यंत प्रभावशाली कारक है। खाद्य और पेय कंपनियाँ बच्चों को लक्षित करने के लिए विपणन अभियानों पर भारी धनराशि खर्च करती हैं। कार्टून पात्र, मुफ्त खिलौने, आकर्षक जिंगल और लोकप्रिय खिलाड़ियों व फिल्मी सितारों के समर्थन से ये उत्पाद बच्चों को मज़ेदार, आधुनिक और हानिरहित प्रतीत होते हैं। पोषण संबंधी जानकारी यदि दी भी जाती है, तो वह अक्सर जटिल, अधूरी या भ्रमित करने वाली होती है, जिससे अत्यधिक सेवन से जुड़े स्वास्थ्य जोखिम छिपे रह जाते हैं। परिणामस्वरूप बच्चे न केवल इन उत्पादों की माँग करते हैं, बल्कि उनकी स्वाद वरीयताएँ भी ऐसी बन जाती हैं जो आगे चलकर उनके पूरे जीवन के खान-पान को प्रभावित करती हैं।

ब्रिटेन की नीति यह स्वीकार करती है कि ऐसे माहौल में केवल माता-पिता की जिम्मेदारी या व्यक्तिगत चयन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। जब बच्चे लगातार टेलीविजन, सोशल मीडिया, गेमिंग प्लेटफॉर्म और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से प्रभावशाली विज्ञापनों के संपर्क में रहते हैं, तो स्वस्थ और अस्वस्थ विकल्पों के बीच संतुलन स्वतः ही बिगड़ जाता है। जंक फूड के विज्ञापनों के समय और स्थान को सीमित करके राज्य एक ऐसा स्वस्थ सूचना वातावरण बनाने का प्रयास करता है, जहाँ पोषक विकल्पों की आवाज़ व्यावसायिक शोर में दब न जाए।

भारत में खाद्य विज्ञापन के नियमन के लिए कुछ दिशा-निर्देश अवश्य मौजूद हैं, लेकिन वे बिखरे हुए हैं और उनका क्रियान्वयन कमजोर है। नियामक संस्थाओं द्वारा जारी नियमों में अक्सर कानूनी कठोरता का अभाव होता है और उल्लंघन करने पर शायद ही कभी कोई प्रभावी दंड दिया जाता है। इसके अतिरिक्त डिजिटल विज्ञापन एक नया और जटिल क्षेत्र बनकर उभरा है, जिस पर निगरानी रखना बेहद कठिन है। आज के बच्चे स्मार्टफोन और टैबलेट पर सामग्री देखते हैं, जहाँ लक्षित विज्ञापन पारंपरिक प्रसारण नियमों को आसानी से दरकिनार कर देते हैं। यह स्थिति एक व्यापक, आधुनिक और सशक्त नियामक ढाँचे की आवश्यकता को और अधिक गंभीर बना देती है।

यदि भारत ब्रिटेन जैसे कदम अपनाता है, तो इससे अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। बच्चों के देखने के समय में जंक फूड के विज्ञापनों पर रोक, अस्वस्थ खाद्य पदार्थों के प्रचार में कार्टून पात्रों और सेलिब्रिटीज़ के उपयोग पर प्रतिबंध, तथा पैकेट के सामने स्पष्ट और समझने योग्य पोषण लेबलिंग, ये सभी उपाय मिलकर जंक फूड के आकर्षण को कम कर सकते हैं। यद्यपि ऐसी नीतियाँ रातोंरात खाने की आदतों को नहीं बदलेंगी, लेकिन समय के साथ बच्चों और समाज में भोजन को लेकर सोच और अपेक्षाओं को अवश्य बदल सकती हैं।

हालाँकि यह भी सत्य है कि केवल नियमन से समस्या का पूर्ण समाधान संभव नहीं है। विज्ञापन प्रतिबंधों के आलोचक अक्सर यह तर्क देते हैं कि ऐसे कदम व्यावसायिक स्वतंत्रता का हनन करते हैं और उद्योगों पर अनावश्यक बोझ डालते हैं। भारत जैसे देश में, जहाँ खाद्य प्रसंस्करण उद्योग रोजगार और आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, इन चिंताओं को पूरी तरह नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। फिर भी, जब सवाल पूरी पीढ़ी के दीर्घकालिक स्वास्थ्य और भविष्य का हो, तो सार्वजनिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना अनिवार्य हो जाता है। ब्रिटेन का अनुभव दर्शाता है कि चरणबद्ध कार्यान्वयन और स्पष्ट, पारदर्शी दिशानिर्देशों के माध्यम से आर्थिक हितों और स्वास्थ्य उद्देश्यों के बीच संतुलन बनाया जा सकता है। नियमन के साथ-साथ शिक्षा और जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक हैं। बच्चों को बचपन से ही पोषण के मूल सिद्धांतों की जानकारी देना और विज्ञापनों को आलोचनात्मक दृष्टि से समझने की क्षमता विकसित करना बेहद ज़रूरी है। विद्यालय इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, यदि वे अपने पाठ्यक्रम में खाद्य साक्षरता को शामिल करें और स्कूल कैंटीन में स्वस्थ, सस्ते और पौष्टिक विकल्प उपलब्ध कराएँ। माता-पिता को भी सार्वजनिक जागरूकता अभियानों के माध्यम से सहयोग की आवश्यकता है, ताकि वे जंक फूड के अत्यधिक सेवन से जुड़े जोखिमों को समझ सकें और संतुलित आहार को अपनाने के व्यावहारिक तरीके सीख सकें। जंक फूड विज्ञापन पर होने वाली बहस केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस समाज की तस्वीर पेश करती है, जिसे हम बनाना चाहते हैं। बच्चों के लिए अस्वस्थ उत्पादों के अनियंत्रित प्रचार की अनुमति देना वास्तव में अल्पकालिक मुनाफ़े को दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर प्राथमिकता देना है। ब्रिटेन की पहल बच्चों के इस अधिकार को मान्यता देती है कि उन्हें जीवन की स्वस्थ शुरुआत मिले, जो चालाक और मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने वाले व्यावसायिक संदेशों से मुक्त हो। भारत जैसे देश के लिए, जहाँ जनसांख्यिकीय दृष्टि से बच्चे और युवा सबसे बड़ी पूँजी हैं, यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है।

भारत आज उसी चौराहे पर खड़ा है, जहाँ से ब्रिटेन ने अपनी दिशा तय करनी शुरू की है। बाल मोटापे और आहार से जुड़ी बीमारियों की बढ़ती लहर तत्काल और निर्णायक कदमों की माँग करती है। ब्रिटेन के नियामक ढाँचे से सीख लेकर और उसे भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप ढालकर, भारत बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा सकता है। जंक फूड विज्ञापनों का सख्त नियमन, शिक्षा और जागरूकता के प्रयास, तथा स्वस्थ विकल्पों को समर्थन, ये सभी मिलकर ऐसा वातावरण बना सकते हैं, जहाँ बच्चे लुभावने विज्ञापनों से नहीं, बल्कि सही जानकारी और स्वस्थ विकल्पों से प्रेरित होकर अपने भोजन का चयन करें। सार्वजनिक स्वास्थ्य में किया गया यह निवेश न केवल स्वास्थ्य व्यय को कम करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के समग्र कल्याण और उत्पादकता को भी सुदृढ़ बनाएगा।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको करियर में अच्छा उछाल देखने को मिलेगा, लेकिन आपके कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने कारोबार में कुछ योजनाओं की शुरुआत करेंगे, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**मिथुन**
बिजली के उपकरणों से सावधान रहने की आवश्यकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों मे वृद्धि होगी, काम अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान भी रहेंगे।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए सुख साधनों की प्राप्ति के लिए रहेगा। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आपके खिलाफ आज कोई पॉलिटिक्स रची जा सकते हैं, जिससे सतर्क रहना होगा।

**कन्या**
आज आपके सामने कुछ खर्च आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता भी बेहतर रहेगी।

**तुला**
आपके मन में कुछ उलझन रहने से आप परेशान रहेंगे। यदि आपको कोई जिम्मेदारी मिले, तो उसको लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं।

**वृश्चिक**
आज का दिन सुखद परिणाम लेकर आएगा। मेहनत का फल मिलेगा और लेन-देन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

**धनु**
नौकरी बदलने के आपके जो प्रयास है, वह आपके लिए बेहतर रहेंगे। रोजगार की तलाश में इधर-उधर भटक रहे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए प्रभाव व प्रताप में वृद्धि लेकर आने वाला है। कुछ नए प्रयास बेहतर रहेंगे। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको कोई नई जिम्मेदारी मिलने से आप काफी परेशान रहेंगे।

**मीन**
पिताजी से काम को लेकर सलाह ले सकते हैं और कुछ कामों को लेकर मन विचलित रहेगा। पारिवारिक मामलों को आप अपने जीवनसाथी के साथ मिल बैठकर निपटाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### आग तापने के दौरान महिला जली, बचाने गए पुरुष भी जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अगवानपुर पंचायत स्थित मोकीमपुर गांव निवासी मुन्नीलाल नामक व्यक्ति की 25 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी बुधवार की सुबह आग ताप रही थी तभी आग ने उसके कपड़े को पकड़ लिया और देखते ही देखते आग काफी बुरी तरह जख्मी हो गई। इस दौरान उसके परिजन विनोद पासवान बचाने गए उनके भी हाथ पांव में जख्मी हो गए। दोनों को इलाज के लिए बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया तो गया है लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद महिला को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजे जाने की सलाह चिकित्सकों ने दिया है।

### सड़क हादसे में ई रिक्शा ने मारी टक्कर शिक्षक गंभीर

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल चौक के पास बुधवार की सुबह सेविंग कराने जा रहे शैलेंद्र प्रसाद पंचशील नगर निवासी को एक ई रिक्शा ने जबरदस्त टक्कर मार दी और भाग गया। स्थानीय लोगों ने घायल को को उठाकर बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया जहां शैलेंद्र प्रसाद का इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शैलेंद्र प्रसाद एक सरकारी शिक्षक हैं और उनके पद अथमलगोला प्रखंड में है और सुबह-सुबह सेविंग करने के बाद विद्यालय जाने की तैयारी में थे इसी दौरान हादसा हो गए।

### बाढ़ में बीए का छात्र लापता, केस दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनारसी घाट वार्ड नंबर 15 निवासी बीए का छात्र सूरज कुमार लापता हो गया है। इसको लेकर छात्र के पिता पप्पू मिस्त्री के द्वारा थाने में केस दर्ज कराया गया है ।काफी खोजबीन के बाद भी परिजनों को सूरज का सुराग नहीं लग सका। पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है।

### घर के सामने खड़ी ई रिक्शा से बैटरी चोरी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत लदमा गांव में घर के सामने लगी ई रिक्शा से अपराधियों ने बैटरी चोरी कर ली। इस संबंध में पम्मी देवी के द्वारा थाने में केस दर्ज कराया गया है।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ के नाथचक गांव में बुधवार को जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस बाबत बाढ़ थाने में वादी के द्वारा लिखित आवेदन देकर शिकायत की गई है। पीड़ित सुमित कुमार तिवारी ने बुधवार को लगभग 2 बजे बताया कि उसके घर के आगे जमीन छूटा हुआ है, जिसमें वह छत की छज्जी निकाल रहा था, जिसका पड़ोसी ने विरोध किया, जिससे विवाद बढ़ा गया। उसके बाद आरोपियों ने सेंटिंग वगैरह को तोड़ दिया। जब वह खाना खाने के लिए घर आ रहा था, तो गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। वहीं पीड़ित के चचेरे भाई ने भी आरोपियों पर गाली-गलौज करने का आरोप लगा रहे हैं। इस बाबत पीड़ित के पिता राजकुमार तिवारी, ग्राम- नया टोला, नाथचक, पश्चिमी बेढ़ना निवासी ने उचित कार्रवाई हेतु बाढ़ थाना में लिखित आवेदन दिया है।

### नप के नाले में फोर व्हीलर फंसने से वाहन मालिक परेशान

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तर वाहिनी गंगा तट पर बसे सुप्रसिद्ध उमानाथ धाम दर्शन करने गए यात्री का एक लक्जरी वाहन बाढ़ नगर परिषद के नाले में फंसकर घंटों परेशान रहा। सड़क पर नल का पानी बहने के चलते वाहन चालक को कुछ समझ नहीं आया कि आगे गड्ढा है लिहाजा वह गहरे गड्ढे में जा फंसा। घटना के बाद स्थानीय लोगों के प्रयास के बाद गाड़ी को बाहर निकाला जा सका। घटना को लेकर इलाके के राजीव शर्मा ने नगर परिषद पर करारा हमला करते हुए निकम्मा बताया वही मिथिलेश कुमार यादव ने नगर परिषद को नरक परिषद बताते हुए कहा कि लोग सिर्फ ठेकेदारी के लिए घटिया काम करके निकल जाते हैं। बाद में इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ता है वहीं नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि नगर परिषद को इससे कुछ लेना देना नहीं है सिर्फ नए काम पर लोगों का नजर रहता है पुराने कम या किए गए काम का मेंटेनेंस जीरो है।

### नशा के सौदागर मलमल, नशेड़ी हो रहे हैं कंगाल

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के बाढ़ नगर क्षेत्र में इन दोनों नशा के सौदागरों का जाल बिछा हुआ है। जिसके गिरफ्त में नई पीढ़ी के नौजवान लगातार फंसते जा रहे हैं। हालत यह है कि कल तक शराब का नाश करने वाले लोग अब सुख नशा पर डिपेंड होते जा रहे हैं। चुकी इलाके के चौक चौराहे और गली में खुलेआम ब्राउन शुगर तक की बिक्री हो रही है। लोग सड़क किनारे खड़ा होकर नशा का सामान बेचते हैं और यह महंगा नशा युवा पीढ़ी को बीमार करता जा रहा है। वहीं गरीब तबके के बच्चे सुलेशन का भी नशा खुलेआम करते नजर आते हैं₹10 का सॉल्यूशन एक पॉलिथीन में डालकर उसका लगातार सांस को भीतर लेते हुए नशा करते हैं और इस नशा के गिरफ्त में अधिकतर नाबालिक बच्चे भी आ रहे हैं। शाम ढलते ही बाजार के आसपास हाथ में पॉलिथीन में सॉल्यूशन डालकर लोग नशा करते देखे जा सकते हैं। वही बाढ़ के स्टेशन रोड हो या कचहरी का एरिया या फिर हॉस्पिटल चौक पुरानी बाजार गोला रोड चुनाव खड़ी मोहल्ला उमानाथ एवं सती स्थान जैसे सड़कों पर खुलेआम इस तरह का नशा किशोर और युवाओं पर हावी है।

# सैनिक देश की मातृभूमि, संम्प्रभुता व सम्मान की रक्षा करते है: राज्यपाल





**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सैनिक देश की मातृभूमि, सम्प्रभुता व सम्मान की रक्षा करता है. उनका योगदान समाज व राष्ट्र के लिए अनुकरणीय है. यें बाते राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने बुधवार को बीआरसी के कलिंगा स्टेडियम में 10 वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर कार्यक्रम का उदघ्राटन करते हुए कहा. राज्यपाल ने पूर्व सैनिक और वीर नारियों से कहा कि भारतीय सेना पर गर्व है. उन्होंने कहा कि आपको एहसास है कि आपकी बहादुरी, धैर्य,इतना बडा त्याग व बलिदान करने के बाद जीवन को संतुलित रखना है. हमें पूरा एहसास है कि हमारी स्वतंत्रता, सार्वभौमिक, दिनचर्या, सामान्य जीवन शांति पूर्वक चलता है और हम आराम से रात को घर में सोते है. आप अपनी नींद कुबार्नी कर अपने आराम को छोडकर सैनिकों सीमाओं पर रक्षा करते है और यह सुनिश्चित करते है कि सामान्य जीवन चलता रहें. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने दुनिया को गुड दिया है युद्ध नही दिया है. हमारी देश की पहचान, सांस्कृतिक की पहचान ज्ञान और प्रायज्ञ से जुडी हुई है. हमारी पहचान एक आत्मा की है. मर्हिष व ऋषि मुनियों आज से हजारों साल पहले वसुधैव कुटुंबकम की कल्पना की है. पूरी दुनिया एक परिवार के तरह है. हम शांति चाहते है और हम टकराव नही चाहते दुनिया से. हमारी सांस्कृतिक का विशेषताएं कि दुनिया की अकेली सांस्कृतिक है जो श्रेष्ठता के भाव से मेरा अंत हो रहा है. मैं उंचा में भाषा बोलता हूं तो उंचा है. इससे भारत की सांस्कृतिक परिभाषित नही होता है. राज्यपाल ने कहा कि मैं खासकर उसे वीर नारी को नमन करता हूं सम्मान करता हूं जिनके पति देश की सुरक्षा में अपनी प्राण की न्यौछावार कर दिया है. यह वह लोग हैं जिनसे हम लोगों को सीख मिलती है और आने वाले नस्ल को प्रेरणा मिलता है. जिन्होंने सिर्फ ड्यूटी नहीं की बल्कि देश के हिफाजत के लिए अपनी जान की बलिदान दे दी मैं उन्हें नमन करता हूं और श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व सैनिकों सीमाओं की रक्षा के लिए प्रहरी रहे है और आज भी वे समाज के प्रेरणास्त्रोत और गौरव है. उनका अनुशासन, साहस और समर्पण हमारे लिए मार्गदर्शक है. उन्होंने कहा कि लहू वतन शहीदों का रंग लाया है बुलंद की ओर जा रहा है भारत का. राज्यपाल ने 20 वीर नारियों को 21 हजार रुपए का चेक व शॉट व ट्रॉली बेग देकर सम्मानित किया. साथ ही पूर्व सैनिकों मॉडिफाइट इलेक्ट्रिक स्कूटर प्रदान किया.इस अवसर पर मध्य कमान के जीओसी ले जनरल ए सेनागुप्ता ने कहा कि सिविल प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं का निदान किया जायेगा. उन्होंने कहा कि बीआरसी के जवानों को ट्रेनिंग होता है. उन्होंने हर युद्ध में देखा गया है कि रेजिमेंट के जवानों ने वीरता का छापा हर युद्ध में छोडा है. अगर युद्ध होता है तो रेजिमेंट के जवान वीरता का हर समय छापा छोडता है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान दोबरा आक्रमण करते है तो उससे ज्यादा कारवाई किया जायेगा. मध्य भारत एरिया के ले जनरल पीएस शेखावत, डीजीपी विनय कुमार, सब एरिया जीओसी मेजर जनरल विकास भारद्वाज (वीएसएम) ने राष्ट्र निर्माण में पूर्व सैनिकों के बारे में कहा कि सैनिकों के लिए आदर्श है .देश सदैव सर्व प्रथम. कई क्षेत्रों में अपने योगदान से पूर्व सैनिक देश को विकासशील भारत के लक्ष्य की ओर ले जा रहे हैं. जीओसी ने पूर्व सैनिकों और वीर नारियों के लिए सब एरिया द्वारा किए गए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के बारे में बताया, जिसमें उनके स्वास्थ्य देखभाल के लिए बेहतर सुविधाए, शौर्य संवाद पहल के तहत पूर्व सैनिक परिवार के साथ जुड़े रहने की प्रतिबद्धता शामिल है..मौके पर रेजिमेंट के ट्रेनिंग बटालियन कमांडर अंकित यादव , ले कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, अभिषेक कुमार समेत सैन्य अधिकारी ,,सेवानिवृत ब्रिगेडियर एके यादव , ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार सिंह, ले कर्नल ओम प्रकाश , ले कर्नल वीके सिंह समेत सैन्य अधिकारी व जेसीवी व जवान व पूर्व सैनिक मौजूद थे.

**वेटरेंस दिवस पर स्टॉल लगाया**

बिहार रेजिमेंट के कलिंगा स्टेडियम में बुधवार को 10वें सशस्त्र सेना वरिष्ठ वेटरेंस दिवस के मौके पर विभिन्न विभागों का स्टॉल लगायाा गया. जिसमें पूर्व सैनिकों व वीर नारियों का समस्याओं का निदान किया गया है. जिसमें भारतीय सेना के विभिन्न अभिलेख कार्यालयों, बैंकों, भूमि और राजस्व विभागों, एमएसएमई और विभिन्न राज्य सरकार के विभागों की टीमें ने पूर्व सैनिकी और वीर नारियों को मौके पर ही शिकायत दर्ज किया है. झारखंड और बिहार सब एरिया द्वारा की ओर से की गई पहल के लिए पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को समस्याओं का निदान किया गया.

## दशरथ मांझी जयंती पर गोनपुरा पंचायत में महादलित मुसहर समाज के बीच चूड़ा-दही का आयोजन

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दशरथ मांझी के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर गोनपुरा पंचायत अंतर्गत शिवाचक टोला में महादलित मुसहर समाज के बीच चूड़ा-दही का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन प्रमेश सिंह दांगी द्वारा किया गया. कार्यक्रम में गोनपुरा पंचायत के पंचायत समिति अध्यक्ष अवधेश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. वहीं रबिन मांझी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए. इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता अंजनी वर्मा, रविन्द्र, श्रीनिवास, चंदेश्वर मांझी, मधेश, रंजीत वर्मा, मनोज चौरसिया, डॉ. हरेन्द्र, पुट्टू और बिमलेश की भी उपस्थिति रही. आयोजन के दौरान शिवाचक टोला में रहने वाले महादलित मुसहर समाज के कुल 255 लोगों को चूड़ा-दही खिलाया गया. कार्यक्रम में वक्ताओं ने दशरथ मांझी के संघर्ष, साहस और सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया.



# आपसी रंजिश में महिला की पीट-पीटकर हत्या





**बिहटा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहटा थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव में बुधवार को उस समय खूनी खेल देखने को मिला ।जब एक गांव के ही महिला की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। वजह केवल डायन और आपसी रंजिश को लेकर हत्या की बात कही जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद दल बालों के साथ पुलिस की टीम मौके पर पहुंची कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके साथ ही मृतक महिला का शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया करने के बाद पोस्टमार्ट के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतक महिला की पहचान 32 वर्षीय जूही देवी के रूप में किया जा रहा है। मृतक महिला के पिता हरेंद्र राम ने बताया कि मेरी बेटी की हत्या डायन के विवाद को लेकर किया गया है ।बीते दिन मेरे ही गोतीया में एक 6माह के बच्चे की मौत हुई थी। जिसको लेकर आरोपियों ने मेरे परिवार के ऊपर डायन का आरोप लगाया और मारपीट करने लगा। इस दौरान लोहे के रॉड और ईंट पत्थर से मेरी बेटी की पीट पीटकर हत्या कर दी गई है ।इसके अलावा बीच बचाव में हम लोग पहुंचे जहां हम लोग को भी मारा गया।थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बाजितपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर एक महिला की हत्या की सूचना प्राप्त हुई है ।फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है । इसके अलावा एफएसएल टीम को भी जानकारी दे दी गई है। घटना के पीछे कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है।मृतक के परिजनों के तरफ से लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कारवाई किय जाएगा।

# ठंड से ठिठुरते मदरसा के बच्चों को इंजीनियर लाडले ने कंबल बांटकर दी राहत





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ाके की ठंड में असहाय और जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए बदर ऐजुकेशनल एण्ड वेलफेयर ट्रस्ट-पटना (रजि०) के तत्वाधान में बीबी आसिया बेगम टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, बदर नगर माधोपुर (नेहरा) द्वारा ईसापुर फेडरल कॉलोनी, फुलवारी शरीफ में जन सेवा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर के दौरान मदरसा में पढ़ने वाले ठंड से ठिठुरते सैकड़ों बच्चों के बीच गर्म कंबलों का वितरण किया गया. इस मानवीय पहल का नेतृत्व सामाजिक कार्यकर्ता इंजीनियर फखरुद्दीन अली अहमद उर्फ लाडले अहमद ने किया. कंबल वितरण के दौरान उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब और कमजोर तबके के बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है. मदरसा में पढ़ने वाले बच्चे खुले और साधारण माहौल में रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं, ऐसे में ठंड से बचाव के लिए कंबल बेहद जरूरी है. हमारा यह छोटा सा प्रयास है कि बच्चों को कुछ राहत मिल सके. इंजीनियर लाडले अहमद ने कहा कि वह बीते कई वर्षों से लगातार दलित बस्तियों, गरीब गुरबा और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण सहित अन्य सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं. आगे भी यह सेवा अभियान निरंतर जारी रहेगा और जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाई जाती रहेगी. कार्यक्रम में कांग्रेस नेता अरशद अब्बास, स्थानीय वार्ड पार्षद पति मोहम्मद नईम मो अरशद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग और समाज के बुद्धिजीवी मौजूद रहे. सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया. मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि ठंड के इस भीषण दौर में मदरसा के बच्चों के बीच कंबल वितरण से उन्हें बड़ी राहत मिली है और ऐसे कार्य समाज में आपसी सहयोग और इंसानियत की मिसाल पेश करते हैं.

## सिगरेट के विवाद में हैवानियतः

# 22 साल के युवक को परिवार के सामने पटक-पटककर चाकू से गला रेत डाला



**कॉल करने के बावजूद नहीं पहुंची 112 डायल, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच नाबालिक बदमाशों को पकड़ा**

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में बुधवार की सुबह ऐसा मंजर सामने आया, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। कंकड़बाग थाना क्षेत्र के लोहियानगर में मामूली सिगरेट के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बदमाशों ने पिता और परिवार के सदस्यों के सामने 22 साल के युवक को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया। युवक को सड़क पर घसीटा गया, बार-बार जमीन पर पटका गया और फिर चाकू से गला रेत दिया गया। इस खौफनाक वारदात में जान गंवाने वाला युवक गौरव कुमार था। उम्र महज 22 साल। बीए पार्ट-वन का छात्र। लखीसराय जिले के बड़हिया थाना क्षेत्र के रामनगर हदनबिगहा गांव का रहने वाला गौरव कुछ दिन पहले ही पढ़ाई के साथ पिता के पास पटना आया था। पिता यहां व्यवसाय करते हैं और लोहियानगर में पूरा परिवार रह रहा था। परिजनों का कहना है कि मौत की वजह कोई पुरानी दुश्मनी नहीं, बल्कि सिगरेट के सिर्फ 200 रुपये थे। मंगलवार की शाम एमआईजी पार्क में गौरव ने एक युवक को सिगरेट लाने के लिए पैसे दिए। युवक न सिगरेट लाया, न ही रुपये लौटाए। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई। मारपीट के बाद घायल हालत में गौरव लोहियानगर स्थित रानी स्टील शटर की दुकान पहुंचा और भाई को पूरी बात बताई। इलाज भी कराया गया। लेकिन मामला यहीं नहीं रुका। परिजनों के अनुसार, कुछ देर बाद वही युवक अपने साथियों के साथ दुकान के आसपास मंडराता नजर आया और रेकी करता रहा। बुधवार की सुबह करीब 15 से 20 की संख्या में बदमाश हथियारों से लैस होकर दुकान पर टूट पड़े। गेट खुलते ही गौरव पर हमला कर दिया गया। परिवार के लोग बचाने दौड़े तो उन्हें भी पीटा गया। इसके बाद बदमाश गौरव को सड़क पर घसीटते ले गए और सबके सामने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर गला रेत दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने डायल 112 पर सूचना देने में देरी और लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर पुलिस समय पर पहुंच जाती तो शायद गौरव की जान बचाई जा सकती थी। घटना नेक्टर हॉस्पिटल के पास हुई। सरेआम हत्या के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर कंकड़बाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# जानीपुर हत्याकांड का 24 घंटे में खुलासा, पत्नी की हत्या की साजिश में पति समेत दो गिरफ्तार

**मृतक महिला का कई लोगों से था नाजाएज संबंध, महिला के आचरण से नाराज पति ने सुपारी देकर कराई हत्या**



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जानीपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक महम्मदपुर में महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सफल उद्भेदन कर लिया है. इस सनसनीखेज हत्याकांड में मृतका के पति समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार हत्या की साजिश निजी अवैध संबंधों और पैसों के लेन-देन को लेकर रची गई थी. मृतक महिला का अपने पति के दोस्त एवं कई लोगों से अवैध संबंध चल रहा था इस बात से नाराज उसके पति ने अपने दोस्त को सुपारी देकर हत्या करवा दिया. सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप से मिली जानकारी के अनुसार 11 जनवरी 2026 को जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गाजाचक महम्मदपुर से एक महिला का शव बरामद होने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. मृतका की पहचान माला देवी, पति सुबोध शर्मा, थाना पाली, जिला जहानाबाद के रूप में की गई. इस मामले में जानीपुर थाना कांड संख्या 10/26 दिनांक 12.01.2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई.

### आग तापने को लेकर दो गुटों में मारपीट, चार लोग घायल

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के गोनपुरा गांव में देर शाम आग तापने को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई. देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से लाठी-डंडे और पत्थर चलने लगे, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. घटना के दौरान चार लोग घायल हो गए. आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया. इसी बीच घटना की सूचना 112 डायल पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया. घायल पक्ष के सत्येंद्र और अमन ने बताया कि आग तापने को लेकर गांव के दूसरे गुट के लोगों से कहासुनी हुई थी, जो बाद में मारपीट में बदल गई. उनका आरोप है कि विरोध करने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर हमला कर दिया. उनके अलावा उमेश राम और अनिल कुमार पवन कुमार भी जख्मी है.

# दिनभर खिली रहेगी धूप, सुबह-शाम ठंड का असर बरकरार

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में ठंड का सिलसिला फिलहाल थमने वाला नहीं है। हालांकि राहत की बात यह है कि दिन में तेज धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिल रही है, लेकिन सुबह और शाम ठंड का असर अब भी बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कई दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है और ठंड ऐसे ही बनी रहेगी। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम पूरी तरह शुष्क रहा। किसी भी जिले में बारिश दर्ज नहीं की गई। अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है, जबकि न्यूनतम तापमान में भी कोई खास परिवर्तन नहीं देखा गया है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राज्य का अधिकतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस से 25.6 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। सबसे अधिक अधिकतम तापमान किशनगंज में 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम अधिकतम तापमान बांका में 21.1 डिग्री सेल्सियस रहा। न्यूनतम तापमान की बात करें तो सबौर (भागलपुर), डेहरी (रोहतास) और औरंगाबाद में न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम रहा। अधिकांश जिलों में न्यूनतम तापमान 7.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। सुबह के समय कोहरे का असर कई इलाकों में देखा गया। पश्चिम चम्पारण के वाल्मीकि नगर में न्यूनतम दृश्यता 50 मीटर तक दर्ज की गई, जिससे सुबह के समय आवागमन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग का कहना है कि अगले सात दिनों तक राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा। दिन में धूप निकलती रहेगी, लेकिन सुबह और शाम ठंड का असर बरकरार रहेगा। कोहरे को लेकर भी अलर्ट है और आने वाले दिनों में राज्य के अनेक स्थानों पर मध्यम से घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। तापमान के रुझान पर नजर डालें तो अगले दो से तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव नहीं होगा। इसके बाद अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी के आसार हैं, हालांकि ठंड पूरी तरह खत्म होने में अभी समय लगेगा। मौसम विभाग ने लोगों को सुबह-शाम सतर्क रहने और ठंड से बचाव के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

# सोने का जाली बिस्किट दिखाकर ठगी करने वाला गिरफ्तार, महिला से जेवरात उड़ाने की थी कोशिश



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना के फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र में जाली सोने की बिस्किट के जरिए ठगी कर जेवरात चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी की पहचान मो. नौशाद के रूप में हुई है, जो फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के नया टोला, मदीना गली का रहने वाला है. नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 जनवरी 2026 को करीब 4:15 बजे मिठाई महल के पास एक महिला से आरोपी ने जाली सोने की बिस्किट दिखाकर उसे असली बताने का झांसा दिया और सोने जैसे जेवरात लेकर फरार होने की कोशिश की. इसी दौरान महिला को शक हुआ और उसने शोर मचाना शुरू कर दिया. महिला के हल्ला-गुल्ला करते ही आसपास मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही फुलवारी शरीफ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी मो. नौशाद को पकड़ लिया. तलाशी के दौरान उसके पास से सोने जैसा एक बिस्किट, एक जोड़ा सोने जैसा कान का बाली, एक सोने जैसा नाक का नथ, मोती की माला में कान का टोप और एक कीपैड मोबाइल फोन बरामद किया गया. एसडीपी ओ सुशील कुमार ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या 67/26, दिनांक 12 जनवरी 2026 को भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) और 317(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है. आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह पहले भी इस तरह की घटनाओं में शामिल रहा है या नहीं. इस कार्रवाई में पु.नि. सह थानाध्यक्ष मो. गुलाम शहबाज आलम, परि.पु.अ.नि. विजय प्रताप, स.अ.नि. श्रवण कुमार तथा फुलवारी शरीफ थाना के सशस्त्र बल शामिल थे. पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि जाली सोने और ठगी से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके.

# सुधा डेयरी लाएगी स्ट्रॉबेरी दही, जल्द मिलेगा नए स्वाद का अनुभव





**फूलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना स्थित सुधा डेयरी अब लोगों के स्वाद में नया रंग घोलने की तैयारी में है. दही की बढ़ती मांग को देखते हुए सुधा डेयरी ने स्ट्रॉबेरी फल से बना स्ट्रॉबेरी फ्लेवर दही लॉन्च करने का फैसला किया है. इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और माना जा रहा है कि अगले एक महीने के भीतर यह नया प्रोडक्ट बाजार में उपलब्ध हो जाएगा. स्ट्रॉबेरी दही को लेकर सुधा डेयरी ने स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाले बड़े किसानों से सीधा संपर्क स्थापित किया है. अच्छी गुणवत्ता की स्ट्रॉबेरी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए किसानों से करार किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को असली फल के स्वाद वाला दही मिल सके. सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक रूपेश कुमार ने बताया कि हाल ही में लॉन्च किया गया मिस्टी दही लोगों को काफी पसंद आया. इसी सफलता से उत्साहित होकर नए साल के अवसर पर दही की नई-नई वैरायटी बाजार में उतारने की योजना बनाई गई है. इनमें सबसे खास स्ट्रॉबेरी फ्लेवर दही है. उन्होंने बताया कि सिर्फ स्ट्रॉबेरी ही नहीं, बल्कि अमरूद और आम के स्वाद वाला दही भी बहुत जल्द लोगों को मिलने वाला है. फिलहाल इन सभी फ्लेवर का ट्रायल सुधा डेयरी में चल रहा है और शुरूआती नतीजे काफी सकारात्मक सामने आ रहे हैं. प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह फ्लेवर दही स्वाद के साथ-साथ सेहत का भी पूरा ख्याल रखेगा. इसमें भरपूर मात्रा में प्रोटीन मौजूद रहेगा और इसे एक सप्ताह तक सुरक्षित रखकर सेवन किया जा सकेगा. उन्होंने यह भी बताया कि इस पहल से स्ट्रॉबेरी की खेती करने वाले किसानों को सीधा फायदा होगा. किसानों की उपज का सही उपयोग होगा और उन्हें बेहतर बाजार मिलेगा. कुल मिलाकर सुधा डेयरी का यह नया प्रयोग स्वाद, सेहत और किसानों के हित — तीनों को जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है.

## संक्षिप्त समाचार

### स्वर्ण पदक विजेता अमन कुमार सम्मानित



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डी.ए.वी. नेशनल स्पोर्ट्स 2025-26 में जूडो स्पर्धा में स्वर्ण पदक विजेता अमन कुमार को पूर्वी चंपारण जूडो संघ द्वारा बुधवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह खेल भवन, मोतिहारी में आयोजित हुआ, जिसमें डीएसओ श्री शुभम कुमार एवं पूर्वी चंपारण जूडो संघ के अध्यक्ष श्री मुन्ना गिरी ने अमन कुमार एवं उनके परिवार को बधाई दी। बतादे कि विजेता अरविंद मिश्रा एवं श्रीमती गुड़िया मिश्रा के पुत्र है। कार्यक्रम में मुन्ना गिरी अध्यक्ष, शुभम कुमार डीएसओ, नमन कुमार महासचिव सह प्रशिक्षक,नवनीत कुमार कोषाध्यक्ष सह प्रशिक्षक, अरुण गुप्ता सदस्य, बी.के. रीना सिंह सदस्य, भानु प्रताप सिंह कबड्डी महासचिव,रवीश कुमार कुश्ती महासचिव,मंजय कुमार वूशु महासचिव,अशफाक थांग ता महासचिव,अमन कुमार का प्रशिक्षण खेल भवन में स्थित पूर्वी चंपारण जूडो संघ के तत्वावधान में उनके प्रशिक्षकों नमन कुमार एवं नवनीत कुमार शामिल थे।

### संसारिक मोह-माया से परे होकर परमात्मा से प्रेम करें : शिवेश त्रिपाठी



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डुबहा पंचायत के कलवारी डुबहा गांव में श्रीमद्भागवत कथा महापुराण महायज्ञ के छठे दिन कथा वाचक शिवेश त्रिपाठी जी महाराज ने कथा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि भागवत कथा भगवान श्री कृष्ण के लीलाओं और भक्ति योग का दिव्य ज्ञान है,जो हमे संसारिक मोह माया से परे होकर परमात्मा से प्रेम करने, दयावान बनने और सन्तुष्ट रहने का मार्ग दिखाता है, जिसके माध्यम से कलियुग में केवल नाम स्मरण से ही मोक्ष प्राप्त हो सकती है,यह कथा वेदों का सार है,और उसका मुख्य उद्देश्य परमात्मा की प्राप्ति है, जिसमें भगवान के अवतारों और उनकी लीलाओं और शुद्ध प्रेम के महत्व का वर्णन किया गया है जिससे मनुष्य जन्म जन्मांतर के पापों से मुक्त हो पाता है,यज्ञ में पहुंचे आचार्य चन्दन चौबे, गौरीशंकर तिवारी के द्वारा सातो माई के दरबार में पूजा अर्चना करायी जा रही है, वहीं स्थानीय अधिवक्ता मनिराज के द्वारा उपस्थित होकर यज्ञ समिति, वृद्ध महिलाओं पुरुषों को अंग वस्त्र प्रदान कर आशीर्वाद पाया।

### डीएम ने सीएमआर अधिप्राप्ति केंद्र का किया शुभारंभ

**वर्तमान अधिप्राप्ति वर्ष में जिले के 9 एसएफसी गोदामों में होगा चावल का भंडारण**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने मंगलवार को बाजार समिति छपरा स्थित एसएफसी गोदाम में वर्तमान अधिप्राप्ति वर्ष के लिए सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) प्राप्ति केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में एसएफसी के कुल 9 गोदामों को सीएमआर प्राप्ति केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है, जहां चावल का भंडारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान अधिप्राप्ति वर्ष में 30 जून 2026 तक सीएमआर की प्राप्ति की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि गोदाम में चावल का भंडारण निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही सुनिश्चित किया जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए उच्च गुणवत्ता का चावल उपलब्ध कराया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपविकास आयुक्त लक्ष्मण तिवारी, जिला प्रबंधक एसएफसी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### महापौर ने किया कंबल वितरण

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मंगलवार देर शाम नगर निगम के नव अधिग्रहित क्षेत्र के गनोली और बेलदारी के मुसहर टोला एवं महादलित बस्तियों में निजी कोष से सैकड़ों गरीब परिवारों को कंबल वितरित किए। कुल 236 परिवारों को कंबल दिया गया, जबकि कुछ परिवारों को वितरण में नहीं मिल पाया। महापौर ने उन्हें आश्वस्त किया कि जल्द ही बाकी बचे परिवारों को भी कंबल उपलब्ध कराया जाऐप इस अवसर पर महापौर ने कहा कि माघ माह की ठंड में मुसहर और दलित बस्तियों के बुजुर्गों, बीमारों एवं विधवाओं की पीड़ा को समझना और उनकी मदद करना समाज के हर जिम्मेदार व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने इसे अपनी छोटी सी मदद बताते हुए कहा कि यह किसी के जीवन में गर्माहट लाने का प्रयास है।

### औद्योगिक आपदा से बचाव के लिए जागरूकता रथ रवाना



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम चंपारण जिले में औद्योगिक आपदाओं से बचाव और जनसुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आपदा प्रबंधन शाखा की प्रभारी पदाधिकारी नगमा तबस्सुम ने औद्योगिक आपदाओं के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण करेगा और गैस रिसाव, अग्निकांड, रासायनिक दुर्घटनाओं जैसी औद्योगिक आपदाओं से बचाव के उपायों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाएगा। रथ के माध्यम से सुरक्षा उपायों, त्वरित प्रतिक्रिया, सतर्कता और सरकारी सहायता तंत्र के बारे में जागरूकता फैलायी जाएगी। इस अवसर पर श्रीमती तबस्सुम ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ आपदा जोखिम भी बढ़ते हैं, और समय रहते जानकारी मिलने से जान-माल की क्षति को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को आपदाओं के प्रति सजग बनाना है, ताकि आपात स्थिति में वे घबराए नहीं, बल्कि सुरक्षित और सही कदम उठा सकें।

### सहायक द्वारा घूस में ली गई राशि की हो रही जांच

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमबी बुक करने के नाम पर प्रखंड क्षेत्र के महुअवा सगरौवा की वार्ड संख्या सात की वार्ड सदस्या सलामुन नेशा से मनरेगा के परियोजना तकनीकी सहायक द्वारा ली गई धुस की राशि मामले की विधिवत जांच वरीय पदाधिकारी के आदेश पर शुरू कर दी गई है।प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अमृतेश कुमार ने बताया की वार्ड सदस्या द्वारा परियोजना तकनीकी सहायक श्रीकांत शर्मा पर लेनदेन का गंभीर आरोप लगाया गया है।दोनो के बीच पैसो की पे फोन से हुई लेनदेन की विधवत जांच शुरू कर दी गई है।वार्ड सदस्या द्वारा दी गई ट्रांजैक्शन डीटेल्स को बैंक के माध्यम से खंगाला जा रहा है।

### एसपी ने किया पदभार ग्रहण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बगहा पुलिस जिला के नवागत एसपी रामानंद कौशल ने बुधवार को अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पुलिस केंद्र बगहा में पुलिस जवानों के द्वारा नवागत एसपी का गार्ड ऑफ ऑनर एवं सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था का संधारण, अपराध नियंत्रण एवं आम जनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इसको लेकर एसपी ने पुलिस पदाधिकारी को पहल करने का निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था का संधारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। बगहा एसडीपीओ कुमार देवेंद्र रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी सहित पुलिस पदाधिकारी ने नवागत एसपी का स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस केंद्र के पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भैरोगंज थाना क्षेत्र के पंचफेड़वा के पास मुख्य सड़क पर ट्रैक्टर पर गन्ना लाद रहे मजदूर की ट्रक के चपेट में आने से मौत हो गई है। घटना मंगलवार देर रात की है। मृतक धनहा थाना के निमियहवा निवासी गोविंद चौहान (22वर्ष) हैं।

### देशी पिस्तौल के साथ किशोर गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनहा थाना के मरीचहवा बाजार में कट्टा के साथ एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार के पास से पुलिस ने दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। एसडीपीओ कुमार देवेंद्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि धनहा थाना क्षेत्र के मरीचहवा बाजार में मंगलवार की शाम एक किशोर देशी कट्टा लेकर घूम रहा है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व मरीचहवा बाजार में छापेमारी की गई। जहां से उसे गिरफ्तार किया गया।

# जिला परिषद अध्यक्ष ने की बैठक, कार्रवाई का दिया निर्देश



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला परिषदीय महात्मा गांधी सभा भवन में बुधवार को श्रीमति ममता राय, माननीय अध्यक्ष, जिला परिषद, पूर्वी चम्पारण की अध्यक्षता में सामान्य बैठक किया गया। अध्यक्ष ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं अनुपालन प्रतिवेदन नही उपलब्ध कराने वाले पदाधिकारियो से कारण पृच्छा करने का निदेश देते हुए कहा कि संबंधित पदाधिकारियो एवं विभागो के विरूद्ध कार्रवाई हेतु उनके मूल विभाग को सूचित करने का निर्णय हुआ। श्रीमती राय द्वारा कहा गया कि जिले के जिला परिषदीय अधिकांश जमीन अतिक्रमण कारियो द्वारा अतिक्रमण किया गया है जिसे चिन्हित कर लिया गया है जिसे शीध्र ही जिला प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण खाली कराने हेतु मुहिम चलाया जायेगा साथ ही जो भी जिला परिषदीय किरायादार जिनके यहां वर्षो से किराया बकाया है उन्हे भी चिन्हित कर लिया गया है जल्दी वैसे किरायादारो के विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई किया जायेगा। श्रीमती राय द्वारा पशुपालन, बिजली, समेकित बाल विकास परियोजना एवं आयुष्यमान योजना एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर एन्टी रैबीज वैक्सीन को जनता के जरूरत के अनुरूप उपलब्ध कराने का निदेश दिया तथा समेकित बाल विकास परियोना पदाधिकारी को सेविका सहायिक के दरवाजे पर चल रहे आंगनबाड़ी केन्द्रो को वहां से हटाकर तुरन्त सरकारी भवनो में स्थानान्तरित कराने का निदेश दिया गया। श्रीमती राय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियो के आवेदन पर त्वरित निष्पादित नही करने एवं उनके द्वारा दूरभाष किये गये अनुरोध को नजरअंदाज करने को गंभीरता से लेते हुए कड़ी कार्रवाई करने का निदेश मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को दिया। आज की बैठक में उपाध्यक्ष, जिला परिषद्, पूर्वी चम्पारणा गीता देवी, विद्यायक ई. राणा रंधिर सिंह, विद्यायक सचिन्द्र प्र. सिंह, विद्यायक राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता, अध्यक्ष, शिक्षा समिति, जिला परिषद्, ईश्वरचन्द्र मिश्रा, अध्यक्ष, लोक कार्य समिति, जिला परिषद्, दिलीप कुमार, अध्यक्ष, उत्पादन समिति, जिला परिषद्, जग्गी देवी, अध्यक्ष, सामाजिक न्याय समिति, जिला परिषद्, सीता रानी, सदस्य, जिला परिषद् नवी हसन, श्रीमति सुनिता देवी, पुजा सिंह, नसीमा खातुन, नजमा खातुन, तेजनारायण प्रसाद, अहमद हुसैन, उमरावती देवी, रूबी देवी, मनोज राम, मनोज मुखिया, पंकज द्विवेदी, सुनैना देवी, माला गिरी, आभा कुमारी, सुमन वर्मा, तौसिफुर रहमान, अनिता देवी, जितेन्द्र प्रसाद, मुन्नी देवी, कृष्णा दास, नितु गुप्ता, रिंकी कुमारी, निमार्ला देवी, सदरे आलम, अनिता देवी, निर्जला देवी, मनोज कु. सहनी, अभय गुप्ता, अनिता देवी, संतोश कु. सिंह, आकाश गुप्ता, शहनाज बेगम, सोनालाल साह, श्रवण यादव, लालबाबू यादव, शाब्बिर आलम, दिलीप कुमार, आभा देवी, नशीम अख्तर, राकेश पासवान, किरण कुशवाहा, अकबरी खातुन, परमानन्द पटेल, प्रमुखगण, डॉ. प्रदीप कुमार, उप विकास आयुक्त-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी करूणा नन्द पुरूषोतम, जिला अभियंता, जिला परिषद, सिविल सर्जन, विधुत ,शिक्षा, पथ निमार्ण एवं ग्रामीण कार्य विभाग, पीएचईडी, अगनिशामक पदाधिकारी के साथ विभीन्न विभागों के पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## विधायक ने एकमा नगर पंचायत कार्यालय का किया निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

**वार्डों में सड़क-नाली कार्यों का लिया जायजा, दलित बस्तियों में सड़क निर्माण का आश्वासन**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा के नवनिर्वाचित विधायक मनोरंजन कुमार सिंह उर्फ धूमल सिंह ने मंगलवार को एकमा नगर पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर के कार्यकलापों को लेकर मुख्य पार्षद श्वेता रानी एवं कार्यपालक पदाधिकारी रमण राज से विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में नगर कार्यालय परिसर में खड़े दर्जनों वाहनों की अव्यवस्थित स्थिति देखकर विधायक ने नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इसके बाद विधायक ने मुख्य पार्षद के साथ नगर के वार्ड संख्या 14, 15, 16 एवं 17 का भ्रमण कर सड़क और नाली निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने वार्डवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डों की दलित बस्तियों में संपर्क सड़क की कमी सामने आई, जिस पर विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बिपिन सिंह, राजेश सिंह, रौशन सिंह उर्फ भवानी, पूर्व वार्ड पार्षद अरविंद दुबे उर्फ भिंडी बाबा, वार्ड पार्षद राकेश कुमार, शेषनाथ राम, कन्हैया राम, रघुवर मांझी सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## अमर ज्योति क्रिकेट टूर्नामेंट में जौकटिया ने दर्ज की जीत

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड अंतर्गत गंडक कॉलोनी स्टेडियम में बुधवार को अमर ज्योति क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। ए. एच. होली मिशन विद्यालय के निदेशक जुबैर आलम उर्फ मुन्ना खान के सौजन्य से आयोजित इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अनुपम प्रसाद,डॉ. ऋतु कुमारी,मझौलिया पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश तथा सरपंच शिवजी राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरा स्टेडियम खेलप्रेमियों और खिलाड़ियों के जोश से गूंज उठा।उद्घाटन समारोह के दौरान डॉ. अनुपम प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का संदेश दिया।

## शीतलपुर में झोपड़ीनुमा मकान में लगी आग, नकद समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति राख

**रात में सो रहे परिवार की खुली आंख, ग्रामीणों के प्रयास के बावजूद नहीं बचा सामान**



**एकमा/मांझी (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी प्रखंड के शीतलपुर गांव में सोमवार की रात एक झोपड़ीनुमा मकान में अचानक आग लग जाने से नकद समेत करीब एक लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना में शीतलपुर गांव निवासी धुरेन्द्र महतो के परिवार को भारी नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। इसी दौरान अचानक गर्मी महसूस होने और धुएं की गंध आने पर उनकी नींद खुली। धुरेन्द्र महतो ने देखा कि झोपड़ी के एक हिस्से में आग लग चुकी है। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर किसी तरह परिजनों को सुरक्षित बाहर निकाला और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने चापाकल की मदद से आग पर काबू पाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन तब तक झोपड़ी समेत उसमें रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। पीड़ित परिवार के अनुसार आग में 10 हजार रुपये नकद, करीब 7 क्विंटल अनाज, एक पलंग, एक चौकी, बिछावन, कपड़े तथा एक साइकिल जलकर राख हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मंगलवार की सुबह शीतलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जयप्रकाश पांडेय ने मांझी अंचलाधिकारी को इसकी सूचना दी। इसके बाद राजस्व कर्मचारी बिजेंद्र पांडेय ने मौके पर पहुंचकर जांच की और अंचलाधिकारी को रिपोर्ट सौंप दी। वहीं मुखिया पुष्पा देवी की ओर से फिलहाल पीड़ित परिवार को नकद आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए प्रशासन से पीड़ित को हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

## साईबर अपराध के प्रति छात्र, शिक्षक व अभिभावकों को किया गया जागरूक

**साईबर क्राइम की शिकायत टोल फ्री नंबर 1930 पर करे दर्ज : डीएसपी**



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के महुआवा गांव स्थित एस आर टी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बुधवार को साइबर थाना मोतिहारी द्वारा साइबर क्राइम को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूली बच्चें, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में साइबर डीएसपी अभिनव पराशर, सब इंस्पेक्टर मनीष कुमार, सौरभ कुमार आजाद एवं आनंद भारती द्वारा साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साइबर डीएसपी अभिनव पराशर ने कहा कि जाने व अनजाने में आप सभी साइबर अपराधियों के प्रति सचेत रहें। अगर गलती से आप इनके शिकार हो जाए तो इसकी शिकायत टोल फ्री नंबर 1930 या फिर साइबर क्राइम डॉट जीओवी डॉट इन पर दर्ज कर सकते है। वही एम कवच ऐप व मोबाइल आर्मर ऐप जैसे ऐप मोबाइल में डाउनलोड कर इस तरह के स्कैम से बच सकते है। आगे उन्होंने कहा कि बेवजह और बेतुके कॉल पर विश्वास ना करें। व्हाट्सअप पर अनजाने नम्बर से अगर कोई लिंक आए तो उस पर क्लिक ना करे। ऐसे लिंक भेजने वाले नंबर को तुरंत ब्लॉक कर रिपोर्ट करें। मौके पर विद्यालय के निदेशक डॉ. आर ठाकुर, प्राचार्य रविंद्र कुमार, महुआवा पश्चिमी के मुखिया निसार अहमद, शिक्षक दीपक पांडेय, निरंजन सिंह, भृगुनाथ सिंह, सन्नी कुमार, जमाल अंसारी, ब्रह्मदेव रजक, मुन्तजिर आलम, सुभाष प्रसाद, संजीव रंजन, ज्योति कुमारी, मीरा कुमारी, रौशनी कुमारी, अनन्या पांडेय, माहेजवी, सलोनी पांडेय, अंजली सिंह, रवि रंजन कुमार, अधिवक्ता विजय कुमार, राकेश कुमार ठाकुर, ग्रामीण राजू ठाकुर, सत्य प्रकाश जायसवाल, जितेंद्र यादव उर्फ झमन राय सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र - छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।

## एकमा में एफएफआर प्लांट निर्माण को लेकर भूमि पूजन, कचरा निस्तारण को मिलेगी स्थायी व्यवस्था

**गीले कचरे से बनेगी जैविक खाद, सूखा कचरा होगा रिसाइक्लिंग**

**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत एकमा बाजार के सभी वार्डों एवं मुख्य बाजार क्षेत्र से निकलने वाले सूखे व गीले कचरे के निस्तारण के लिए एफएफआर प्लांट का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए वार्ड संख्या 15 स्थित भरहोपुर गांव के समीप प्लांट निर्माण हेतु भूमि पूजन मुख्य पार्षद श्वेता रानी द्वारा विधिवत पूजा-पाठ के साथ किया गया। मुख्य पार्षद ने बताया कि प्लांट के निर्माण से सड़क किनारे फैली गंदगी से नगरवासियों को राहत मिलेगी। गीले कचरे से वर्मी कंपोस्ट जैविक खाद तैयार की जाएगी, जबकि सूखे कचरे को रिसाइक्लिंग के लिए विभिन्न कंपनियों को भेजा जाएगा। इससे किसानों को जैविक खाद उपलब्ध होगी और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। प्लांट का निर्माण कॉल एंड फिक्स कंपनी द्वारा किया जा रहा है।

## निखिल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के आदर्श कॉलोनी निवासी ठेकेदार निखिल सिंह की गिरफ्तारी न होने पर मुफस्सिल पुलिस ने बुधवार को न्यायालय के आदेश पर उसके घर पर इश्तेहार चस्पा किया है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि निखिल सिंह की तलाश नौतन थाना क्षेत्र के रेखा सुंदरपट्टी निवासी ठेकेदार नागेन्द्र प्रसाद को गोली मरवाने के मामले में की जा रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए निखिल फरार है। पुलिस के मुताबिक, 18 फरवरी 2024 को रात के समय नागेन्द्र प्रसाद अपने साथी विनोद कुशवाहा के साथ घर लौट रहे थे, तभी बाइक सवार दो अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उनके बाएं हाथ में लगी और वे किसी तरह भागने में सफल रहे। घायल नागेन्द्र प्रसाद ने पुलिस को बताया कि इस हमले का कारण उनके द्वारा बेतिया और नरकटियागंज प्रमंडल में 67 करोड़ रुपये के नौ टेंडर पर बिड़िंग करना था। यह हमला उन्हें टेंडर से हटाने के उद्देश्य से किया गया था।मुफस्सिल पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर शूटर कृष्णा सिंह और सुनील को गिरफ्तार किया था, जिनसे पूछताछ में पता चला कि गोली मरवाने का आदेश निखिल सिंह ने दिया था। निखिल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अब उसकी चल-अचल संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने निखिल के घर पर इश्तेहार चस्पा कर उसे फरार घोषित किया है।



## मुख्यमंत्री नीतीश का 16 जनवरी को बेतिया आगमन, तैयारियां अंतिम चरण में



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 16 जनवरी को प्रस्तावित समृद्धि यात्रा के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने अपनी तैयारियां अंतिम चरण में पूरी कर ली हैं। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर बेतिया के रमना मैदान में उतरेगा, जहां दो हेलीपैड बनाए गए हैं, जिसमें से एक तैयार हो चुका है। इसके बाद, मुख्यमंत्री जीविका, कृषि, उद्योग, और स्टार्टअप से जुड़े स्टॉल का निरीक्षण करेंगे और फिर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।समीक्षा बैठक के बाद, मुख्यमंत्री जन संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे, जिसमें राज्य की योजनाओं की जानकारी देंगे और विधानसभा चुनाव में मिली जीत के लिए जनता का आभार व्यक्त करेंगे। जन संवाद के लिए रमना मैदान में 12,000 वर्ग फीट का हैंगर और 300 वर्ग फीट का मंच तैयार किया गया है, जहां 15,000 कुर्सियों की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के भी बेतिया आने की संभावना है। मुख्यमंत्री के आगमन के दौरान शहर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए सुरक्षा कड़ी की जा रही है और वाहन पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। मंगलवार को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने तैयारियों का जायजा लिया, जिसमें सांसद सुनील कुमार, विधायक समृद्ध वर्मा सहित अन्य नेताओं ने भाग लिया।

## एसएसबी ने 200 लड़कों व लड़कियों को दिया प्रमाण पत्र

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल के मैदान में बुधवार को एसएसबी 44वीं बटालियन द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर 15 दिनों के सेना व सशस्त्र बल में भर्ती के पूर्व होने वाले प्रशिक्षण के उपरांत 200 लडके व लड़कियों को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कोयला व खनन राज्य मंत्री शतीश चंद्र दूबे, रामनगर विधायक नंद किशोर राम,सीओ विवेक कुमार सिंह, थानाध्यक्ष अमित कुमार,कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी से संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर की। 44 वाहिनी कमांडेंट श्री बलवंत सिंह नेगी ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं और युवतियों को रोजगार से जोड़ने के लिए कुल 50 प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण कोर्स भी चलाया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बॉर्डर इलाके के लोगों को रोजगार से जोड़ना एवं उनको आत्मनिर्भर बनाना है। बातें दे एसएसबी द्वारा समय समय पर किए जाने वाले जागरूकता एवं रोजगार परक कार्यक्रम मसलन महिलाओं को सशस्त्र सीमा बल/सीएपीएफ में भर्ती हेतु, बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ अभियान , रक्तदान शिविर, पर्यावरण बचाने हेतु जागरूकता अभियान, मधुमक्खी पालन, नशा मुक्त भारत अभियान चलाकर एवं भारत सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने का काम करती हैं।

## पूर्व कुलपति प्रोफेसर डॉ. वीरेंद्र नाथ पाण्डेय का स्मृति दिवस मना



**प्रो. 'वीरेंद्र नाथ पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व' बिषय पर संगोष्ठी के साथ काव्यांजलि का आयोजन**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डॉ. चंद्रलता झा द्वारा संस्थापित एमकेडी पब्लिक स्कूल में प्रो. (डॉ.) वीरेंद्र नाथ पाण्डेय की पुण्य स्मृति श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर चंद्रलता झा ने की तथा संचालन प्रो डॉ. अरूण कुमार ने किया। उक्त अवसर पर 'प्रोफेसर वीरेंद्र नाथ पाण्डेय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व' विषय पर संगोष्ठी के साथ - साथ काव्यांजलि का भी आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर रणवीर सिंह, डॉक्टर चंद्रलता झा, पूर्व प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार ,संजय पाण्डेय, डॉक्टर सुशील कुमार, डॉक्टर राजेश श्रीवास्तव एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाअध्यक्ष नीता शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया । उक्त अवसर पर संबोधित करते हुए विद्वान डीन प्रो. रणवीर सिह ने कहा कि किसी व्यक्ति में एक साथ इतना अधिक गुण होना अपने आप में बहुत बड़ी बात है । डॉक्टर बीरेंद्र पाण्डेय न सिर्फ विद्वान प्राध्यापक थे बल्कि संस्कृतिकर्मी के साथ बहुत बड़े पत्रकार थे ,यह चंपारण के लिए सौभाग्य और गर्व की बात है ।उन्होने कहा कि उनके जीवन मे सत्य और निष्ठा थी।अध्यक्षीय भाषण में डॉक्टर चंद्रलता झा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में मेरी व्यस्तता के बावजूद भी वीरेंद्र पाण्डेय हमको विभिन्न संगठन एवं कार्यक्रमों में जबरन बुला ही लेते थे ।उनका इतना विश्वास और प्रेम था कि मैं इनकार नहीं कर सकती थी ।मैंने उन्हें बहुत करीब से देखा वे प्रतिभा के धनी थे।विभिन्न सामाजिक क्षेत्रो में काफी आगे निकले हुए थे।मुख्य अतिथि पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो अंजनी श्रीवास्तव ने डॉक्टर बीरेंद्र पाण्डेय के साहित्य पक्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला।समय तक उनके साथ पत्रकारिता एवं कला संस्कृति के क्षेत्र से जुड़े रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि डॉक्टर पाण्डेय जी महात्मा गांधी पर शोध किए थे, वे एक संवेदनशील व्यक्ति थे, इतने कर्मठ थे कि कई विरोध को झेलते हुए अपने दृढ़ता के बल पर कुलपति के पद तक पहुंचे । उनकी वाणी मे इतना प्रभाव था कि बड़े से बड़े अधिकारियों को भी प्रभाव में ले लेते थे। मोतिहारी में उन्होंने राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों को बुलाकर उनकी प्रस्तुती कराया। पत्रकारिता से लेकर कला संस्कृति के क्षेत्र में उन्होंने बड़े-बड़े आयोजन किये। संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के जिला अध्यक्ष कौशल किशोर पांडे ने कहा की सामाजिक क्षेत्र में व्यस्त रहते हुए वे पारिवारिक संबंध का निर्वहन भी बड़े ही संतुलित ढंग से करते थे। कार्यक्रम के आयोजन कर्ता डॉक्टर पांडे के बड़े पुत्र पीटीआई के पत्रकार संजय पांडे ने अपने पिता के बहुत से महत्वपूर्ण पक्ष एवं विशेषताओ को रखते हुये कहा कि मुझे फर्क है कि मैं इतने गुणो से संपन्न पिता का पुत्र हूं, मुझे उनसे हर पल शक्ति मिलती है।

# मकर संक्रांति पर गरीबों एवं महादलितों के बीच कंबल वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** ओबरा प्रखंड के इंटर विद्यालय कैथी परिसर में मकर संक्रांति महोत्सव सह गरीबों दलित एवं महादलितों की कंबल वितरण समारोह आयोजित की गई। समारोह का आयोजन पूर्व स्टेशन प्रबंधक अरविद कुमार के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिदेश्वरी शर्मा ने की। वहीं संचालन भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन ओबरा विधायक डा. प्रकाश चंद्रा ने दीप प्रज्जवलित कर व फीता काटकर किया। इस मौके पर विधायक ने उपस्थित लोगों को मकर संक्रांति की बधाई दी। विधायक ने आयोजक पूर्व स्टेशन प्रबंधक अरविद कुमार को इस तरह के कार्यक्रम को कराए जाने पर बधाई दिया। उन्होंने इस कार्यक्रम में लगे सभी कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी। कहा कि मकर संक्रांति भारत की संस्कृति विज्ञान का प्रकृति के आपसी समन्वय एवं आपसी भाईचारे का त्यौहार है। साथ ही आयोजक पूर्व स्टेशन प्रबंधक अरविद कुमार के साथ विधायक डा. प्रकाश चंद्रा ने बड़ी संख्या में कंबल वितरण किया। आयोजक के साथ सभी कार्यकर्ताओं ने भी विधायक डा. प्रकाश चंद्रा को अंग वस्त्र गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए सौभाग्य का दिन है। इतनी जनसैलाब देखकर मैं बयां नहीं कर सकता हूं कि लोगो की जो उम्मीदें है। उस पर हम खरे उतरकर उनकी सेवा में समर्पित रहेंगे। कहा कि हमने जो कार्य करूंगा वह ओबरा ही नहीं बल्कि बिहार का इतिहास बनेगा। इस मौके पर रामकुमार शर्मा, युगेश शर्मा, लाल बदन पासवान, बिजेंद्र पासवान, लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक पासवान, पूर्व पैक्स अध्यक्ष मणि गुप्ता, दिनेश शर्मा, अमोद कुमार, संजय शमार्, पूर्व उप प्रमुख संजय सोम, जदयू नेता संजय पटेल, कौशल किशोर सिह, अर्जुन शमार्, इंदल यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## मखदुमपुर गांधी मैदान में 18 फरवरी से होगा राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** 'प्रयास' बिहार राज्य की चर्चित नाट्य संस्था "फिर जर्ममा रंग जहानाबद में" के स्लोग्न से राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का आयोजन अगामी 18 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक करने जा रही है। यह नाट्य मेला गांधी मैदान मखदुमपुर में आयोजित होगा। यह नाट्य मेला कला प्रेमी घनश्याम राय 'बबलु को समर्पित होगा। स्थानीय कवि राम विनय शर्मा, के नाम नाट्य मंच होगा, तो मनोज कुमार कमल के नाम समर्पित कवि सम्मेलन होगा। इस कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय स्तर के कवि सिरकत करेंगे। जैसा कि ज्ञात हो कि पिछले 12 वर्षों से नाट्य मेला का आयोजन यह संस्था करती आ रही है। मखदुमपुर में यह दुसरी बार राष्ट्रीय प्रयास नाट्य मेला का आयोजन होने जा रहा है। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी नाट्य मेला में बिहार, असम, उत्तर प्रदेश, प. बंगाल, झारखण्ड के कलाकारों के मंचीय नाटकों के अतिरिक्त नुक्कड़ नाटक, जादू, लोकगीत, नृत्य, कठपुतली, कव्वाली भी होगा। यह महोत्सव बिहार का सांस्कृतिक गौरव हो गया है।

# जिले की समस्याओं के निराकरण हेतु जिला प्रशासन का ध्यान कराया आकृष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मगध क्षेत्र निर्माण संघर्ष समिति ने जिले की जन समस्याओं के निराकरण हेतु पहल करते हुए जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। समिति के सचिव उमेश तिवारी ने फेसर पचरुखिया रोड में उन्थु के पास नहर पर सीधा पुल शीघ्र बनवाने, फेसर में नए प्रखंड के सृजन संबंधी प्रस्ताव ग्रामीण विकास विभाग पटना को भेजने, बाकन से आलमपुर, दरियापुर नहर होते हुए दिल मोहम्मदगंज पचरुखिया रोड तक नहर को पक्की करने, बासेखाप से हुसैनाबाद बेल तक छपरा उपवितरणी नहर को ग्रामीण कार्य विभाग से पक्कीकरण कराने, औरंगाबाद से बासेखाप पचरुखिया रोड तक बाईपास बनाने, गम्हारी जाने वाला पुल तक मनरेगा से रोड बनवाने, छपरा उपवितरणी नहर से आर.डी.15 पर क्षतिग्रस्त पुल बनवाने, दिल मोहम्मदगंज गांव में जाने वाली क्षतिग्रस्त पुल बनवाने, रविदास टोला से खैरी गांव तक रोड पक्कीकरण करने, साई टोला गम्हारी से नर्सिंग कॉलेज खोलने, पूर्वी उच्च स्तरीय नहर सोन के 92 आर.डी पर पुल का निर्माण कराने, बसडीहा खुर्द डोमन ठाकुर के घर से आलमपुर रफीगंज रोड तक ग्रामीण विभाग से पक्कीकरण कराने, बालकेश्वर चंद्रवंशी के घर से पूरब जाने वाले कच्ची सरकारी पिंड रोड को जेसरी बिगहा बाकन बघोई रोड तक पक्कीकरण कराने एवं सोहरैया दुर्गा सिंह के मकान से सरकारी कच्ची पिंड को शाहपुर करसावां रोड तक पक्कीकरण कराने की मांग की है। सचिव उमेश तिवारी ने इस संबंध में औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सभी समस्याओं का समाधान कराने का आग्रह किया है।

## स्वामी विवेकानंद की मनाई गई जयंती

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के बारुण प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमोली में स्वामी विवेकानंद की धूमधाम के साथ पखवारा जयंती समारोह मनाई गई। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक कौशल किशोर सिह ने किया। इस मौके पर सभी विद्यालय परिवार ने उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि आज के युवा को अपने चरित्र निर्माण पर सबसे अधिक ध्यान देना होगा। उन्होंने शिक्षकों को भी कहा कि वे परंपराओं से छात्र छात्राओं को रुबरु विषयों के प्रति जागरूक रहे। कहा कि शिकांगो में उनके इतिहासिक रहे भाषणों की चर्चा की। जानकारी देते हुए कहा कि वे सारे परिधान में रहकर मानवता दया करुणा एक अमूल्य योगदान है। जिसके कारण विवेकानंद जी का पूरा विचार आज हिदुस्तान को सिख दे रहा है और भारत आज फिर से दुनिया में परचम लहराने को तैयार है।

## महिला ने कीटनाशक दवा खाई, हालत गंभीर

**जहानाबाद/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जहानाबाद जिले के काको थाना क्षेत्र से एक चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां घरेलू हिंसा से परेशान एक महिला ने खेत में रखी कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की पहचान रेखा देवी (उम्र लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है। वह गांव चातर, पंचायत सुलेमानपुर, प्रखंड काको, जिला जहानाबाद की निवासी हैं। बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद और हिंसा से मानसिक रूप से आहत होकर उन्होंने यह कदम उठाया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल महिला को इलाज के लिए जहानाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर बताया। डॉक्टरों के अनुसार, महिला की हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पीड़िता का इलाज पीएमसीएच में जारी है। वहीं घटना की सूचना संबंधित काको थाना को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घरेलू हिंसा से जुड़े सभी पहलुओं की छानबीन की जा रही है।

## मांगलिक कार्यों के लिए फरवरी माह तक करना होगा इंतजार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पिछले दो माह से शुक्र अस्त होने के कारण विवाह और लग्न उत्सव पर विराम लग गया था लेकिन मकर संक्रांति के बाद से पुनः लग्न और विवाह उत्सव का दौर शुरू हो जाएगा। लेकिन शुभ मुहूर्त के लिए अभी पूरे जनवरी माह में इंतजार करना होगा।वर्ष 2026 में विवाह के लिए कई शुभ मुहूर्त हैं, जिनकी शुरुआत 6 फरवरी 2026 से होगी। जनवरी में खरमास के कारण शुभ मुहूर्त नहीं हैं। फरवरी माह में कुल 12 मुहूर्त है, वहीं अप्रैल,मई और जून माह में 8- 8 मुहूर्त है। जुलाई माह में मात्र 4 शुभ मुहूर्त होगा। इसके पश्चात चातुर्मास शुरू होने के बाद



अगले चार माह तक कोई शुभ मुहूर्त नहीं होगा। बताया जाता है कि इसके पश्चात अंतिम दो माह में लग्न शुरू होगा, जिसमें नवंबर माह में 4 मुहूर्त और दिसंबर 7 मुहूर्त है। इस तरह देखा जाए तो वर्ष 2026 में कुल मिलाकर 59 शुभ मुहूर्त बताए जा रहे हैं। जिसमें फरवरी माह में शुरू होने वाले लग्न 5, 6, 8, 10, 12, 14, 19, 20, 21, 24, 25, 26 फरवरी को प्रमुख हैं।

जनवरी 2026 में खरमास के कारण विवाह के लिए वर्जित माना गया है। इस वर्ष का पहला शुभ मुहूर्त 5 फरवरी 2026 को है तथा साल का अंतिम मुहूर्त 6 दिसंबर को है।

मकर संक्रांति के बाद विवाह और लग्न उत्सव शुरू होने के पहले से ही गाड़ियां और मैरिज हॉल आदि बुक होने शुरू हो गए हैं। अगले कुछ महीने तक चलने वाले लगातार लगन के इस दौर में जिले में अधिकांश गाड़ी, टेंट, मैरेज हॉल,बैंड, डीजे, घोड़ी आदि की बुकिंग तीन से चार माह पूर्व ही हो चुकी है।

बिहार सरकार

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(जिला कल्याण शाखा)

**नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना**

औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्राओं के लिए संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, ग्राम– मणिका, प्रखण्ड–मदनपुर, जिला–औरंगाबाद में वित्तीय वर्ष 2026–27 में कक्षा–VI में 40, कक्षा–VII में 11, कक्षा–VIII में 1 एवं कक्षा–IX में 2 रिक्त सीट के विरूद्ध नामांकन की कार्रवाई की जा रही है, जिसमें अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के समुदाय के छात्राओ को नामांकन के पश्चात निःशुल्क शिक्षा, आवासन एवं मेंस के साथ–साथ डिजिटल अध्ययन केन्द्र एवं पुस्तकालय आदि की सुविधा उपलब्ध कराया जाता है। प्रत्येक वर्ष अध्ययनरत छात्राओं को पठन–पाठन एवं दवा, बेडशीट इत्यादि के लिए DBT के माध्यम से कक्षा– VI से VIII तक के छात्राओं के खाते में राशि मो0–8550/– रूपये एवं कक्षा– IX से XII तक के छात्राओं के खाते में राशि मो0–8050/– रूपये अन्तरण किया जाता है।

**नामांकन की शर्ते :–**

1. नामांकन हेतु 01.04.2026 को आयु कक्षा–VI के लिए 10–13 वर्ष, कक्षा–VII के लिए 11–14 वर्ष, कक्षा–VIII के लिए 12–15 वर्ष एवं कक्षा–IX के लिए 13–16 वर्ष होनी चाहिए।
2. **आवेदिका पिछडा एवं अति पिछडा वर्ग** के छात्राएं हो।
3. आवेदिका के माता–पिता/अभिभावक की वार्षिक आय तीन लाख तक हो।
4. परीक्षा एवं नामांकन निःशुल्क होगा।
5. नामांकन हेतु आवेदिका की जन्म तिथि उनके शैक्षणिक प्रमाण–पत्र (विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र), S.L.C में अंकित तिथि ही अंतिम रूप से मान्य होगा।
6. आवेदक पत्र समर्पण – 10.01.2026 से 09.02.2026 तक
7. प्रवेश पत्र प्राप्ति – 15.2.2026 से 22.02.2026 तक
8. परीक्षा तिथि – 01.03.2026(रविवार)
9. परीक्षाफल प्रकाशन – 13.03.2026
10. नामांकन – 16.03.2026 से 23.03.2026 तक

**आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. आवेदन पूर्ण रूपेण ऑनलाईन (bcebconline.bihar.gov.in) के माध्यम से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को कठिनाई होने के स्थिति में आवेदक जिला कल्याण कार्यालय औरंगाबाद से सहयोग प्राप्त कर सकते है।
2. ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अंचल द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण–पत्र, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आवश्यक है।

आवेदन पत्र के सभी कॉलम सही–सही भरा हुआ होना चाहिए, अपूर्ण भरे हुए आवेदन–पत्र एवं वांछित अनुलग्नक नहीं संलग्न किये जाने पर आवेदन–पत्र रद् कर दिये जायेगें। निर्धारित समय–सीमा के बाद प्राप्त आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदन–पत्र में दी गई सूचना गलत पाये जाने पर गलत सूचना अंकित करने वाले छात्रों का नामांकन रद्द करने का अधिकार नामांकन समिति को होगा।

**जिला पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, औरंगाबाद**

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR. No.021691 (Welfare) 2025-26

**नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।**

## 25 ग्राम पंचायतों में भी जल्द ही साकार होगा खेल मैदान का सपना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** उप विकास आयुक्त, जहानाबाद, डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में विभागीय निदेश के आलोक में जहानाबाद जिला अंतर्गत शेष बचे 25 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान निर्माण हेतु बैठक का आयोजन की गई। बैठक में मनरेगा के संबंधित कार्यक्रम पदाधिकारी, कनीय अभियंता, पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवक को अपने अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक मे उप विकास आयुक्त द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को नर्देश दिया गया कि अपने समस्त टीम के साथ विद्यालय की स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि खेल मैदान का निर्माण किया जा सके। साथ ही इस दौरान चिन्हित खेल मैदान के निर्माण कार्य की गुणवत्ता का ध्यान रखने का निर्देश दिया गया।




बैठक में उप विकास आयुक्त, डॉ. प्रीति, उपाधीक्षक सह जिला खेल पदाधिकारी, पूनम कुमारी, निदेशक, राष्ट्रीय नियोजन कार्यक्रम, सुदर्शन कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, राजेश कुमार, अंचलाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, कनीय अभियंता, मुखिया, पंचायत तकनीकी सहायक एवं पंचायत रोजगार सेवक सम्मिलित हुए।

## 200 से अधिक गरीब परिवारों के बीच कंबल एवं खाद्य सामग्री वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड के गोनवां पंचायत अंतर्गत ग्राम करौता के एक दंपति ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए कड़ाके की ठंड के बीच लगभग 200 कंबलों का वितरण गरीबों और बुजुर्ग लोगों के बीच किया। इस मानवीय पहल के तहत सैकड़ों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल के साथ-साथ चूड़ा एवं तिलकुट का भी वितरण किया गया, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें बड़ी राहत मिली।

कार्यक्रम की अगुवाई करौता गांव के निवासी एवं समाजसेवी बिनोद प्रसाद सिंह ने अपनी धर्मपत्नी अहिल्या देवी के सहयोग से की। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में उनके पुत्र डॉ. अमित कुमार, जो अमेरिका में चिकित्सक के रूप में कार्यरत हैं, उनका भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं कंबल प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

कार्यक्रम के दौरान बिनोद प्रसाद सिंह ने कहा कि "हमारा उद्देश्य है कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मदद पहुंचे। ठंड के इस मौसम में जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराना हमारा मानवीय कर्तव्य है। आगे भी इस तरह के सेवा कार्य लगातार जारी रहेंगे।"बताया जाता है कि विनोद प्रसाद सिंह लंबे समय से शिक्षा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहकर समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। इस सेवा कार्य में सोम्या सिंह, हिमानी शर्मा, विदु शर्मा, उमेश यादव, द्वारिका शर्मा एवं चन्देश्वर राम (मास्टरजी) का भी सराहनीय सहयोग रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पंतीत वेयर का जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव ने किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के रतनी प्रखंड क्षेत्र में जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल ने बुधवार को पंतीत वेयर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय विधायक राहुल कुमार व पूर्व सांसद जगदीश शर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने प्रधान सचिव को बताया कि पंतीत वेयर के निर्माण होने से जहानाबाद ही नहीं बल्कि अरवल एवं पटना जिले के हजारों किसानों को भी काफी हद तक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वर्षों से इस योजना को लंबित रहने से किसानों के समक्ष सिंचाई की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि प्रधान सचिव ने बियर के निरीक्षण के दौरान कहा कि वेयर के निर्माण से काम नहीं चलेगा, अगर पानी पहुंचाना है तो यहां बराज बनाना होगा । इस दौरान विधायक श्री कुमार ने कहा कि अगर बराज का निर्माण यहां हो जाता है तो इस पइन के अलावा बलदइया व मोरहर नदी में पानी पहुंचने लगेगा, जिससे हजारों हेक्टेयर क्षेत्रफ़ल में सिंचाई संभव होगा। हालांकि प्रधान सचिव ने पूर्व सांसद जगदीश शर्मा व विधायक राहुल कुमार के द्वारा पंतीत बियर की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ वहां पर पहुंचे किसान के द्वारा भी कई जानकारी प्रधान सचिव को दिया गया। प्रधान सचिव ने इसी वित्तीय वर्ष में ही इसके लिए प्राक्कलन तैयार करने हेतु सिंचाई डिविजन पटना के इंजीनियर इन चीफ को निर्देशित किया है। हालांकि विधायक के इस पहल पर इलाके के किसानों में काफी खुशी व्याप्त हो गई है। वर्षों से पंतीत बियर निर्माण के लिए इस इलाके के लोगों का सपना था जो सच होने के कगार पर है। इस मौके पर गोपाल शर्मा, राजद नेता विजय मंडल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह मुखिया संघ अध्यक्ष इस्तियाक आजम, पूर्व मुखिया राजदेव यादव, किसान नेता मनोज कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल थे।

# मकर संक्रांति पर थोड़ी सी लापरवाही बनी हादसों की वजह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद शहर के होरिलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत 32 भमरिया पुल के पास का है, जहां एक तिलकुट दुकान से निकलने वाली चीनी की चाशनी को खुलेआम सड़क पर बहा दिया गया। चाशनी सड़क पर गिरने से सड़क बेहद चिकनी हो गई, जिसके कारण दोपहिया वाहन लगातार फिसलते रहे। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह से लेकर दोपहर तक करीब 5 से 6 वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो चुका है। इस दौरान कई लोग चोटिल भी हुए हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि चीनी की चाशनी सड़क पर जम गई है, जिससे बाइक और स्कूटी सवारों के लिए सड़क पर चलना बेहद खतरनाक हो गया है।जब इस मामले को लेकर दुकानदार से सवाल किया गया तो उन्होंने बहस शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि दुकानों से निकलने वाला कचरा, नाली का गंदा पानी या चाशनी को खुलेआम सड़क पर फेंकना न सिर्फ लापरवाही है, बल्कि इसे अतिक्रमण और सार्वजनिक सुरक्षा से खिलवाड़ भी माना जाना चाहिए। लोगों ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने और कार्रवाई की मांग की है। बताया जा रहा है कि जब मीडिया द्वारा सवाल किए जाने लगे, तो संबंधित दुकानदार दुकान बंद कर मौके से फरार हो गया। फिलहाल इस लापरवाही से सड़क पर आवागमन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर लापरवाही पर कार्रवाई करेगा, या फिर किसी बड़े हादसे के बाद ही जिम्मेदारों की नींद खुलेगी।

बिहार सरकार

**कार्यालय, नगर परिषद्, दाउदनगर (औरंगाबाद)**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं०–15/2025–26 (ई–टेंडरिंग द्वारा)

(www.eproc22.bihar.gov.in)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम एवं पता | : | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, दाउदनगर। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | : | 12.01.2026 |
| 3. | प्रि बीड मिटिंग का स्थान/तिथि | : | समय 11:30 बजे, कार्यालय, नगर परिषद्, दाउदनगर। दिनांक 31.01.2026 |
| 4 | टेंडर कागजात डाउनलोड करने की अवधि | : | दिनांक 02.02.2026 से 09.02.2026 के 15.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | : | दिनांक 09.02.2026 के 15.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय | : | दिनांक 11.02.2026 के 15.30 बजे (on website www.eproc2.bihar gov.in) |
| 7 | वित्तिय बीड खोलने की तिथि/समय | : | तकनीकी निर्णय के बाद (on website www.eproc2.bihar gov.in) |

9. कार्य का विवरण

**मद– षष्टम् वित एवं 15वीं वित के कर्णांकित राशि।**

| क्र0सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य बीड प्रोसेसिंग का (अप्रत्यर्पणीय) | Bid Processing Fee (Through Online) (अप्रत्यर्पणीय रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0 17 में लाईब्रेरी का निर्माण कार्य। | 66,07,000.00 | 1,32,200.00 | 10,000.00 | 590.00 | 06 Month |
| 2 | वार्ड सं0 12 अन्तर्गत नगर परिषद कार्यालय के पास दुकान का निर्माण कार्य। | 1,10,81,500.00 | 2,21,700.00 | 10,000.00 | 3,540.00 | 07 Month |
| 3 | नगर परिषद दाउदनगर अन्तर्गत वार्ड सं0 14 में नगर परिषद कार्यालय के पास दुकान का निर्माण कार्य। | 1,64,84,100.00 | 329700.00 | 10,000.00 | 3,540.00 | 09 Month |

नोटः– 1. Bidders should submit Bid Processing fee through the online payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, दाउदनगर**

PR. No. 021669 (B&C) 2025-26

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

बिहार सरकार

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

कार्यालय नगर परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद)

अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2025–26

(https://eproc2.bihar.gov.in)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पता | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, दाउदनगर। |
| 2. | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | :– | 12.01.2026 |
| 3. | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय | :– | 02.02.2026 को 11:00 बजे से On Website (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 4. | प्री बीड मीटिंग का समय/स्थान एवं तिथि | :– | दिनांक–31.01.2026 के समय 11:00 बजे, स्थान–कार्यालय, नगर–परिषद, दाउदनगर (औरंगाबाद) |
| 5. | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | :– | दिनांक–09.02.2026 को 15:00 बजे तक On Website (https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 6. | तकनिकी/वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय | :– | दिनांक–11.02.2026 के 15:30 बजे के बाद On Website(https://eproc2.bihar.gov.in) |
| 7. | मद का नाम– | :– | 15वीं वित एवं षष्टम् वित के कर्णांकित राशि । |
| | कार्य का विवरण | :– | |

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लूडिंग मौनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड सं0 11 में नवनिर्मित पार्क में शौचालय एवं गार्ड रूम का निर्माण कार्य। | 1460400.00 | 29300.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 2 | वार्ड सं0 01 में नवनिर्मित पार्क में शौचालय एवं गार्ड रूम का निर्माण कार्य। | 1460400.00 | 29300.00 | 2500.00 | 590.00 | 02 माह |
| 3 | वार्ड सं0 27 में शीतल बिगहा में छोटकी नहर के सटे हर्षनारायण सिंह के जमीन से लेकर अमरेश मिस्त्री के घर होते हुये राजकुमार पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 1635700.00 | 32800.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 4 | वार्ड सं0 01 मे परमेश्वर पासवान के घर से सुधीर पासवान के घर तक आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित एवं पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य। | 1847500.00 | 37000.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 5 | वार्ड सं0 27 में पिलछी रोड में राजकुमार सिंह के घर से लेकर रामलखन यादव के घर होते पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 2174500.00 | 43500.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |
| 6 | वार्ड सं0 03 में महंगु चौधरी के घर से बालूगंज मेन रोड तक एवं आलोक चौधरी के घर से स्व0 हरि चौधरी के घर तक एवं भगवान चौधरी के घर से रामजी चौधरी के घर होते हुये बालूगंज मेन रोड तक एवं अरूण राम के घर से अजय राम के घर तक पी0सी0सी0 पथ एवं आर0सी0सी0 नाली ढक्कन सहित निर्माण कार्य। | 2299200.00 | 46000.00 | 5000.00 | 590.00 | 02 माह |

**कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, दाउदनगर**

PR. No. 021668 (B&C) 2025-26

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**अगर मन में हो एच.आई.वी. अथवा यौन जनित रोग से जुड़े सवाल तो तुरन्त 1097 पर करें कॉल।**

# बिहिया में उद्यमी संवाद सह उद्योग वार्ता का आयोजन

## डीएम ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आरा।** भोजपुर जिले के बिहिया औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार को उद्यमी संवाद सह उद्योग वार्ता का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डीएम तनय सुल्तानिया ने की। आयोजन पशु आहार कारखाना एवं सुधा शाहाबाद दुग्ध उत्पादक केंद्र के प्रशासनिक भवन के सभागार में हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्र में संचालित इकाइयों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा करना और उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम से पूर्व डीएम ने पशु आहार कारखाना का निरीक्षण किया तथा वहां स्थापित मशीनरी उपकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद उद्यमी संवाद के दौरान बिहिया औद्योगिक क्षेत्र सहित जगदीशपुर, बिहिया और शाहपुर क्षेत्र के कुल 38 इंडस्ट्री संचालकों समेत दर्जनों उद्यमियों से डीएम ने सीधे संवाद किया। इस दौरान उद्योगों की उत्पादन क्षमता, रोजगार सृजन, संचालन की वर्तमान स्थिति तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही बाजार, आउटलेट और आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े फीडबैक भी उद्यमियों से प्राप्त किए गए। संवाद के क्रम में उद्यमियों ने ड्रेनेज सिस्टम की बदहाल स्थिति, सड़कों की मरम्मत, पार्किंग की कमी, स्ट्रीट लाइट की अनुपलब्धता, बिजली आपूर्ति में बाधा, इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रूप से रखीं। कई उद्योग संचालकों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए बिहिया औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना की मांग भी उठाई। डीएम ने उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार की प्राथमिकता औद्योगीकरण को बढ़ावा देना और रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। सुरक्षा से जुड़ी मांग पर उन्होंने आश्वासन दिया कि संबंधित विभाग से विचार-विमर्श कर औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस चौकी की स्थापना की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। डीएम ने कहा कि संवाद कार्यक्रम में मिले सुझावों पर अमल कर बिहिया औद्योगिक क्षेत्र को और अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल बनाया जाएगा। इसके पहले डीएम ने अधिकारियों संग सुधा प्लांट रामको एवं फूड प्रोसेसिंग यूनिट प्लांट का भी जायजा लिया। इस अवसर पर डीडीसी गुंजन सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र निखिल कश्यप, परियोजना प्रबंधक मधु कुमारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, हरेश कुमार, अरविंद कुमार एवं श्वेता कुमारी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रधान आशुलिपिक मनोज कुमार, एमएसएमई मित्रा नीरज कुमार एवं बंटी, असिस्टेंट मैनेजर आनंद कुमार सिन्हा, डीजीएम अमित कुमार, डीएओ डॉ. नीरज कुमार, डीआरडीए निदेशक एनईपी लोक प्रकाश, एसडीएम संजीत कुमार, बिहिया के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार, बीडीओ मोनालिसा प्रियदर्शनी, श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार, अधीक्षण अभियंता आरा निखिल कुमार, अधीक्षण अभियंता जगदीशपुर राजेश चौधरी, आत्मा के प्रोजेक्ट मैनेजर राणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति मिलन पर दिव्यांगों के बीच चूड़ा कम्बल का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र के संजात पंचायत के लोकप्रिय पंचायत समिति सदस्य श्याम किशोर मिश्र उर्फ कंचन मिश्र के आवासीय परिसर में बुधवार को मकर संक्रांति मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रखंड क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित हुए। उक्त मिलन समारोह में पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्ड से आये कुल 400 गरीब विधवा व दिव्यांगों के बीच चुड़ा व कम्बल वितरण किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता बलराम प्रसाद सिंह के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर उन्होंने आयोजक कंचन मिश्र की सराहना करते हुए कहा कि कंचन जी हमेशा से गरीब विधवा निसहाय लोगों के साथ और सहयोग के लिए आगे रहे हैं। आज फिर गरीबों का दुख देखकर यह कार्यक्रम चलाया वहीं प्रखंड प्रमुख इन्द्रजीत कुमार ने कहा कि कंचन मिश्र जी हमेशा से गरीब गुरबा के साथ रहें हमें इस तरह का कार्यक्रम में उपस्थित होकर गौरव का अनुभव हो रहा है। वहीं मौके पर उपस्थित पूर्व जिला पार्षद सह कांग्रेस के नेता राम सोगारथ साह ने कहा कि इस वर्ष जिस तरह से ठिठुरन भरी सर्दी व ठंड से परेशान गरीब निसहाय लोगों की पीड़ा कंचन मिश्र को देखा नहीं गया। उक्त अवसर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, विश्वनाथ राय सहित क्षेत्र के दर्जनों लोग उपस्थित थे। उपरोक्त सभी अतिथियों व स्वयं कंचन मिश्र दम्पति के कर कमलों द्वारा 400 गरीबों के बीच कम्बल वितरण किया गया। वहीं आज मेहदौली निवासी समाजसेवी राकेश सिंह समाजसेवी के साथ साथ समस्तीपुर काली स्थान परिसर में आप नेता शिवदयाल के द्वारा मकरसंक्रांति मिलन समारोह आयोजित किए गए जिसमें सैकड़ों लोग जुड़ दही तिलकुट ग्रह्ण किया।

# दर्जनों जरूरतमंदों के बीच कम्बल वितरण

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र से सटे हुए भगवानपुर प्रखंड के जोकिया पंचायत के उप मुखिया राम ज्ञान महतों के टांडी गांव निवासी दिलीप कुमार ने मानवता का मिशाल बुधवार को पेश किया। मानवता का परिचय देते हुए उन्होंने मकर संक्रांति के अवसर पर उन्होंने अपने पंचायत के वार्ड संख्या 9 के दर्जनों जरूरतमंदों विधवा व वृद्धजनों के बीच कड़ाके की ठंड को देखते हुए उन्होंने अपने वार्ड के लोगों के बीच से जरूरतमंद लोगों को चिह्नित किया और उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि मैं खुद गरीब तबके के लोगों के बीच से आता हूं मेरे पिता जी किसान हैं हम खुद कड़ी मेहनत के दम पर बीपीएससी से होने वाले शिक्षक भर्ती प्रतियोगिता में सफल होकर टीआरई वन के तहत पास होकर अभी वर्तमान में शिक्षक हैं। वहीं इस कंबल वितरण के कार्यक्रम पर शिक्षक दिलीप कुमार के पिता रामज्ञान महतों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि ये कार्यक्रम का आयोजन अपने निजी खर्च से मेरा पुत्र किया है।

# गंगा तट पर मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिले में कला एवं संस्ति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन भव्यता के साथ सिमरिया घाट स्थित गंगा के पावन तट पर किया गया। बुधवार को महोत्सव का शुभारंभ जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, नगर आयुक्त सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आरंभ बिहार गान से हुआ। बिहार गान के उपरांत जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी तथा उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा बिट्टू कुमार सिंह द्वारा सभी आगत अतिथियों का हरित पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।सांस्तिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय के कलाकारों द्वारा मधुर लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं साक्षी नृत्य समूह द्वारा बिहार के पारंपरिक लोकनृत्यों की भव्य प्रस्तुति की गई। लोकगीत एवं लोकनृत्य के सुंदर संगम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिसकी उपस्थित अतिथियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। महोत्सव के विशेष आकर्षण के रूप में पतंग उत्सव, गिल्ली-डंडा, रस्साकशी, रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता तथा पारंपरिक दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर सभी कलाकारों एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मकर संक्रांति महोत्सव- 2026 ने जिले की समृद्ध सांस्तिक विरासत एवं लोक परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

# वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने अपने वजन के अनुसार किया तुलादान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

## मंत्री ने अपने वजन के अनुसार किया तुलादान

**बखरी।** प्रखण्ड के श्रीकृष्ण गौशाला के पावन परिसर में धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक तुलादान कार्यक्रम श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री संजय पासवान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं एसडीएम सह गौशाला के पदेन अध्यक्ष सन्नी कुमार सौरव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की सफलता में गौशाला के सचिव कैलाश चंद्र शर्मा एवं मारवाड़ी युवा मंच के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परंपरा के अनुसार पंचानंद ठाकुर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं का तुलादान कराया। मंत्री संजय पासवान सहित 50 श्रद्धालुओं ने अपने-अपने शरीर के वजन के अनुरूप अनाज, फल एवं अन्य दान सामग्री अर्पित कर गौसेवा का पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री संजय पासवान ने कहा कि गौसेवा भारतीय संस्कृति की आत्मा है। गौशालाएं न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र हैं, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वहीं एसडीएम सन्नी कुमार सौरव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में धार्मिक चेतना, सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। गौशाला के विकास के लिए प्रशासन हरसंभव सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में दिलीप केशरी, मनोरंजन वर्मा, मनोज चौधरी, विवेक खेतान, रामदयाल केशरी, अभिमन्यु केशरी, प्रवीण साहू, मुरारी टिबरेबाल, प्रिंस परमार, अधिवक्ता गौरव कुमार, संतोष देवी, आशा बजाज, मंजू अग्रवाल, संगीता राय, संध्या केशरी, गोविन्द केशरी, सौरभ नेमानी, रौनक पलरीवाल, पंकज पासवान, विकाश मिश्रा सहित अनेक गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण एवं गौसेवा के संकल्प के साथ शांतिपूर्ण एवं भक्तिमय वातावरण में हुआ।

# स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** एसबीएसएस कॉलेज बेगूसराय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत बुधवार को तीसरे दिन स्वच्छता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डा. अजय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि समाज और राष्ट्र का समग्र विकास भी संभव होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वयं स्वच्छ रहें और दूसरों को भीस्वच्छता के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा कलेज परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा लोगों को साफ-सफाई के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवक सचिन कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। यदि युवा वर्ग आज से ही स्वच्छता को अपनी आदत बना ले, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और सुंदर भारत मिल सकता है। एनएसएस के माध्यम से हम सभी स्वयंसेवक समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए निरंतर सेवा कार्य करते रहेंगे।

# दरभंगा में 17 को होगा हिंदू सम्मेलन

## कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर किया गया विचार-विमर्श

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर आगामी 17 जनवरी को दरभंगा में आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन एवं संगोष्ठी की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दरभंगा विभाग के विभाग प्रचारक रविशंकर जी ने बताया की आगामी 17 जनवरी को तारडीह प्रखंड अंतर्गत लगमा स्थित जगदीशनारायण ब्रह्माचर्य आश्रम में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। इसके साथ ही दोपहर 2:00 बजे से डीएमसीएच ऑडिटोरियम में शताब्दी वर्ष संगोष्ठी आयोजित होगा। इस भव्य आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उनके मार्गदर्शन एवं संबोधन से समाज के विभिन्न वर्गों को राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्र निर्माण के विचारों से प्रेरणा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष केवल एक संगठनात्मक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्र के सांस्कृतिक, सामाजिक एवं वैचारिक उत्थान का महापर्व है। दरभंगा में आयोजित होने वाला यह विराट सम्मेलन समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से एक ऐतिहासिक आयोजन बनेगा। तैयारी बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन स्थल, आमंत्रण व्यवस्था, सुरक्षा, प्रचार-प्रसार तथा स्वयंसेवकों की भूमिका पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक में संघ से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# दही-चूड़ा भोज में पहुंचे गन्ना मंत्री संजय पासवान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बिहार सरकार के गन्ना मंत्री संजय कुमार पासवान ने जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय द्वारा आयोजित दही-चूड़ा भोज में बुधवार को शिरकत की। यह भोज मकर संक्रांति के अवसर पर सिमरी स्थित घनश्याम राय के निवास पर आयोजित किया गया था। क्षेत्र संख्या 12 के जिला परिषद सदस्य और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि घनश्याम राय प्रत्येक वर्ष मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर अपने निवास स्थल सिमरी में दही-चूड़ा भोज का आयोजन करते हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि आमंत्रित किए जाते हैं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय ने बखरी विधायक सह गन्ना मंत्री संजय पासवान को अंग वस्त्र और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बखरी विधानसभा की जनता का मान-सम्मान करना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने बखरी विधानसभा को बिहार में सबसे पहले प्रगति की ओर ले जाने का संकल्प दोहराया। मंत्री ने घनश्याम राय को कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया और बताया कि इस भोज में दर्जनों एनडीए कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात हुई। जिला परिषद सदस्य घनश्याम राय ने बताया कि वे प्रत्येक वर्ष यह दही-चूड़ा भोज भाईचारा बनाए रखने, कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान और बड़े-छोटे के मिलन के लिए आयोजित करते हैं। उन्होंने गन्ना मंत्री के आगमन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जैसे सुदूर देहात के लोगों के पास मंत्री का आना उनके लिए सौभाग्य की बात है।इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, घाघरा पंचायत के मुखिया नंदकिशोर तांती, सरपंच रामचंद्र पासवान, भाजपा नेता बिजलेश पासवान, बागबन मुखिया योगेंद्र राय, नावकोठी मुखिया राष्ट्रपति कुमार उर्फ बिट्टू कुमार, बखरी प्रखंड के लोजपा (आर) के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पासवान, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार जायसवाल, सोनमा के उप मुखिया हरेराम पाल, स्थानीय ग्रामीण नरेश चौधरी, व्यापार मंडल बखरी अध्यक्ष सुनील कुमार राय, भाजपा मंडल अध्यक्ष महतो महतो, घाघरा के पूर्व पेक्स अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, बखरी मक्काचक के पूर्व मुखिया व जदयू नेता अशोक कुमार राय सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# दो वर्षों में भी नहीं बन पाया अस्पताल का भवन, सुविधाओं का है अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** पीएचसी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को सुविधा के अभाव में स्तरोन्नयन हुआ। भवन निर्माण कार्य पिछले दो वर्षों में पूरा नहीं हो पाया है। संवेदक की उदासीनता के कारण ऐसा हो रहा है जबकि प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि बार बार स्मारित करने के बाद भी कार्य में तेजी नहीं आयी है। इसके कारण अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा वैकल्पिक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में भी उपयोग किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने बताया कि पांच चिकित्सक यहां पदस्थापित हैं। इनमें एक महिला चिकित्सक भी हैं जिनका प्रतिनियोजन अन्यत्र कर दिया गया है। महिला चिकित्सक के अभाव में महिला रोगियों को काफी कठिनाई होती है। एक दंत चिकित्सक भी हैं किन्तु नेत्र रोगियों के लिए नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक का अभाव है। इससे स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। चौबीस घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिए चिकित्सकों का रहना अनिवार्य है। पीएचसी में सर्जन नहीं रहने के कारण परिवार कल्याण आपरेशन के लिए जिले के दूसरे चिकित्सक का सहारा लेना पड़ता है। महिला चिकित्सक के कारण प्रखंड की आधी से अधिक आबादी महिलाओं को पीएचसी में पुरूष चिकित्सक के सामने अपनी बीमारी बताने में शर्मिन्दी महसूस करनी पड़ती है। हड्डी रोग विशेषज्ञ भी इस पीएचसी में नहीं हैं। पीएचसी के अधीन संचालित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा को आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के रूप में बनाया गया। इसमें चौबीस घंटे स्वास्थ्य सेवा के लिए व्यवस्था होनी चाहिए थी। पिछड़े क्षेत्र में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र देवपुरा में पूर्व सिविल सर्जन डा सोना लाल अकेला ने चौबीस घंटे प्रसव सुविधा बहाल करवाया था। वह भी कुछ दिनों के बाद ठप हो गया। क्षेत्र के लोगों को पीएचसी नावकोठी का ही सहारा लेना पड़ता है। इसके सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने पर चिकित्सक के साथ स्वास्थ्य संबंधी जांच,एक्सरे आदि सुविधा में बढ़ोतरी होती।पहसारा का अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र किराये पर चलता है। अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र पहसारा को अपना भवन नहीं है। यह एक किराये पर चलता है।

# चार लेबर कोड के खिलाफ होगी हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** चार लेबर कोड के खिलाफ 12 फरवरी को प्रस्तावित अखिल भारतीय आम हड़ताल की तैयारी को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियनों की एक महत्वपूर्ण बैठक सीटू कार्यालय रणदिवे भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ऐक्टू के जिला प्रभारी चन्द्रदेव वर्मा ने की। बैठक में एटक जिला महासचिव प्रह्लाद सिंह, सीटू राज्य सचिव अंजनी सिंह, बिहार राज्य किसान सभा के जिला मंत्री दिनेश सिंह, एटक जिला सचिव मंडल सदस्य जुलूम सिंह तथा बीड़ी मजदूर यूनियन के नेता मुकेश झा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए चार लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला हैं। इन कोडों से स्थायी रोजगार, न्यूनतम मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा और यूनियन बनाने के अधिकार कमजोर होंगे।बैठक में 25 जनवरी को सूरज भवन में आयोजित होने वाले कन्वेंशन को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इसी सिलसिले में छात्र-युवा संगठनों, किसान संगठनों, ट्रेड यूनियनों और विभिन्न सेवा संगठनों की एक संयुक्त बैठक रणदिवे भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# बड़हरा में मकर संक्रांति पर दही-चूड़ा भोज का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के बभनगांवा खेल मैदान में मकर संक्रांति पर मैत्री दही चूड़ा भोज का आयोजन राजद नेत्री सोनाली सिंह ने किया। जिसमें 4 हजार से अधिक संख्या में मौजूद लोगों ने दही, चुड़ा, तिलकुट का भरपूर आनंद लिया। वहीं इस मौके पर मौसम भी काफी खुशनुमा था। जिसमें की काफी संख्या में बड़हरा विधानसभा क्षेत्र समेत जिले भर से आए लोग शामिल हुए। वहीं उपस्थित लोगों का विधिवत स्वागत सोनाली सिंह के द्वारा किया गया। इस भोज में शामिल होने के लिए सुबह से ही लोगों का आना शुरु हो गया था जो शाम तक चलता रहा। मकर संक्रांति भारत का एक प्रमुख पर्व है। जो भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के अवसर पर मनाया जाता है। इसे उत्तरायण की शुरुआत माना जाता है। इस दिन से भगवान सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाते हैं और यह हमारे देवताओं का दिन माना जाता है। यानी मकर संक्रांति धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिससे प्रकृति सूर्य और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन का प्रतीक है। उक्त बातें बड़हरा विधानसभा क्षेत्र की समाजसेवी एवं बड़हरा की बेटी सोनाली सिंह ने बभनगांवा खेल मैदान में आयोजित मैत्री दही चुरा भोज के आयोजन में कहीं। इस मौके पर आरा, शाहपुर, संदेश व बड़हरा प्रखंड से सभी वर्ग, जिप सदस्य, मुखिया, सरपंच, आदि थे।


बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, औरंगाबाद
ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/ औरंगाबाद/2025–26

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक–2102 अनु0 दिनांक–09.12.2025 के द्वारा निर्गत ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/औरंगाबाद/2025–26 जिसका पी0आर0नं0–019515 (BCD) 2025–26 है, का अपरिहार्य कारणवश अवधि विस्तार किया जाता है।

**कार्य का नाम– औरंगाबाद जिला मुख्यालय में 620 क्षमता का अटल कला भवन का निर्माण कार्य**

| | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | नवसंशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड करने की) तिथि एवं समय | 30.12.2025 से 28.01.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक | 19.01.2026 से 23.02.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर | केवल वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर |
| 3 | निविदा प्राप्ति (अपलोड) करने की तिथि एवं समय | 30.12.2025 से 28.01.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक | 19.01.2026 से 23.02.2026 तक 3:00 बजे अपराह्न तक |
| 4 | प्री बीड मीटिंग की तिथि, समय एवं स्थान | (i) दिनांक–23.12.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय (ii) दिनांक–22.12.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय | (i) दिनांक–15.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, पटना का कार्यालय (ii) दिनांक–14.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी बीड) | दिनांक 29.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक | दिनांक 24.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय (वितीय बीड) | तकनीकी बीड के उपरांत | तकनीकी बीड के उपरांत |
| 7 | निविदा प्राप्ति का स्थान | 1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। 3. मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का कार्यालय | 1 कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल,औरंगाबाद का कार्यालय। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल गया का कार्यालय। 3. मुख्य अभियंता(द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना का कार्यालय |

**शेष सभी शर्तें पूर्ववत रहेगी।**

**कार्यपालक अभियंता**
**भवन प्रमंडल, औरंगाबाद**

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.021693 (BCD) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# दो दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन

## कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** कला एवं संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय मकर संक्रांति महोत्सव का विधिवत उद्घाटन जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। स्थानीय अंग संस्कृति भवन में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अंकित रंजन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि अंग क्षेत्र की ग्रामीण संस्कृति पर आधारित मकर संक्रांति महोत्सव की गाथा भागलपुर के ग्रामीण परिवेश के लोक कलाकारों को मंचीय प्रस्तुति हेतु आमंत्रित करती है। सांस्कृतिक प्रस्तुति में अंगिका लोक गीत, लोक नृत्य एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति है। महोत्सव के दूसरे दिन 15 जनवरी को भास रचित माध्यम व्यायोग नाटक का मंचन एवं भागलपुर के युवा एवं वरिष्ठ कवियों का कवि सम्मेलन किया जाएगा। अपने उद्बोधन में प्रदीप कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त, भागलपुर ने कविता पाठ करते हुए मकर संक्राति के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने अपने उद्बोधन में सभी को अपने जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हुए कहा की कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा लगातार लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिससे सभी को जुड़ना चाहिए। आज के कार्यक्रम में राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में भागलपुर का परचम लहराने वाले युवा कलाकारों ने 'गोदना' अंगिका लोक गीत के प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं भागलपुर के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आए कलाकारों ने भी संस्कार गीत, कटनी, रोपनी गीत गाकर अंगिका रस से सराबोर कर दिया। मंच संचालन कुमार गौरव द्वारा किया गया।

# तारेगना रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान, संदिग्धों पर जीआरपी की पैनी नजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रभारी जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू यादव के नेतृत्व में जीआरपी द्वारा व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान फोर्स के साथ स्टेशन परिसर के यात्री प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्मों तथा स्टेशनों पर खड़ी और गुजरने वाली ट्रेनों में संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की गहनता से जांच की गई। जांच के दौरान प्लेटफार्म पर बेवजह बैठे हुए लोगों की भी सघन जांच की और बिना टिकट यात्रा करने वाले लोगों को चेतावनी दी। अभियान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रही और यात्रियों में सुरक्षा को लेकर विश्वास का माहौल दिखाई दिया। जीआरपी थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान समय में रेलवे स्टेशन अत्यंत संवेदनशील स्थान होते हैं, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि को रोकने के लिए निरंतर सतर्कता आवश्यक है। इसी क्रम में जीआरपी की टीम ने स्टेशन के हर कोने में सघन चेकिंग कर यात्रियों के सामान, बैग और संदिग्ध वस्तुओं की जांच की। फुटओवर ब्रिज और प्लेटफॉर्मों पर विशेष सतर्कता बरती गई ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। चेकिंग अभियान के दौरान एस्कॉर्ट ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों की भी जांच की गई। ट्रेन और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और एस्कॉर्ट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इसके साथ ही यात्रियों से भी अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।



# ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत, रिश्तेदार को पहुचांने जा रहा था चूड़ा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के गवसपुर पेट्रोल पंप के ठीक सामने एक ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत मौके पर ही हो गई है। मृतक की पहचान सुनील कुमार पिता हरिश्चंद्र चौधरी नौबतपुर बताया जा रहा है। वहीं ठोकर मार कर भाग रहे ट्रक चालक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर धुनाई कर दी है, जहां मौके पर पहुंचे पुलिस ने चालक और उपचालक दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि मंगलवार की सुबह एक बाइक सवार युवक नौबतपुर के रास्ते पुनपुन की ओर जा रहा था जहां पर ट्रक के ठोकर लगने से उसकी मौत मौके पर हो गई है। मृतक के बाइक पर चूड़ा रखा हुआ था। क्यास लगाया जा रहा है कि मकर संक्रांति पर्व को लेकर अपने रिश्तेदार के घर पर चूड़ा पहुचाने जा रहा था। बहरहाल मकर संक्रांति पर्व को लेकर मृतक के परिजनों में इस घटना पुरा परिवार शोककुल है।

# पुनपुन अंतरराष्ट्रीय पौष खरमास मेले का समापन

### सैंकड़ों की संख्या में देश-विदेश से आते हैं पिंडदानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** 16 दिसंबर से शुरू हुए अंतराष्ट्रीय पौष खरमास मेला का बुधवार की शाम समापन हो गया। पुनपुन नदी के पावन घाट पर आयोजित समापन कार्यक्रम में उपस्थित मसौढी अनुमंडल के कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार, पुनपुन अंचलाधिकारी ममता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी उदय कुमार एवं अनुमंडल विधी विशेषज्ञ जय शिव सत्यानंद आदी शामिल रहे। कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मवीर कुमार ने कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार खरमास में पुनपुन का विशेष महत्व है। प्रथम पिंडदान स्थल के रूप में पुनपुन अपनी पहचान बना चुका है। जहां नेपाल व भूटान के अलावा देश के विभिन्न हिस्सों से श्रद्धालु पुनपुन पहुंचते हैं। श्रद्धालु नदी के तट पर प्रथम पूजा व तर्पण करते हैं और फिर गया के लिए प्रस्थान करते हैं। मेला के दौरान जिला प्रशासन की टीम आगंतुकों की सेवा में लगी थी। घाट पर सुरक्षा, पेयजल, प्रकाश, चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं के लिए पदाधिकारी तैनात थे। इसके अलावा अतिथियों के स्वागत में पुनपुन के लोगों का सहयोग सराहनीय है। अंचलाधिकारी ममता कुमारी ने समापन कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बेहतर कार्य करने को लेकर पदाधिकारियों, कर्मियों और सिविल डिफेंस के कर्मियों के प्रति आभार प्रगट किया। वही कहा की पुनपुन का यह मेला धार्मिक भावनाओं और सांस्कृतिक विरासत का संदेश देता है। लोगों की आस्था और श्रद्धा से यह स्थान और भी महत्वपूर्ण बन रहा है। हम सभी मिलकर परंपराओं को सुरक्षित रखेंगे और श्रद्धालुओं के सुगम अनुभव के लिए हर संभव व्यवस्था करेंगे। समापन कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल, प्रखंड, अंचल समेत सिविल डिफेंस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बेदर्द मां ने नवजात को फेंका, पुलिस ने सड़क से उठाकर पहुंचाया अस्पताल, बची जान

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुलिस की छवि आमतौर पर सख्त और कड़क मानी जाती है। लेकिन जब वही पुलिस मानवता और संवेदनशीलता की मिसाल पेश करे, तो समाज में एक नई रोशनी फैलती है। मसौढी के भगवानगंज थाना क्षेत्र के रोहीला पर गांव से एक ऐसी ही घटना सामने आई है, जिसने पुलिस के मानवीय पहलू को उजागर किया है। एक नवजात शिशु को सड़क के किनारे पर फेंक दिया गया था। लेकिन सूचना मिलते ही थाने के एक दारोगा राजेश कुमार शुक्ला ने न सिर्फ उसे गले से लगाया, बल्कि तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान भी बचाई। जानकारी के मुताबिक, बुधवार की सुबह तकरीबन 10 बजे डायल 112 की पुलिस गाड़ी ने भगवानगंज थाने को सूचना दी की एक सड़क के किनारे नवजात शिशु फेंका हुआ है। ऐसे में थाने में ड्यूटी पर मौजूद राजेश कुमार शुक्ला को सूचना दी गई वह अविलंब मौके पर पहुंचे तो वहां एक नवजात शिशु लावारिस हालत में पड़ा था। यह दृश्य देखकर बिना देर किए मासूम को अपनी गोद में उठा लिया। जैसे ही उन्होंने नवजात को गले से लगाया, बच्चा हल्की-सी हरकत करने लगा। इंसानियत की मिसाल कायम करते हुए दारोगा राजेश कुमार शुक्ला ने बिना समय गंवाए बच्चे को अपनी गश्ती गाड़ी से ले जाकर अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। नवजात शिशु की जान बचाने के चक्कर में पुरे दिन खाना भी नहीं खाया, और इसी कार्य में लग रहे। वहीं अस्पताल में मौजूद डॉ दिव्या, डॉ लक्ष्मण और अस्पताल के प्रबंधक चंद्रशेखर आजाद,स्टाफ नर्स रेनु रानी,एवं रोहित की मौजूदगी में इलाज किया गया। बच्चा अब पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ है। चिकित्सकों की माने तो अगर थोड़ी और देर हो जाती तो शायद नवजात की जान चली जाती है, क्योंकि ठंड में बिना कपड़े के काफी देर तक रहने पर उसकी जान भी जा सकती थी। फिलहाल पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आखिर किसने इस नवजात को सड़क के किनारे फेंका था। फिलहाल नवजात शिशु को पटना चाइल्ड केयर मे रखा गया है।



# आपसी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, दोनों तरफ से थाने में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी थाना क्षेत्र के भखरा चक गांव में आपसी विवाद में दो घुटनों में जमकर मारपीट की घटना हुई है, इस घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने की गुहार लगाई है। पहले पक्ष की ओर से शतिया देवी पति बुधन पासवान के बयान पर तीन लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित महिला के दिए गए आवेदन में बताया गया है की नौबतपुर के बलियांवन गांव के तीन लोगों में श्याम सुंदर पासवान, मदन पासवान और रामनिवास पासवान अचानक घर पर आए और लोहे की खंती से बिना कुछ कहे मारने पीटने शुरू कर दिए हैं और तब तक मरते हैं जब तक बेहोश ना हो जाए, वही मेरे बचाने आए पति बुधन पासवान को भी लोग जख्मी कर दिए हैं, जिसका इलाज अस्पताल मे चल रहा। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अलका रानी पति सुंदर कुमार के द्वारा दिए गए आवेदन में कंचन पासवान चांदनी देवी बुधन पासवान एक अन्य लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई है इसके अलावा पीड़ित अलका रानी ने यह भी आरोप लगाया है कि पेट में 8 महीने का बच्चा था जिसे लात मार कर जान से मारने की कोशिश की है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## दो नाबालिग निरुद्ध

**भगवानपुर।** थाना क्षेत्र के चेरिया मैसहा बांध पर पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल के साथ दो गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, नौला पिकेट प्रभारी अकरम खान के नेतृत्व में पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी की गई।

# दहेज हत्या मामले में फरार अभियुक्त के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज थाना क्षेत्र के बेला गांव में दहेज हत्या के मामले में पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है। दहेज हत्या कांड संख्या 279/2025 में नामजद अभियुक्त एतवरीया देवी, पति स्वर्गीय शिवजी यादव, के घर पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अभियुक्त के फरार रहने के कारण न्यायालय के आदेश पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे भी विधि-सम्मत कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से इलाके में कानून का डर बना है और लोगों में यह संदेश गया है कि अपराधियों को किसी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# मकर संक्रांति पर छोटन ओझा मवेशी सह फर्नीचर मेला का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज (पटना)।** सीगोड़ी थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी तट स्थित समदा गांव में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले ऐतिहासिक छोटन ओझा मवेशी सह फर्नीचर मेला का रविवार को शुभारंभ हुआ। मेले का उद्घाटन पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ, मुख्य अतिथि दीनानाथ सिंह यादव, चंद्रसेन कुमार वर्मा (पूर्व मुखिया) एवं मेला मालिक विश्व रंजन ओझा ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जरखा पंचायत के सरपंच बृजमोहन प्रसाद ने की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह मेला कभी सोनपुर पशु मेले के बाद एशिया का दूसरा सबसे बड़ा मवेशी मेला माना जाता था। समय के साथ इसका स्वरूप छोटा हुआ है, लेकिन आज भी इसका महत्व बना हुआ है। अब यह मेला मवेशियों के साथ-साथ लकड़ी और फर्नीचर के बड़े बाजार के रूप में जाना जाता है, जहां पलंग, कुर्सी, टेबल, सोफा सहित विभिन्न फर्नीचर सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। जानकारी के अनुसार, समदा मेले की शुरुआत वर्ष 1930 में ब्रिटिश काल के दौरान हुई थी। पहले यह मेला 52 एकड़ में लगता था, जो अब घटकर लगभग 22 एकड़ रह गया है। पशुओं की संख्या कम होने के कारण यह मेला धीरे-धीरे फर्नीचर मेले के रूप में विकसित हो गया है। यह मेला पालीगंज और आसपास के पिछड़े ग्रामीण इलाकों के गरीब और मजदूर वर्ग के लिए काफी उपयोगी साबित हो रहा है। सस्ते फर्नीचर मिलने के कारण जहानाबाद, अरवल सहित कई जिलों से लोग यहां खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।

# मसौढ़ी पुरानी बाजार स्थित शनि देव मंदिर परिसर में बनेगा तीन मंजिला मार्केट कॉम्प्लेक्स

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** नगर परिषद प्रशासन की ओर से इस नए साल में दुकानदारों को नई दुकानों को सौगात देने जा रही है। दरअसल पुरानी बाजार स्थित शनि देव मंदिर के परिसर आसपास जर्जर अवस्था में बनी हुई सभी आधारभूत संरचना को तोड़कर हटाया जाना है और वहां नए सिरे से तीन मंजिला दुकान बनाए जायेगें। जिसमें तकरीबन 40 दुकानें बनेंगी। इसको लेकर नगर परिषद कार्यालय की ओर से चार सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो वर्तमान भूमि संरचना का स्थल निरीक्षण कर सात दिनों के अंदर रिपोर्ट सबमिट करेंगे, गठित टीम में सहायक वास्तुविद वसीम खान, सहायक नगर योजना पर्यवेक्षक श्वेता सिन्हा, कनिय अभियंता मोहित कुमार के अलावा रामाधार कुमार यादव अमीन शामिल है। कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने बताया की नगर परिषद बोर्ड में इस योजना का चयन कर लिया गया है और जल्द ही इस पर अमलीजामा पहनाया जाएगा। ऐसे में उक्त स्थल पर अवस्थित विभिन्न संरचना का निरीक्षण किया जा रहा है और बहुत जल्द उसमें कार्य की शुरुआत की जाएगी।

# कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा संपन्न कराने के लिए मदरसा प्रशासन दृढ़ संकल्पित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** बिहार स्टेट मदरसा एजूकेशन बोर्ड पटना के तहत वस्तानियां (समकक्ष अष्टम वर्ग) की बोर्ड परीक्षा (एवुलेशन) जिले भर के सभी सरकारी मदरसों में कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण रूप से जारी है। इस बाबत मदरसा ग़ैयारी के हेड मौलवी मौलाना मुसव्वीर साहब ने बताया कि हमारे यहां कुल 270 परीक्षार्थी शामिल हुए, जहां मदरसा हाजा के सभी विक्षक परीक्षा को लेकर काफी सक्रिय दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि बुधवार को प्रथम पाली में गणित और दूसरी पाली में साइंस विषय की परीक्षा ली गई।

इसी तरह अररिया प्रखंड अंतर्गत मदरसा आलिया मिफ्ताहुल उलूम बुधेश्वरी रामपुर में भी वस्तानिया परीक्षा शांतपूर्ण माहौल में जारी है। मदरसा आलिया मिफ्ताहुल उलूम बुधेश्वरी रामपुर के हेड मौलवी मौलाना अकबर सादिक साहब ने बताया कि हमारे मदरसा में कुल 160 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दिए। यहां भी शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा जारी है। इसी तरह मदरसा इस्लामिया बोची के हेड मौलवी मो ग़ालिब हुसैन ने बताया कि हमारे यहां के मदरसा में कुल 391 बच्चों ने परीक्षा में शामिल हो कर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से दिए। वहीं मदरसा मिन्हाजुल अरबिया के हेड मास्टर मो खालिद इकबाल ने बताया कि कुल 42 बच्चों ने परीक्षा में शामिल होकर शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा दे रहे हैं । शिक्षकों सह विक्षकों में यथा मो राशिद इकबाल, तरन्नुम नाज, फरहा नाज, रूमा नाज, बीबी खुशबू आदि कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन में सक्रिय रहे। मदरसा लिलबनात आज़ाद नगर अररिया, मदरसा डोरिया में भी शांतिपूर्ण माहौल में भी परीक्षा जारी है। कुल मिलाकर जिले के सभी सरकारी मदरसों में परीक्षा कदाचार मुक्त माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। वहीं मदरसा के हेड मौलवी मौलाना मुसव्वीर साहब ने बताया कि आज वास्तानिया की परीक्षा का अंतिम दिन है। आज सभी सरकारी मदरसे में वस्तानिया परीक्षा संपन्न हो जाएगी।

# मसौढ़ी में खेलों के माध्यम से चला नव चेतना अभियान, लैंगिक समानता का दिया गया संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** लैंगिक एकीकरण कार्यक्रमों के तहत लैंगिक एवं आर्थिक समानता को बढ़ावा देने तथा लिंग आधारित हिंसा की रोकथाम के उद्देश्य से नई चेतना अभियान का आयोजन बुधवार को मसौढ़ी प्रखंड अंतर्गत तीनेरी गांव के स्टेडियम में किया गया। यह कार्यक्रम जीविका के कर्मियों द्वारा विभिन्न खेल गतिविधियों के माध्यम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से प्रतिभागियों एवं उपस्थित लोगों को लैंगिक समानता, आपसी सम्मान एवं हिंसा के विरुद्ध जागरूक किया गया। इस आयोजन में जिले के कर्मियों के साथ-साथ पटना जिले के सभी प्रखंडों से एक-एक जीविका कर्मी ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व जीविका पटना जिला के हेड जिला परियोजना प्रबंधक मुकेश शास्मल एवं मेजबान मसौढ़ी प्रखंड से प्रखंड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी ने किया। इस अवसर पर जिला स्तर से सामाजिक विकास अधिकारी एवं योजना के नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार तथा प्रखंड स्तर से जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय समन्वयक श्वेता कुमारी, जयप्रकाश शर्मा डेजी कुमारी, लेखपाल प्रियंका रानी, श्लोक कुमार आशा कुमारी, आतीम मीना, बबली अंजू, आनंद सहित कई जीविका कर्मियों की सक्रिय सहभागिता रही। वक्ताओं ने कहा कि खेल जैसे माध्यमों से सामाजिक संदेशों को जनसमुदाय तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जा सकता है तथा नई चेतना अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# ग्रामीण आवास कर्मियों को छह माह से मानदेय नहीं, भुखमरी की स्थिति, सरकारी उपेक्षा का भी आरोप

### नियमित वेतन भुगतान करने एवं नजदीकी प्रखंडों में पदस्थापना की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढी अनुमंडल समेत पटना जिले के सभी प्रखंडों में ग्रामीण आवास योजना के कर्मचारियों को छह महीने से मानदेय नहीं मिला है। जिससे उनके व आश्रितों के समक्ष भुखमरी की नौबत आ गई है। कुछ प्रखंडों में कर्मी समस्या से ग्रस्त इस्तीफा दे रहे हैं। राज्य ग्रामीण आवास कर्मचारी संघ की ओर से बताया कि ग्रामीण आवास सहायक, प्रखंड लेखापाल, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक ने लगातार सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अलाव चुनाव, बाढ़ राहत समेत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों का 11 वर्षों से लगातार संचालन करते आ रहे है। फिर भी वे सरकारी स्तर से उपेक्षित हैं।सभी कर्मचारियों ने उपेक्षा को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रखंड में काम करने वाले

## आंदोलन की दी गई चेतावनी

आवास सहायक कर्मियों का 6 महीने से लंबित मानदेय पर पहल करने के बजाए प्रखंड स्तर के पदाधिकारी उन पर टारगेट को पूरा करने का लगातार दबाव दे रहे हैं, यहां तक कि उन पर स्पष्टीकरण भी कर रहे है। राज्य ग्रामीण आवास संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि यदि लंबित वेतन का तत्काल भुगतान और नजदीकी प्रखंडों में पदस्थापना नहीं हुई, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पिछले 11 वर्षों से सेवा दे रहे हैं। कर्मियों को रोज 60 से 70 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। संघ ने प्रशासन से मानदेय में वृद्धि और नियमित भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

**कारोबारी गिरफ्तार : वीरपुर।** वीरपुर पूर्वी वार्ड संख्या 6 गांव निवासी विकास यादव उर्फ राम विकास यादव को वीरपुर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए बेगुसराय न्यायालय भेज दिया।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-30-2025-26, दिनांक: 07.01.2026,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण, सियालदह, पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, प्रथम तल, डीआरएम कार्यालय, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएलडी-300-डब्ल्यूसी-30-2025-26, कार्य का नाम:** "सियालदह मंडल की सियालदह-नैहाटी शाखा में बिधाननगर रोड और दमदम जंक्शन स्टेशनों के बीच ब्रिज नं. 15 की रि-गर्डरिंग" के संबंध में 25 केवी ओएचई और संबंधित विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 71,36,248.30, **बयाना राशि:** रु. 1,42,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **अंतिम तिथि :** 03.02.2026 को 15.00 बजे। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है

SDAH-354/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# सूर्य उपासना से जुड़ा पर्व है मकर संक्रांति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में दाउदनगर के काली स्थान, सोन तट पर मकर संक्रांति महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। महोत्सव का उद्घाटन काराकाट सांसद राजाराम सिंह एवं ओबरा विधायक प्रकाश चंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार गीत के सस्वर गायन के साथ किया गया। तत्पश्चात राजाराम सिंह, प्रकाश चंद्र, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी तथा अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत महोत्सव का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा सांसद, विधायक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों को पौधा एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। महोत्सव के दौरान कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए मेहंदी प्रतियोगिता, रस्साकशी, पतंगबाजी, बैलून प्रतियोगिता सहित अन्य खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त पारंपरिक दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का भी सफल आयोजन किया गया। साथ ही जिले की प्रसिद्ध लोकगायिका सृष्टि लक्ष्मी, तान्या मौआर एवं अन्य कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। सांसद राजाराम सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित जनसमूह को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सूर्य उपासना से जुड़ा एक प्राचीन एवं वैज्ञानिक महत्व का पर्व है। उन्होंने ऋग्वेद में वर्णित सूर्य, इंद्र, अग्नि एवं वरुण देवताओं की पूजा का उल्लेख करते हुए कहा कि सृष्टि के आरंभ से ही मानव ने प्रकृति के कल्याणकारी तत्वों की आराधना की है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एवं छठ पर्व सूर्य से जुड़ी हमारी सांस्कृतिक आस्था का प्रतीक है। उन्होंने इस परंपरागत मेले को महोत्सव के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार के निर्णय की सराहना करते हुए इसे संस्कृति संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। विधायक प्रकाश चंद्र ने कहा कि दाउदनगर क्षेत्र की कला, संस्कृति एवं परंपराएं प्राचीन काल से ही समृद्ध रही हैं। उन्होंने दाउदनगर के प्रसिद्ध पीतल उद्योग एवं जीउतिया पर्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह क्षेत्र सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सोन नदी के तट पर लगने वाला यह मेला बचपन की स्मृतियों से जुड़ा है, जो अब जिला प्रशासन के सहयोग से भव्य महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, दाउदनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# शहर का पहला पार्क जनता को समर्पित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दाउदनगर।** शहर के वार्ड 11 कांदुराम की गढ़ही में नगर परिषद द्वारा बनवाये गये पार्क का उद्घाटन मकर संक्रांति के अवसर पर किया गया। ओबरा विधायक डॉ प्रकाश चंद्र, एडीएम अनुग्रह नारायण सिंह, मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बाल उद्यान पार्क का उद्घाटन किया। मौके पर सीओ शैलेंद्र कुमार यादव, नप के इओ ऋषिकेश अवस्थी भी मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ प्रकाश चंद्र ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व में इससे और बेहतर क्या हो सकता है कि शहर का पहला पार्क जनता को समर्पित किया गया है। उन्होंने नगर पर्षद को इसे और बेहतर बनाने के लिए इसमें घास और बड़े खूबसूरत पौधे लगाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नगर पर्षद क्षेत्र में जमीन चिह्नित कर स्टेडियम या क्रीड़ा स्थल बनाया जाये जिससे लोगों में सकारात्मक विचारों का विकास होगा। मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी ने कहा कि एक और पार्क का उद्घाटन अप्रैल में कराने का भी प्रयास करेंगे। सभी के योगदान से पार्क का निर्माण हुआ है। उन्होंने कहा कि वे चहुंमुखी विकास का लगातार प्रयास कर रहे हैं। दो तालाब का शीघ्र निर्माण होगा, जिसे पार्क का स्वरूप दिया जायेगा। समारोह में एसडीओ अमित राजन भी पहुंचे। भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम पाठक, वार्ड पार्षद डॉ केदारनाथ सिंह, चिंटु मिश्रा के अलावे सत्येंद्र कुमार, ओमप्रकाश व अन्य ने संबोधित किया। संचालन संदीप कुमार तांती ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा जख्मी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद-पचरुखिया मुख्य पथ पर उनथू गांव के समीप डिहवार स्थान दो बाइकों के आमने-सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार 23 वर्षीय एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। मृतक की पहचान झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत हंटरगंज थाना क्षेत्र के नागर गांव निवासी स्व. बलराम प्रसाद के पुत्र आशीष विद्यार्थी के रूप में हुई है। दुर्घटना में जख्मी युवक की पहचान नहीं हो सकी है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि गया-पंडित दीनदयाल मुख्य रेलखंड के फ़ेसर रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे विभाग का कार्य चल रहा है। पता चला कि उसका लेन बढ़ाया जा रहा है जिसमे रेल पटरी व गिट्टी भराई का कार्य चल रहा है जिसमें आशीष विद्यार्थी ठेकेदार के साथ रहकर कार्य करता था। मकर संक्रांति के अवसर पर उसे घर जाना था। हालांकि घर जाने के पहले आशीष ने अपनी मां से फोन पर बात किया था और कुछ देर बाद घर पहुंचने की बात कही थी। इस क्रम में जैसे ही वह उन्थू गांव स्थित डिहवार स्थान के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गया। टक्कर इतनी भयावह थी कि आशीष बाइक से टकराने के बाद डिहवार स्थान के दीवार से टकरा गया। इस घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और अफरा-तफरी की स्थिति रही। उसी रास्ते गुजर रहे जब रेलवे में काम कर रहे मजदूरों की नजर जख्मी आशीष पर पड़ी तो उसे उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पता चला कि घटना में गंभीर रूप से जख्मी दूसरा बाइक सवार युवक को सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। वैसे उसकी पहचान नही हो सकी है। सदर अस्पताल में आशीष की मौत के बाद कर्मियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जरूरी प्रक्रिया के उपरांत शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

# विभिन्न मामलों में 46 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। इस क्रम में बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 46 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या का प्रयास एवं शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करना, नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गइ। इस दौरान आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 23 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। हत्या प्रयास के शीर्ष में 2, पोक्सो में एक, शराब कांड में 10 एवं अन्य शीर्ष कांड में 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 617.90 लीटर देसी, 38.20 विदेशी शराब 3 बाइक एवं एक ऑटो जब्त किया गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 159240 रुपये बरामद किया गया है। वहीं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 995 वाहनों की जांच की गई जिसमें 81500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के अनुसार अपराधियों के लिए स्पष्ट संदेश है कि कानून से ऊपर कोई नहीं। जन सुरक्षा, पारदर्शिता और त्वरित कार्रवाई के संकल्प के साथ पुलिस पूरी प्रतिबद्धता से जिले को सुरक्षित बनाए रखने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके।

बिहार सरकार
बिहार सरकार
उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग

**मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन योजना (2025–26)**

| क्र० सं | अवयव | इकाई लागत | अनुदान | लक्षित जिला |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मधुमक्खी कॉलोनी | ₹ 4,000 / कॉलोनी | 50% | सभी जिले |
| 2. | मधुमक्खी छत्ता | ₹ 2,000 / कॉलोनी | | |
| 3. | मधु निष्कासन यंत्र एवं फूड ग्रेड कंटेनर | ₹ 20,000 / सेट | | |

★ लाभुकों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

योजना का लाभ लेने के लिए मधुमक्खी पालन में प्रशिक्षित किसान विभागीय वेबसाइट https://horticulture.bihar.gov.in पर उपलब्ध "मधुमक्खी पालन एवं मधु उत्पादन कार्यक्रम" के लिए आवेदन करें।

विशेष जानकारी के लिए संबंधित जिला उद्यान पदाधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

निदेशक उद्यान, बिहार

PR No.- 021493 (Agriculture)D. 2025-26

# आज रफीगंज में जनता दरबार में नागरिकों की फरियाद सुनेंगे एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** रफीगंज थाना परिसर में बुधवार यानी आज पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा जिसमें थाना क्षेत्र से जुड़े समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस बात की जानकारी देते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह रफीगंज थाना अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि जनता दरबार अपराह्न 3 बजे से शुरू होगा। पुलिस अधीक्षक स्वयं रफीगंज थाना क्षेत्र के नागरिकों की व्यक्तिगत शिकायतों को सुनेंगे और मौके पर ही उनका निवारण करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने रफीगंज क्षेत्र के सभी निवासियों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं, शिकायतों और सुझावों के साथ गुरुवार को अपराह्न 3 बजे रफीगंज थाना परिसर में जनता दरबार में उपस्थित हों। उन्होंने आश्वासन दिया कि एसपी अंबरीष राहुल द्वारा उनकी समस्याओं का तत्काल और उचित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इस जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य पुलिस और जनता के बीच संवाद को बढ़ाना है, ताकि लोगों की समस्याओं को सीधे सुना जा सके और उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। यह पहल पुलिस प्रशासन को और अधिक जवाबदेह और जनता के प्रति संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। एसपी अंबरीष राहुल का यह कदम निश्चित रूप से रफीगंज क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आएगा और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

## चोरी की स्कॉर्पियो के साथ युवक गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मदनपुर पुलिस ने कार्रवाई के फलस्वरूप मंगलवार की शाम चोरी का एक स्कॉर्पियो बरामद किया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के देव-टंडवा सड़क पर की गई। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि संदिग्ध रूप से एक स्कॉर्पियो उस मार्ग में खड़ी है। स्कार्पियो हजारीबाग की है। सूचना के आधार पर कार्रवाई के फलस्वरूप चालक से पूछताछ की गई जिसमें युवक ने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। तत्पश्चात युवक को थाना लाया गया। आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया।

## बिजली चोरी मामले में चार के खिलाफ प्राथमिकी

**मदनपुर(नबिटा संवाददाता)।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मदनपुर थाना क्षेत्र में घोड़ाडिहरी पंचायत के बेलवां में विद्युत विभाग द्वारा छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़े जाने पर चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। छापेमारी दल का नेतृत्व विद्युत सहायक अभियंता देव शिवरतन लाल ने किया। दल में विद्युत कनीय अभियंता राकेश कुमार राम, सुबोध कुमार सिंह, चितरंजन कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार बेलदार, दिनेश कुमार यादव शामिल थे। विद्युत उर्ज़ा चोरी करते पकड़े गए लोगों में बेलवां निवासी मदन यादव का बिजली बिल बकाया रहने कनेक्शन काट दिया गया था। वावजूद वे चोरी से विद्युत इस्तेमाल कर रहे थे। मामले में उनके खिलाफ़ 12057 रूपये जुर्माना लगाया गया है। इसी तरह उसी गांव के रामजी मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पकड़े गए जिसके कारण जिन पर 1296 रूपये, राकेश कुमार सिंह पर 9926 रूपये एवं बीरेंद्र सिंह पर 6896 रूपये जुर्माना लगाया गया है। जेई राकेश कुमार राम ने बताया कि विद्युत चोरी पर रोकथाम लगाने के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने चेताया कि समय से बिजली का बिल जमा करें। विद्युत का प्रयोग मीटर के माध्यम से ही करें। बकाया विद्युत बिल समय से जमा करें। बिजली चोरी नहीं करें। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि विद्युत अधिनियम एवं अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

गन्ना उद्योग विभाग
बिहार सरकार
बिहार सरकार

**बिहार राज्य गुड़ उद्योग प्रोत्साहन कार्यक्रम (2025-26)**

गुड़ उत्पादन इकाइयों के लिए किसानों/निवेशकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

गन्ना किसानों/निवेशकों द्वारा गुड़ इकाई की स्थापना पर राज्य सरकार द्वारा 05–20 टन, 21–40 टन, 41–60 टन तथा 60 टन से अधिक प्रतिदिन पेराई क्षमता वाली इकाइयों को उनकी पूंजी लागत का 50% (क्रमशः अधिकतम ₹6 लाख, ₹15 लाख, ₹45 लाख एवं ₹ 1 करोड़) तक अनुदान का प्रावधान है।

आवेदन हेतु ccs.bihar.gov.in पर जाएं।

अष्टम चरण
अंतिम तिथि: 25 जनवरी 2026

0612- 2215788 | 09:30AM - 06:00PM (सभी कार्य दिवस)

अधिक जानकारी हेतु अपने जिले के संबंधित सहायक निदेशक, ईख विकास / ईख पदाधिकारी से संपर्क करें।

PR No. 021879 (Sugarcane)D. 2025-26